Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



खेल

**केएल राहुल लोगों की उपेक्षा कहीं बेहतर खिलाड़ी है : मूडी**

देश

**मैंने 2019 में भाजपा को सत्ता में आने से रोका इसलिए ईडी ने मुझे गिरफ्तार किया...**



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • मंगलवार • 20 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 158 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 95,510 | ₹ 98,000 |



## आज का इतिहास

1965 : कमांडर एम.एस. कोहली के नेतृत्व में पहला भारतीय दल माउंट एवरेस्ट सम्मेलन में पहुँचा।

2012 : उत्तरी इटली में दो बड़े भूकंपों में से पहला, सात मौतें हुईं।

## न्यूज बाइट्स

### जीईएम से लालफीताशाही खत्म, बचत भी सुनिश्चित : पीएम नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकारी ई मार्केट प्लेस, जीईएम लालफीताशाही को खत्म कर वंचित लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है जिससे उन्हें बचत भी हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का जीईएम पर लिखा गया एक लेख साझा किया है। श्री मोदी ने इस पोस्ट में लिखा है , " सरकार के पारदर्शी शासन के प्रयासों को डिजिटल बढ़ावा मिला है। जीईएम इंडिया हाशिए पर पड़े लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, लालफीताशाही को खत्म कर रहा है और भारी बचत सुनिश्चित कर रहा है।" उन्होंने कहा है कि श्री गोयल ने इस विषय पर पूरी जानकारी देने वाला ज्ञानवर्धक लेख लिखा है।

### विकसित भारत के लिए जरूरी है, विकसित कृषि : शिवराज सिंह

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित कृषि, विकसित खेती और समृद्ध किसान जरूरी है। श्री चौहान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देशव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' 29 मई से अभियान आरंभ होगा और 12 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लैब टू लैंड' के संकल्प के अनुसार शोध और तकनीक के लाभ देशभर के किसानों तक पहुंचाये जाएंगे। यह अभियान खरीफ और रबी दोनों फसलों की बुआई से पहले हर साल चलेगा। इस वर्ष 2,170 दल देशभर में 65 हजार से अधिक गांवों में किसानों से सीधा संवाद करेंगे।

### हमारा देश कोई धर्मशाला नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (ए.)।** शरणार्थियों कें मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक की भारत में शरणार्थी के तौर पर रहने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां दुनिया भर से शरणार्थियों को रखा जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ एक श्रीलंकाई नागरिक की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता को 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) से जुड़े होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। 2018 में एक ट्रायल कोर्ट ने उसे गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया और उसे 10 साल जेल की सज़ा सुनाई।

---

किसानों के लिए एक ही छत के नीचे मिलेगा सभी सुविधाएं

# सीएम ने कृषि विभाग के कई योजनाओं का किया शिलान्यास, लोकार्पण एवं शुभारंभ

### प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र, 'बिहार कृषि' मोबाइल ऐप का भी किया लोकार्पण

- किसानों को सभी योजनाओं और तकनीकी जानकारी अब मोबाइल ऐप से मिलेगी।
- ऐप में किसान पासबुक, पौधा संरक्षण, मिट्टी जांच, मौसम, बाजार भाव जैसी जानकारी उपलब्ध।





**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मीठापुर स्थित कृषि भवन में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही कृषि विभाग की कई योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण और शुभारंभ किया। बता दें कि, इस अवसर पर चौथे कृषि रोड मैप के तहत कृषि को लाभकारी बनाने के लिए राज्य में बागवानी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार लोक सेवा आयोग से अनुशंसित 315 प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गयी है।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर 55.26 करोड़ रुपये लागत की 62 अनुमंडल स्तरीय कृषि भवनों का शिलान्यास किया। इसके निर्माण से अनुमंडल स्तर पर कृषि से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध हो जाएगी। इस भवन में किसानों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से सभी कृषि संबंधी सेवाएं, योजनाएं, तकनीकी सलाह और सरकारी सहायता एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। साथ ही यह भवन किसानों और सरकार के बीच बेहतर संवाद का माध्यम बनेगा, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी होगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कृषि विभाग द्वारा राज्य के किसानों को कृषि विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 'बिहार कृषि' मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से कृषि संबंधी सभी जानकारी- किसान पास बुक, पौधा संरक्षण, फसलों के बाजार मूल्य, मिट्टी की जांच, मौसम की जानकारी एवं विभाग से संबंधित सभी नई जानकारी किसानों को उपलब्ध होगी।

इसके साथ ही कृषि भवन परिसर से मुख्यमंत्री ने खरीफ महाभियान-2025 का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने खरीफ महाभियान-2025 से संबंधित 20 प्रचार वाहन तथा बीज वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिलों के लिए रवाना किया। यह प्रचार वाहन के तहत किसानों को खरीफ मौसम से संबंधित सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया जाएगा। इन वाहनों से ऑडियो/वीडियो माध्यम के द्वारा किसानों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने आधुनिक तकनीक से सुसज्जित एलईडी प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर किसानों को खेती से संबंधित नवीनतम जानकारियां, योजनाएं और तकनीकी मार्गदर्शन देगा। इस तरह से बड़ी सौगात सीएम नीतीश कुमार की ओर से दी गई।

#### कृषि भवन के विभिन्न भागों का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने कृषि भवन के विभिन्न भागों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि कॉल सेंटर जाकर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री कृषि भवन की छत पर भी गए और वहां से पूरे परिसर को देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि, छत पर सोलर प्लेट लगाएं जिससे सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा और कृषि भवन की जरूरतें पूरी होंगी। कृषि भवन परिसर को व्यवस्थित, साफ-सुथरा एवं पर्यावरण के दृष्टिकोण से अनुकूल बनाए रखें। उन्होंने कहा कि, हमलोग शुरू से किसानों के हित में काम कर रहे हैं। चार कृषि रोड मैप बनाए गए हैं जिससे फसलों की उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमलोगों का उद्देश्य है कि, कृषि के क्षेत्र में भी राज्य की तरक्की हो और किसान समृद्ध बने। कृषि क्षेत्र को लाभकारी बनाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

---

साइबर अपराधियों पर गिरेगी डिजिटल गाज, लॉन्च हुआ 'ई-जीरो एफआईआर'

# साइबर अपराधों पर लगाम कसने को लेकर अमित शाह ने शुरू की 'ई-जीरो एफआईआर' की नई पहल

- वित्तीय अपराध की शिकायत इस हेल्पलाइन पर की जा सकती है, जो स्वतः एफआईआर में बदल जाएगी।
- एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद पुलिस और एजेंसियां कार्रवाई कर सकेंगी, जिससे अपराधियों को पकड़ना आसान होगा।



**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम कसने और जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक नई डिजिटल पहल की शुरुआत की है। उन्होंने सोमवार को जानकारी दी कि 'ई-जीरो एफआईआर' नामक एक अत्याधुनिक प्रणाली लागू की गई है, जिसका उद्देश्य साइबर ठगों को तेजी से पकड़ना और आर्थिक नुकसान पहुंचाने वालों पर तुरंत कार्रवाई करना है। यह नई प्रणाली फिलहाल राजधानी दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है, लेकिन अमित शाह ने कहा कि इसे जल्द ही देशभर में लागू किया जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस पहल के तहत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों की शिकायत स्वतः एफआईआर में तब्दील हो जाएगी। प्रारंभ में यह व्यवस्था 10 लाख रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी के मामलों में लागू की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि पीड़ित व्यक्ति जैसे ही शिकायत करे, पुलिस त्वरित कार्रवाई शुरू कर सके और अपराधियों को जल्द पकड़ सके। अमित शाह ने बताया कि इस पहल से एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया बेहद आसान हो जाएगी। इससे पुलिस और जांच एजेंसियां समय गंवाए बिना अपराधियों की गिरफ्तारी, साक्ष्य एकत्रीकरण और जांच प्रक्रिया में जुट जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली जांच में तेजी लाने और साइबर अपराधियों को पकड़ने में अहम भूमिका निभाएगी।

गृह मंत्री ने कहा, 'मोदी सरकार साइबर-सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ई-जीरो एफआईआर इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। साइबर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत कर देश को डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाया जा रहा है।'

#### दिल्ली से हुई शुरुआत

इस नई प्रणाली की शुरुआत दिल्ली से की गई है। गृह मंत्रालय द्वारा स्थापित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने इसे विकसित किया है। आई4सी का उद्देश्य है देशभर की जांच एजेंसियों और पुलिस को साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा और सेंटरलाइज्ड सिस्टम देना। आई4सी को नोडल एजेंसी के रूप में तैयार किया गया है, जो राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करके साइबर अपराध के विरुद्ध एकजुट लड़ाई लड़ रही है। इस डिजिटल पहल से देश को साइबर ठगों से बचाने और डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक नया रास्ता खुलता है। आने वाले समय में यह प्रणाली आम जनता के लिए बड़ी राहत और सुरक्षा की गारंटी बन सकती है।

#### जानें क्या है ई जीरो एफआईआर

अमित शाह ने बताया कि यह सिस्टम आने वाले समय में पूरे देश में लागू किया जाएगा, जिससे साइबर अपराधों पर लगाम लगाई जा सकेगी और पीड़ितों को जल्दी न्याय मिल सकेगा। बता दें कि गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अपराधियों को तेजी से पकड़ने के लिए एक नई पहल शुरू की है, जिसका नाम है ई-जीरो एफआईआर। यह व्यवस्था दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की गई है। इसके तहत, अगर किसी ने साइबर धोखाधड़ी की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर की है, और धोखाधड़ी की रकम 10 लाख रुपये से ज्यादा है, तो वह शिकायत अपने आप एफआईआर में बदल जाएगी।

---

## सूबे में 1522 स्टार्टअप है निबंधित 62.50 करोड़ रुपये किए गए वितरित

**निज संवाददाता | पटना**

सूबे में अबतक 1522 स्टार्टअप निबंधित हो चुके हैं। इसके तहत 62 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है, इसमें महिला उद्यमियों के अलावा अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के उद्यमियों की संख्या भी काफी है। कुछ स्टार्ट-अप को अतिरिक्त सहायता भी दी गई है, इसमें 13 लाख 30 हजार रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा चुकी है। उद्योग विभाग के अनुसार सूबे में तेजी से स्टार्टअप की संख्या बढ़ने की वजह से बिहार की कृषि प्रधान राज्य की छवि से हटकर नवाचार और उद्यमिता के नए कलेवर वाली छवि भी बनती जा रही है। ग्रामीण इलाकों में भी स्टार्ट अप की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उद्योग विभाग की इस योजना की वजह से युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहन मिला है। दरअसल, बिहार स्टार्टअप नीति की शुरुआत 2017 में हुई थी, जिसका उद्देश्य राज्य में नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों को बढ़ावा देना है। बदलते उद्यमी परिदृश्य और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इसमें बदलाव किया और बिहार स्टार्ट-अप नीति 2022 लागू की। नई नीति अधिक समावेशी, प्रभावी और तेज क्रियान्वयन करने वाली है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा का कहना है कि स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तर पर प्रोत्साहन से लेकर सभी तरह के सहयोगात्मक कार्य किए जा रहे हैं।

## हिंदी के बदले उर्दू की सक्षमता देने वाले शिक्षकों के लिए जारी हुआ नया आदेश

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में पहली से पांचवीं कक्षा की सक्षमता परीक्षा में हिंदी के बदले उर्दू की परीक्षा देने वाले शिक्षकों का योगदान होगा। वहीं, छठी से आठवीं कक्षा के शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण पहली से पांचवीं कक्षा के नियोजित शिक्षकों के योगदान पर तत्काल प्रभाव से रोक हटा ली गई है। इससे ऐसे शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है। इससे संबंधित दो अलग-अलग आदेश प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला के हस्ताक्षर से सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारयों को जारी किया गया। इसके मुताबिक, पहली से पांचवीं कक्षा के उर्दू अथवा सामान्य विषय के नियोजित शिक्षक, जो सामान्य अथवा उर्दू विषय में सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत, कई घायल

**निज संवाददाता | रांची**



झारखंड के कई हिस्सों में सोमवार को भी लोगों को गर्मी से राहत मिली। दोपहर बादल छाने से दिन का तापमान कम रहा। वहीं, कई जगहों पर हल्की बारिश भी हुई। इधर, गढ़वा और हजारीबाग में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, वज्रपात से गिरिडीह में तीन महिला और एक बच्चा घायल हो गए। आकाशीय बिजली गिरने से गढ़वा के मेराल थाना क्षेत्र में विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन का 18 वर्षीय बेटा तरुण कुमार देव, 65 वर्षीय शंभू बैठा और रेजो गांव के 35 वर्षीय धर्मेंद्र राम की जान चली गई। वहीं, हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के लुपुंग पंचायत स्थित असधीर गांव में वज्रपात से एक राजू कुमार यादव (23) की मौत हो गई। इधर, गिरिडीह के बगोदर स्थित मुंडरो गांव में आकाशीय बिजली गिरने सोनम देवी ( 23), मोहिनी देवी (35), संगीता देवी (25), रोहित कुमार (12) जख्मी हो गए। मौसम पूर्वानुमान का असर रविवार को राजधानी रांची सहित राज्य के अलग-अलग जिलों में देखने को मिला। रविवार सुबह से भीषण उमस वाली गर्मी सता रही थी। दोपहर बाद मौसम के करवट बदली और राजधानी रांची में आंधी के साथ जम कर बारिश हुई। न केवल राजधानी रांची बल्कि रामगढ़, संथाल परगना के जिले, कोल्हान, हजारीबाग और कोडरमा में भी बारिश हुई।

प्रदेश के 20 जिलों में आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश और वज्रपात भी हुआ। लोगों को तपती गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। रांची में करीब 60 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा से भारी नुकसान हुआ। शहर से लेकर आसपास के क्षेत्रों में 20 से अधिक जगहों पर विशाल पेड़ गिर गए। बिजली के पोल हवा में लहराते हुए जमीन पर बिखर गए। मौसम विभाग के आंकड़े के मुताबिक रविवार को रामगढ़ में सबसे अधिक 28.5 एमएम बारिश हुई।

## 'हर घर नल का जल' योजना में फर्जी दस्तावेज़ देने पर संवेदक पर बड़ी कार्रवाई, 10 वर्षों के लिए किया गया ब्लैकलिस्ट

**निज संवाददाता | पटना**



राज्य सरकार की बहुप्रचारित योजना 'हर घर नल का जल' निश्चय योजना के अंतर्गत गंभीर लापरवाही और फर्जी दस्तावेज़ों के उपयोग का मामला सामने आया है। इस मामले में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संवेदक (कॉन्ट्रैक्टर) को 10 वर्षों के लिए काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में दर्ज करने का आदेश जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त संवेदक ने गया और औरंगाबाद जिलों में आमंत्रित निविदाओं में भाग लिया था। लेकिन जांच के क्रम में यह स्पष्ट हुआ कि फर्म ने निविदा सूचना संख्या 13/2024-25 (गया जिला, ग्रुप संख्या 02 एवं 03) तथा निविदा सूचना संख्या 10/2024-25 (औरंगाबाद जिला, ग्रुप संख्या 02) में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। इसके अलावा, मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना के अंतर्गत पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित योजनाओं के मरम्मति एवं संधारण कार्यों में भी इस फर्म द्वारा लापरवाही बरती गई, जिससे इन योजनाओं के सतत क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। विभाग द्वारा कई बार फर्म को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, लेकिन वे संतोषजनक उत्तर देने में असफल रहे। इसके बाद विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए उक्त संवेदक की सूचीबद्धता संख्या 291220230722 को दस वर्षों के लिए काली सूची में डालने का निर्णय लिया। इस पूरे मामले को लेकर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, विभाग जलापूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनियमितता, धोखाधड़ी अथवा लापरवाही को कदापि स्वीकार नहीं करेगा। सभी संवेदकों को यह चेतावनी दी जाती है कि यदि वे गलत दस्तावेज़ प्रस्तुत करते हैं या कार्य में लापरवाही बरतते हैं, तो उनके विरुद्ध और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय से स्पष्ट हो गया है कि राज्य सरकार जल जीवन मिशन जैसी महत्त्वपूर्ण योजनाओं में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की जाएगी, ताकि जनता तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंच सके।

## बिहार में बनेंगे 22 हजार नए युवा आपदा मित्र बाढ़-सुखाड़ और भूकंप के समय करेंगे मदद

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में आपदा प्रबंधन कार्य को और प्रभावी बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य में 22 हजार नए युवा आपदा मित्र बनाए जाएंगे। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आपदा के समय स्थानीय प्रशासन इनकी मदद लेगा। ये बाढ़, सुखाड़, भूकंप, अगलगी, वज्रपात या अन्य आपदा के समय प्रशासन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम करेंगे। इससे राहत कार्य ज्यादा लोगों तक पहुंच पाएगा। वर्तमान में बिहार में 9500 से अधिक आपदा मित्र हैं। 22200 नए युवा आपदा मित्र तैयार होने के बाद राज्य में इनकी संख्या 32 हजार हो जाएगी। इसके लिए एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र और भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवक एवं कैडेट को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन्हें तीन साल का बीमा कवर भी दिया जाएगा। इनकी तैनाती होने पर स्थानीय जिला प्रशासन की ओर से इन्हें भत्ता भी दिया जाएगा। वर्तमान में 450 से 750 रुपये के बीच भत्ते का प्रावधान है। युवा आपदा मित्र राज्य के हरेक जिले में संवेदनशील स्थलों के आसपास के क्षेत्रों से होंगे।

बिहार के 29 जिले बाढ़ के दृष्टिकोण से संवेनदशील हैं, इसमें से 15 अतिसंवेदनशील हैं। दक्षिण बिहार के ज्यादा जिले सुखाड़ प्रभावित हैं। राज्य का 15.20 फीसदी क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील जोन 5 में आता है।

## केंद्रीय विद्यालय के शैक्षणिक गुणवत्ता में लाई जाएगी सुधार : आयुक्त

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में और सुधार किया जाएगा। इसके लिए योजना बनाई जाएगी। 10वीं और 12वीं की परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सोमवार को नेहरू पथ के शेखपुरा स्थित केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में ये बातें प्रमंडलीय आयुक्त मयंक वरवडे ने कही। आयुक्त ने कहा कि स्कूल के प्राचार्य ने शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर कई सराहनीय काम किये हैं। उनके द्वारा विद्यालय के विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के उत्तम प्रदर्शन के लिए हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

भारत सरकार की अनाज भंडारण योजना को सहकारिता विभाग से मिला बड़ा बल

## 1.12 लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता निर्माण को मिली स्वीकृति

**निज संवाददाता | पटना**

भारत सरकार की 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' के तहत देशभर में अनाज भंडारण क्षमता को बढ़ाने के लिए तेज़ी से काम किया जा रहा है। इस महात्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 50 मीट्रिक टन से लेकर 10,000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले गोदामों का निर्माण किया जाना है। सहकारिता विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने इस योजना की प्रगति की समीक्षा अपने कार्यालय में की और अब तक हुई उपलब्धियों पर संतोष जताया। इस योजना को विशेष रूप से सहकारी समितियों के लाभ के लिए शुरू किया गया है। सहकारिता विभाग ने इस उद्देश्य को लेकर एक सघन अभियान चलाया है, जिसमें प्रथम चरण में 75 सहकारी समितियों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 56 समितियों के प्रस्तावों को जिला सहकारिता विकास समिति से अनुमोदन मिल चुका है, जिनमें से 31 पैक्स समितियों ने सहमति-पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी कर लिए हैं।

इन प्रस्तावों के माध्यम से कुल 1.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक की भंडारण क्षमता का सृजन संभव हो सकेगा। खास बात यह है कि इन प्रस्तावों के तहत बिहार के कई जिलों में सहकारी समितियों द्वारा गोदाम निर्माण की दिशा में अहम पहल हुई है। औरंगाबाद में दो, नवादा में छह, पश्चिम चंपारण में चार, समस्तीपुर में तीन, सहरसा में दो, सारण में दस, सिवान में चार और सुपौल में एक गोदाम के लिए सहमति पत्र तैयार किए जा चुके हैं। अब तक स्वीकृत 25 प्रस्तावों के तहत कुल 99,000 मीट्रिक टन की भंडारण क्षमता के निर्माण के लिए अनुमानित 129.32 करोड़ रुपये की राशि तय की गई है। सहकारी समितियों को इस राशि का केवल 10 प्रतिशत ही निवेश करना होगा, जबकि शेष 90 प्रतिशत राशि उन्हें ऋण के रूप में दी जाएगी।

## 21 मई से छठे चरण में बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर छठे चरण में राज्य के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) का प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 मई से शुरू होगा। इस चरण में बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई तथा नालंदा के बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सोमवार को पांचवें चरण का बीएलए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। पांच चरणों में अब तक 764 बीएलए को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। निर्वाचन विभाग के अनुसार, बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के निर्देश पर राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के पांचवें चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। इसका आयोजन सरदार पटेल मार्ग स्थित जगजीवन राम संसदीय अध्ययन और राजनीतिक अनुसंधान संस्थान में किया गया। इस चरण में सीवान, सारण, भागलपुर एवं बांका के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के 158 बूथ लेवल एजेंट को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पांचवें चरण में विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में मतदाता सूची की मूलभूत जानकारी, मतदाता सूची का अद्यतन एवं संक्षिप्ति पुनरीक्षण प्रक्रिया, मतदाता सूची तैयार करने में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) की भूमिका एवं दायित्व की जानकारी दी गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सीबीएसई टॉपर्स का सम्मान मेडल देकर बढ़ाया हौसला

**मानपुर**| सिटी पब्लिक स्कूल सभागार में सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक सत्यदेव मेहता ने दीप जलाकर किया। उन्होंने विद्यालय के टॉपर छात्रों को मेडल देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, केवल मेहनत ही रास्ता है। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह और अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### राशि बंदरबांट पर पर्दा डालने के लिए ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर का निर्माण शुरू

**टिकारी**| जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा जिला के अस्पतालों में ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर के निर्माण में राशि की बंदरबांट के आरोप के बाद अस्पताल प्रशासन की नींद खुली। रविवार शाम अस्पताल प्रशासन द्वारा ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर के निर्माण को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया। जानकारी हो कि शनिवार को जिप अध्यक्ष नैना कुमारी व शीतल प्रसाद यादव द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया गया था कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति को जिला के प्रत्येक सीएचसी में 100 वर्गफीट का सेंटर बनाने का निर्देश जारी किया गया था। जिसके बाद राशि भी जारी हुई पर राशि का जिला स्वास्थ्य समिति के जिम्मेदार लोगों द्वारा बंदरबांट कर लिया गया।

### मुन्नालाल महेशलाल आर्य ज्वेलर्स लक्की ड्रा में ग्राहकों पर कर रहा है उपहारों का बौछार

**बिहारशरीफ**। शहर के चौक बाजार स्थित मुन्नालाल महेश लाल ज्वेलर्स प्रत्येक सप्ताह लक्की ड्रा के माध्यम से ग्राहकों पर उपहारों की बौछार कर रहा है। यहां सामान खरीदने वाले ग्राहकों को हर दिन उपहार जीतने का मौका दिया जा रहा है। हर रोज यहां से कोई भी सामान खरीदने पर ग्राहकों को कूपन दिया जाता है। इसी कूपन के आधार पर हुए लक्की ड्रा के भाग्यशाली विजेता को उपहार के रूप में स्मार्ट वाच दिया जा रहा है यह स्कीम बीते 30 अप्रैल से चल रहा है और पूरे एक साल तक चलेगा। रविवार को हुए द लक्की ड्रा में कुल 8 ग्राहकों को उपहार दिया गया। प्रतिष्ठान के निदेशक सुभाष कुमार ने बताया कि दैनिक ड्रा में 7 लोगों को स्मार्ट वाच और एक ग्राहक को साप्ताहिक ड्रा में मिक्सचर ग्राइंडर उपहार दिया गया। स्मार्ट वॉच जीतने वाले भाग्यशाली ग्राहकों में कल्याणपुर मुहल्ला निवासी मुस्कान कुमारी, मोहद्दीनगर निवासी अर्जुन प्रसाद, मंगला स्थान की शकुंतला कुमारी, नकटपुरा निवासी सागर कुमार, बिचली खंदक निवासी सुभाष कुमार, रहुई के राकेश कुमार एवं बाढ़ की नुसरत जहां शामिल है वहीं साप्ताहिक उपहार में मिक्सचर ग्राइंडर जीतने वाले हिलसा निवासी धर्मवीर कुमार शामिल हैं। निदेशक ने कहा कि यह लक्की ड्रा 30 लाख परिवार के अटूट विश्वास का परिणाम है। 138 सालों से ग्राहकों ने इस प्रतिष्ठान के प्रति जो विश्वास जताया है उसे निरंतर बनाए रखेंगे। ग्राहक किसी भी प्रतिष्ठान से सिर्फ सामान खरीदकर नहीं ले जाते हैं। ग्राहकों का एक विश्वास भी जुड़ा होता है। यह उपहार इसी विश्वास का प्रतिक है। उन्होंने कहा कि ज्वेलरी की खरीद पर पहले से दी जा रही विशेष छूट जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खरीदारी पर ग्राहकों को एक लकी ड्रा कूपन प्रदान किया जा रहा है। इस कूपन के माध्यम से सभी छोटे-बड़े ग्राहक भाग्य आजमा सकते हैं बम्पर ड्रा में एक शानदार बुलेट मोटरसाइकिल जीतने का सुनहरा अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### पक्षियों के लिए विभिन्न स्थलों व जंगलों में दाना और पानी की व्यवस्था करें लोग

**राजगीर**। गर्मी के प्रचंड प्रकोप में जब इंसान और पशु बेहाल है, ऐसे में नन्हे पक्षियों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। इन्हें दाना-पानी की समस्या हो जाती है। नन्हे पक्षियों के लिए उत्पन्न हुई इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा द्वारा एसएफडी अभियान के तहत सकोरा अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत राजगीर शहर के विभिन्न स्थलों एवं जंगलों में पक्षियों के लिए सकोरे में दाना-पानी की व्यवस्था की गई। साथ ही आम लोगों से भी अपने आसपास और घरों में दाना-पानी का सकोरा रखने की अपील की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे एबीवीपी के नगर उपाध्यक्ष बबलू कुमार ने कहा कि पक्षियों के लिए एक कटोरी दाना और पानी रखना केवल एक संवेदनशील प्रयास ही नहीं, बल्कि प्रकृति के इस नन्हे उपहार के प्रति हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने घर की छत, बालकनी या आंगन में पक्षियों के लिए पानी और दाना जरूर रखें। यह बहुत ही पुण्य का भी काम है।

### घरों और प्रतिष्ठानों को मिलेगा आकर्षक लुक

**बिहारशरीफ**। तेजी से विकसित हो रहे समाज में अब लोगों की सोच भी आधुनिक होती जा रही है। अब लोग न सिर्फ घर बनवाने पर ध्यान देते हैं, बल्कि उसे खूबसूरत और आकर्षक बनाने की दिशा में भी प्रयासरत रहते हैं। खासकर घर के अंदर की सजावट बेडरूम, डाइनिंग रूम और सीलिंग आदि को लेकर लोग नए-नए डिजाइनों की तलाश करते हैं। इसके लिए अब तक लोगों को बड़े शहरों से डिज़ाइनर बुलाने की जरूरत पड़ती थी, लेकिन अब बिहारशरीफ में ही इसका समाधान उपलब्ध हो गया है। लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शहर के खंदकपर, स्टेशन रोड में नालंदा इंटीरियर शो रूम की शुरुआत की गई है। रविवार को इसका उद्घाटन किया गया। संचालक के अनुसार यह शहर का पहला शो रूम है जहां घर और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की आंतरिक सजावट से संबंधित हर प्रकार का सामान और सर्विस एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। संचालक मनीष कुमार ने बताया कि इस शो रूम का उद्देश्य लोगों को एक लग्जरी फील देना है, ताकि वे अपने घरों को सुंदर और सुरक्षित बना सकें। उन्होंने कहा कि शो रूम में ग्राहकों को विभिन्न रेंज में वाटरप्रूफ और फायरप्रूफ वॉल पेपर, वुडन डिज़ाइन, सीलिंग मटेरियल, फ्लोरिंग आइटम आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही डिजाइनर की सुविधा भी दी जा रही है। 15 साल की गारंटी पॉली ग्रेनाइट इंडिया के सीएनएफ राजीव कुमार ने बताया कि कंपनी द्वारा वॉल पेपर पर 15 साल की गारंटी दी जाती है, जबकि इनकी वास्तविक उम्र 30-40 साल तक होती है। यह 65 डिग्री सेल्सियस तापमान तक सुरक्षित रहता है और इसे बदलना भी सस्ता होता है। वॉल पेपर की कीमत 35 रुपए प्रति स्क्वायर फीट से शुरू होती है। संस्थान का दावा है कि वॉल पेंटिंग और पुट्टी की तुलना में वॉल पेपर से सजावट करना न केवल अधिक आकर्षक है, बल्कि किफायती और टिकाऊ भी है। नालंदा इंटीरियर के खुलने से अब लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी, और वे स्थानीय स्तर पर ही अपने सपनों का सुंदर घर बना सकेंगे।

### एमडीएम के चावल की चोरी का वीडियो वायरल

**गया**। गया में एमडीएम के तहत मिलने वाले चावल की कालाबाजारी का एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो फतेहपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय फतेहपुर का है। वीडियो में स्कूल से एमडीएम का चावल ऑटो रिक्शा पर लादकर ले जाते देखा गया। वीडियो वायरल होने के बाद डीएम डॉ त्यागराजन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि विशिष्ट शिक्षक संजीत कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए। साथ ही उन्हें निलंबित किया जाए। डीईओ को भी निर्देश दिया गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (पीएम पोषण योजना), प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और प्रखंड साधन सेवी से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण लेने की बात कही गई। क्योंकि उन्होंने मामले की जानकारी पहले नहीं दी ।

**प्रधानाध्यापक अनिल कुमार दास को भी किया तलबः** डीएम ने प्रधानाध्यापक अनिल कुमार दास से भी जवाब तलब किया है। उन्होंने इस गंभीर मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को क्यों नहीं दी। डीएम ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं हुआ तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि इस प्रखंड में इससे पहले भी एमडीएम घोटाले की घटनाएं हो चुकी हैं। इसी साल जनवरी में रघवाचक के प्रभारी उपेंद्र कुमार को 20 किलो चावल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उनके साथ चालक भी पकड़ा गया था और वाहन भी जब्त कर लिया गया था।

# गया में डबल मर्डर का आरोपी एनकाउंटर में घायल, 3 गोली लगी

निज संवाददाता। गया


कुणाल, मृतक

♦ गया में 2 दिन पहले चाचा और भाई की गोली मारकर की थी हत्या

गया में रविवार रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में डबल मर्डर का आरोपी घायल हुआ है। बजीरगंज डबल-मर्डर केस के मुख्य आरोपी नीतेश कुमार को एनकाउंटर में 3 गोलियां लगी हैं। बुलेट पैर और जांघ में लगी है। उसे गंभीर हालत में मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ फतेहपुर थाना क्षेत्र के तेल बीघा के पास हुई है। आरोपी नीतेश ने दो दिन पहला यानी शनिवार को अपने चाचा और भाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोनों परिवार में जमीन को लेकर विवाद था। DSP सुनील कुमार पांडे ने बताया, 'आरोपी नीतेश को कमर के नीचे और पैरों में तीन गोलियां लगी है। जख्मी होकर खेत में ही गिर पड़ा था। इसके बाद उसे अस्पताल लाया गया। उसके साथ कुछ और लोग थे। जिसकी तलाश की जा रही है।'

**पहले चाचा फिर भाई को मारी थी गोलीः** गया में शनिवार दोपहर अशोक सिंह और उनके बेटे कुणाल सिंह की हत्या हुई थी। परिवार का आरोप है कि नीतेश ने ही अपने चाचा (अशोक सिंह) और भाई (कुणाल सिंह) की गोली मारकर हत्या की। परिवार का कहना है, 'वारदात के वक्त अशोक सिंह घर में अकेले थे। उन्हें गोली मारने के बाद आरोपी नीतीश गांव से भागने लगा।' 'घटनास्थल से 500 मीटर दूर भागने के बाद आरोपी नीतीश को अशोक सिंह का बेटा कुणाल मिला। नीतीश ने उसे भी गोली मार दी और फरार हो गया।' शुरुआती जांच में पता चला है कि जमीन विवाद में डबल मर्डर हुआ है। घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र के दखिनगांव की है।

**दिल्ली में पढ़ता था कुणालः** बताया जा रहा कि अशोक सिंह की पत्नी की कुछ दिन पहले मौत हो चुकी थी। बेटे कुणाल की अभी शादी नहीं हुई है। वो दिल्ली में रहकर पढ़ाई करता था। अभी वो घर आया हुआ था। आज ही उसे दिल्ली जाना था। एक बहन है उसकी शादी हो चुकी है। वो अपने ससुराल में रहती है। अशोक सिंह ने अपने पैर का ऑपरेशन कराया था। उनके पैर में जख्म था। वे बेड पर ही रहते थे।

## गया में 5 कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



निज संवाददाता। गया

गया में 2 गुटों के बीच फायरिंग मामले में पुलिस ने 5 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी का क्रिमिनल रिकॉर्ड है। अलग-अलग थाने में केस दर्ज है। एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय ने इसकी पुष्टि की है। शुक्रवार को बकरी फार्म की जमीन पर कब्जा करने को लेकर दोनों गुट आपस में भिड़ गए थे। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग भी हुई थी। मौके से 5 खोखे बरामद हुए। जब्त खोखे पर 8Mm Kf लिखा हुआ है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एसएस कॉलोनी की है।

**20 नामजद और 25 अज्ञात के खिलाफ FIRः** एसडीपीओ ने बताया कि मौके से 6 मोबाइल, 24,500 कैश और एक चार चक्का गाड़ी बरामद हुआ है। मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 457/25 दर्ज की गई है। 190, 191(2), 191(3), 109, 125, 122(1), 122(2), 111(3), 111(4) BNS और आर्म्स एक्ट की धाराएं लगाई गई हैं। 20 नामजद और 25 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान पंचायत अखाड़ा मोर्या घाट के कमरान, श्रवण चौधरी, भदेजा देवी स्थान के दीपू मालाकार, रंजीत चौधरी, भदेजा और प्रकाश पासवान के तौर पर हुई। श्रवण चौधरी के खिलाफ मुफस्सिल थाने में 10 केस गंभीर धाराओं में दर्ज है।

## गया में मारपीट और फायरिंग मामले में आरोपी गिरफ्तार



निज संवाददाता। गया

गया के एरू गांव में फायरिंग और मारपीट मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य आरोपी पप्पू सिंह उर्फ मोली सिंह को पुलिस ने वजीरगंज बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने हथियार के साथ पीड़ित परिवार के घर पर चढ़कर गाली-गलौज और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। पीड़ित नितेश कुमार ने थाने में आवेदन दिया था। पीड़ित ने बताया कि 9 मई को मोली सिंह अपने परिजनों के साथ घर में घुस गया। बिना कुछ कहे गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। विरोध करने पर लाइसेंसी राइफल से फायर कर दिया। गोली भतीजे के सिर के ऊपर से निकल गई।

**राइफल जब्त कर विभाग को भेजा रिपोर्टः** डीएसपी सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया था। लाइसेंसी राइफल को जब्त कर लिया गया है। लाइसेंस रद्द करने के लिए संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजा जाएगा।

## पैसे की खातिर बेटे ने की पिता की हत्या, गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



♦ मां के साथ मारपीट के मामले में पहले से चार्जशीटेड रहा है, पत्नी जा चुकी मायके

नालंदा में एक शख्स ने अपने पिता की हत्या कर दी। आरोपी घर का बड़ा बेटा है। वारदात की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, आरोपी अक्सर पैसे की मांग को लेकर अपने माता-पिता से मारपीट करता था। रविवार को एक बार फिर से आरोपी ने अपने पिता से पैसे मांगे। इनकार कर पहले उसने झगड़ा किया और फिर अपने पिता की पिटाई कर उन्हें बुरी तरह से जख्मी कर दिया। इसके बाद आरोपी खुद पीड़ित यानी अपने पिता को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गिरियक थाना क्षेत्र के पहलौआ गांव के रहने वाले 50 साल के सिद्धेश्वर पंडित के रूप में जबकि आरोपी की पहचान दिवाकर पंडित के रूप में की गई है।

**मौत के बाद लाया घर, दाह संस्कार में जुटा थाः** मौत के बाद चुपके से दिवाकर पंडित अपने पिता के शव को लेकर घर पहुंचा और दाह-संस्कार में जुट गया। इसी बीच गांव वालों और परिवार के लोगों ने पुलिस को इस बात की जानकारी दे दी। मौके पर पुलिस पहुंची और दिवाकर पंडित को गिरफ्तार कर लिया।

**2021 में भी मां से की थी मारपीटः** पैसे के खातिर आरोपी ने साल 2021 में भी अपनी मां के साथ मारपीट की थी। सिर पर गम्भीर चोट लगने के कारण मां की दिमागी हालत बिगड़ गई थी। इस मामले में भी दिवाकर पंडित चार्जशीटेड है। पत्नी भी मारपीट की वजह से तंग आकर मायके में रहती है, जबकि छोटा भाई अपनी बहन के यहां रहता है। आरोपी दो भाई और एक बहन है। गिरियक थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से सूचना प्राप्त होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। साथ ही आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक के साले ने हत्या का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# जनसंख्या के अनुसार लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग

♦ राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपाध्यक्ष ने कहा- इंदिरा गांधी ने रोका था प्रावधान

निज संवाददाता। नालंदा



राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने आज बिहार शरीफ स्थित अपने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस का मुख्य विषय "संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार" रहा। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ ने अपने विचार रखे। नाथ ने आपातकाल के दौरान हुए संवैधानिक परिवर्तनों पर चिंता की। साथ ही कहा कि हमारे संविधान की धारा-82 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हर 10 साल में परिसीमन किया जाएगा। जनसंख्या के अनुरूप लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। लेकिन, 1976 में आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी की सरकार ने इस प्रावधान को रोक दिया, जिसका खामियाजा आज बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य भुगत रहे हैं।

**बिहार के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहारः** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने अपनी बात को आंकड़ों के साथ प्रस्तुत करते हुए बताया कि दक्षिण भारत के राज्यों में 21 लाख की आबादी पर एक सांसद चुना जाता है, जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश में 31 लाख की आबादी पर एक सांसद का चयन होता है। यह स्पष्ट रूप से बिहार जैसे राज्यों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार है। नाथ ने आगे कहा कि हमारी आबादी बढ़ी है, हमारी आवश्यकताएं बढ़ी हैं, इसलिए लोकसभा में हमारी आवाज भी अधिक होनी चाहिए। आपातकाल के दौरान किए गए इस अन्याय को सुधारने का यह सुनहरा अवसर है।

**सभी दलों से मिल कर मुद्दे उठाने की मांगः** राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे इस मुद्दे को राजनीति से ऊपर उठकर देखें। "चाहे मोदी जी हों, नीतीश कुमार हों, लालू प्रसाद यादव हों, रामविलास पासवान हों या सुशील कुमार मोदी - सभी नेताओं की यह जिम्मेदारी है कि वे मिलकर इस परिसीमन सुधार के कानून में बदलाव लाएं। जो बिहार के खिलाफ है और बिहार की लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या नहीं बढ़ने दे रहा है। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि वे दक्षिण भारतीय राज्यों की सीटें घटाने की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि बिहार जैसे राज्यों की बढ़ी हुई आबादी के अनुरूप उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाने की वकालत कर रहे हैं। "तभी 'एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' का सिद्धांत सही मायने में लागू होगा। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने इस मुद्दे पर एक व्यापक अभियान शुरू करने की घोषणा की है और आने वाले दिनों में राज्य भर में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

# आर्मी जवान सिकंदर रावत को तेजस्वी यादव ने दी श्रद्धांजलि

♦ आर जे डी ने की एक लाख की मदद, नेता प्रतिपक्ष बोले- 50 लाख की राशि देने के लिए लिखेंगे लेटर

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सोमवार को नालंदा के बिंद प्रखंड स्थित उतरथू गांव पहुंचे। यहां उन्होंने हाल ही में दिवंगत हुए सेना के जवान सिकंदर रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेजस्वी यादव ने जवान के परिजनों से मुलाकात की। साथ ही गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि यह क्षति केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे देश की है। तेजस्वी यादव ने कहा कि सिकंदर रावत पर पूरे राज्य को गर्व है। अभी हाल ही में उन्हें सेना में नौकरी मिली थी, लेकिन देश के लिए उन्होंने अपनी जान कुर्बान कर दी। जब हमें उनकी शहादत की जानकारी मिली, तो हमने वीडियो कॉल के जरिए उनकी पत्नी से बात की थी और वादा किया था कि हम जरूर मिलेंगे। आज हम उसी वादे को निभाने आए हैं।

**ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले शहीदः** तेजस्वी ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को मिलिट्री फोर्सेज के जवानों को शहीद का दर्जा देने की नीति बनानी चाहिए, ताकि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सैनिकों को सम्मान और उनके परिवारों को पर्याप्त मदद मिल सके। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश के लिए जान देने वाले जवानों को शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। राज्य सरकार ने जो मदद की घोषणा की है, वह तुरंत मिले और परिवार को स्थायी मदद दी जाए। हम खुद मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को पत्र लिखेंगे। तेजस्वी ने कहा कि पार्टी के तरफ से 1 लाख का सहयोग दिया गया है। बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था हो, घर के एक ही व्यक्ति पर पूरा परिवार निर्भर था। बेहद ही गरीब परिवार हैं और घर में शौचालय भी नहीं है। बिहार सरकार को आकर इनकी घर की स्थिति को देखना चाहिए। हमें अभी तक समझ में नहीं आ रहा है कि कैबिनेट में 50 लाख रुपए शहीद परिवार को देने का वादा किया है, तो देरी क्यों लग रही हैं। क्यों नहीं आकर इन चीजों को देखते हैं और जो देश के लिए जान देते हैं। उनके लिए तो सबसे पहले ये छोटी-छोटी चीज हो जाना चाहिए। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता, जिला अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजगीर के नौलखा मंदिर में लूट, गार्ड को किया अधमरा

निज संवाददाता। नालंदा




राजगीर के नौलखा मंदिर में बदमाशों ने रविवार-सोमवार की रात लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। विरोध करने पर नाइट गार्ड के साथ मारपीट कर उसे अधमरा कर दिया, जबकि बदमाशों ने मंदिर परिसर में ऑफिस असिस्टेंट को बंदूक का भय दिखाकर एक कमरे में बंद कर दिया था। मामले की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान और धरपकड़ के लिए मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। गंभीर रूप से घायल नाइट गार्ड की पहचान राजगीर के बड़ी मिल्की के रहने वाले सुदल राम के रूप में, जबकि ऑफिस असिस्टेंट की पहचान रामबचन उपाध्याय के रूप में हुई है। घायल नाइट गार्ड और ऑफिस असिस्टेंट के मुताबिक, बदमाशों की संख्या चार थी और उनके पास पिस्टल के साथ-साथ धारदार हथियार थे।

**सबसे पहले ऑफिस असिस्टेंट को गन पॉइंट पर कमरे में बंद कियाः** जानकारी के मुताबिक, सबसे पहले बदमाशों ने ऑफिस असिस्टेंट को गन पॉइंट पर लेते हुए एक कमरे के अंदर बंद कर दिया। इसके बाद 4 दान पेटियों में से तीन को तोड़कर उसमें रखे गए रकम की लूट कर ली। चारों बदमाशों ने मंदिर में करीब डेढ़ घंटे तक लूटपाट की है।

**दान पेटी में दिसंबर से जमा थे पैसेः** मंदिर के मैनेजर ज्ञानेंद्र पांडे ने बताया कि दिसंबर महीने से दानपेटी के अंदर तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की ओर से दान किया गया रकम जमा था। पैसों से भरे चार दानपेटियों को ऑफिस के अंदर रखा गया था। जिन तीन दानपेटियों को तोड़ा गया है, उनमें करीब 7 से 8 लाख रुपए होने का अनुमान है।

**धारदार हथियार से किया हमला, उंगली हुई अलगः** नाइट गार्ड सुदल राम के परिवार का आरोप है कि कई बार दान पेटी की सुरक्षा को लेकर उन्होंने सवाल उठाए थे और प्रशासनिक सहयोग से दान पेटी को खाली करने की बात कही थी। लेकिन मंदिर प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जिसके कारण ये घटना हुई है। दानपेटी को खाली न करने को लेकर नाराज सुदल राम करीब एक सप्ताह तक मन्दिर नहीं गए थे। फिर उन्हें जबरन काम पर वापस बुला लिया गया। परिजन ने बताया कि धारदार हथियार से सुदल राम का हाथ काट दिया गया है और बाएं हाथ का अंगूठा काट कर अलग कर दिया। चेहरे और शरीर के कई हिस्सों पर जख्म के निशान हैं। सुदल राम करीम 40 साल से नाइट गार्ड के पद पर नौलखा मंदिर में कार्यरत हैं।

**बोरी में भरकर अपराधी ले गए पैसेः** जख्मी सुदल राम ने बताया कि दिलीप गार्ड के तौर पर काम करता है। दिलीप रात में करीब 10 बजे मन्दिर के अंदर 4 लड़कों को लेकर आया और उनकी पहचान कराई। इसके बाद दिलीप चला गया और लड़के मन्दिर के अंदर चले गए। रात करीब 2 बजे चारों लड़के बोरे में मंदिर के अंदर से कुछ सामान लेकर आ रहे थे। जब चारों लड़कों ने गेट खोलने के लिए कहा, तो मैंने मना कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने हथियार का भय दिखाया। इसके बाद मैंने गेट को खोल दिया। घायल के मुताबिक, बदमाश बाहर चले गए। लेकिन उनमें से 2 लोग वापस आ गए और मेरे ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुनकर मंदिर के अंदर से लोग उठे और बाहर आए तब तक बदमाश अधमरा कर फरार हो गए।

**डॉग स्क्वॉड एवं एफएसएल की टीम भी पहुंचीः** मंदिर में लूटपाट की सूचना मिलने के बाद सोमवार सुबह राजगीर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और उसके बाद सीनियर अधिकारी भी घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। एफएसएल की टीम को भी सबूत जुटाने के लिए बुलाया गया। मंदिर के अंदर बने कोठी में रुके पर्यटकों एवं अन्य लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है एवं उनके बैग भी खंगाले जा रहे हैं।

# ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार पहुंचे शहीद मनीष के गांव, परिजनों से की मुलाकात



निज संवाददाता | नवादा

बिहार सरकार के लोकप्रिय ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सोमवार को नवादा जिले के पांडे गंगोट गांव पहुंचे। यह वही गांव है जहां भारत माता की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीद मनीष कुमार चंद्रवंशी का जन्म हुआ था। मंत्री श्रवण कुमार ने गांव पहुंचकर शहीद मनीष के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। गांव के लोगों के साथ संवाद करते हुए मंत्री ने कहा कि शहीद मनीष जैसे वीरों की बदौलत ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि शहीद मनीष कुमार अमर हैं और युगों-युगों तक उनकी शहादत को याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद परिवारों के मान-सम्मान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उनके साथ जनता दल यूनाइटेड के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे, जिनमें नवादा जिला अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शोभा देवी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनू राज कुशवाहा, नवादा प्रखंड अध्यक्ष नवल प्रसाद चौहान, वारसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार राय, कौवाकोल प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी ने शहीद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

गांव वालों से बातचीत के क्रम में शहीद मनीष के परिजनों ने मंत्री श्रवण कुमार को एक मांग पत्र भी सौंपा, जिसमें उन्होंने शहीद मनीष के नाम पर अस्पताल निर्माण और गांव से लेकर स्मशान घाट तक सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि कौवाकोल और रोह के बीच का इलाका काफी दुर्गम है, जिसकी दूरी लगभग 15 किलोमीटर है और इस क्षेत्र में बुनियादी चिकित्सा सुविधा का नितांत अभाव है। ऐसे में अगर शहीद मनीष के नाम पर अस्पताल बने तो वह पूरे इलाके के लिए एक बड़ी सौगात होगी। मंत्री ने इन मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शहीद के सम्मान में कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने तत्काल उप विकास आयुक्त नवादा को निर्देश दिया कि दो दिनों के अंदर सड़क निर्माण के लिए डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करवा कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। अस्पताल निर्माण और शहीद मनीष की प्रतिमा व स्मारक स्थल की स्थापना के लिए भी मंत्री ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजकर विधिसम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शहीदों के सम्मान में हमेशा गंभीर और प्रतिबद्ध रहे हैं और शहीद मनीष के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से जितने भी वादे किए जाएंगे, उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा ताकि शहीद परिवार को न्याय और सम्मान मिल सके। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रणविजय, डॉक्टर नवल चंद्रवंशी, अनिल यादव, विकास कुमार, सुरेश चौधरी, अनिल कुमार मंडल, सत्यानंद पटेल और शिवाला कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे जिन्होंने शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। पूरा माहौल देशभक्ति और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत था। शहीद मनीष के प्रति यह सच्ची श्रद्धांजलि थी, जिसमें सरकार, समाज और गांव तीनों एकसाथ खड़े दिखे।

## मंत्री ने महिला संवाद कार्यक्रम का किया उद्घाटन

निज संवाददाता | नवादा



नवादा सदर प्रखंड अंतर्गत ओरैना पंचायत के ओढ़नपुर गाँव में आज 'महिला संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार द्वारा दीप-प्रज्वलन कर किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री महोदय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50% आरक्षण मिलने से अब महिलाएं मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर बड़ी संख्या में कार्यरत हैं, जहां पहले पुरुषों का वर्चस्व था। मंत्री ने बताया कि राज्य में अब तक 10 लाख 63 हजार से अधिक जीविका स्वयं सहायता समूह गठित हो चुके हैं, जिनसे 1 करोड़ 35 लाख से अधिक परिवार जुड़ चुके हैं। यह संख्या देश के किसी भी राज्य से अधिक है। उन्होंने कहा कि इन समूहों के माध्यम से महिलाओं को 1 प्रतिशत मासिक ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जबकि पहले गरीबों को साहूकारों से अत्यधिक ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता था। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने हेतु रोजगार, स्थानीय चुनावों एवं नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य में महिलाओं के अनुरोध पर ही शराबबंदी लागू की गई, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है और वैकल्पिक रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि जिन परिवारों को अभी तक आवास या शौचालय योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हें शीघ्र जोड़ा जाए। उन्होंने यह प्रसन्नता भी जताई कि जीविका से जुड़ी महिलाएं आज आत्मविश्वास से अपनी बात रख रही हैं और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और सरकार की विभिन्न योजनाओं से हुए लाभ की चर्चा की। इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक रंजन, जीविका के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी, जीविका दीदियाँ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# ईंट खाली कर लौट रहे ट्रैक्टर पर बैठे मजदूर की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

- संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और दुर्भाग्यवश वह सीधे ट्रैक्टर के पिछले चक्के की चपेट में आ गया मजदूर

निज संवाददाता | नवादा (रजौली)

रजौली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चितरकोली पंचायत स्थित काराखुट मोड़ के पास रविवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां ईंट खाली कर लौट रहे ट्रैक्टर पर सवार एक मजदूर की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पुरानी हरदिया गांव निवासी रामस्वरूप राजवंशी के दामाद मुकेश राजवंशी उर्फ लंबू के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मृतक मूल रूप से राजगीर का रहने वाला था, लेकिन वह काफी लंबे समय से रजौली क्षेत्र में रहकर ईंट भट्ठा में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। इसी कारण उसका आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र भी रजौली का ही बना हुआ था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक रमडीहा गांव स्थित सौरभ ईंट भट्ठा में पिछले कई वर्षों से काम कर रहा था। यह ईंट भट्ठा लल्लू यादव और मुकेश यादव के स्वामित्व में है। रविवार को भट्ठे से ईंट लादकर ट्रैक्टर के माध्यम से कोडरमा पहुंचाया गया था। कोडरमा में ईंट खाली कर ट्रैक्टर लौट रहा था, जिस पर चालक के अलावा अन्य मजदूर भी बैठे थे। जब ट्रैक्टर चितरकोली पंचायत के काराखुट मोड़ के पास पहुंचा, तभी संतुलन बिगड़ने के कारण मुकेश राजवंशी ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और दुर्भाग्यवश वह सीधे ट्रैक्टर के पिछले चक्के की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह घटना सड़क दुर्घटना के तहत दर्ज की गई है और पोस्टमार्टम के पश्चात शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है। अभी तक मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन थाना को प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## प्रखंड कार्यालय गोविंद पुर में कार्यरत लिपिक अजय कुमार की हुई मौत

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में लिपिक पद पर कार्यरत अजय कुमार का सोमवार को इलाज के दौरान पटना में निधन हो गया। वे किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और काफी दिनों से इलाजरत थे। उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी और अंततः इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अजय कुमार नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत कोसला पंचायत के विष्णुपुरी (मियां बिगहा) गांव के रहने वाले थे। उनके असामयिक निधन की खबर से परिवार और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक अजय कुमार अपने पीछे चार बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। चारों पुत्रियां अभी अविवाहित हैं, जबकि बेटा भी काफी छोटा है। ऐसे में उनके निधन से परिवार की जिम्मेदारियां और संकट और भी गहरा गया है। बताया गया कि अजय कुमार की मां की तबीयत भी पहले से ही खराब चल रही थी, बेटे की मृत्यु की खबर सुनने के बाद उनकी हालत और भी बिगड़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में भारी संख्या में लोग जुट गए। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए आसपास के लोग, रिश्तेदार और शुभचिंतक लगातार पहुंच रहे हैं। पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया है। जो भी इस दुखद खबर को सुन रहा है, वह अचंभित और दुखी हो रहा है। अजय कुमार की व्यवहार कुशलता और मिलनसार स्वभाव के चलते वे अपने विभाग में भी काफी लोकप्रिय थे। उनके सहकर्मियों के बीच भी गहरा शोक व्याप्त है। उनकी मृत्यु पर प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम के सदस्य विपिन कुमार, रामयतन सिंह, संजीत कुमार भोली, बैकुण्ठ सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को इस कठिन समय में धैर्य रखने की सलाह दी है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



प्रखण्ड के छोटा शेखपुरा बाजार स्थित रॉयल पैलेस मैरेज हॉल में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सीडीपीओ ज्योति सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सीडीपीओ ने कहा कि यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला व बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण और शिक्षा के संबंध में प्रशिक्षण देना है, ताकि वे बच्चों के समग्र विकास में अपनी भूमिका का शत प्रतिशत निर्वहन कर सकें। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों में मौजूद गंभीर तीव्र कुपोषण व मध्यम तीव्र कुपोषण सहित सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने में सहूलियत होगी। इससे बच्चों के विकास की निगरानी व पोषण संबंधी जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। प्रखंड के कुल 130 सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसके अंतर्गत नवचेतना और आधारशिला जैसे विषयों पर चर्चा की जायेगी। प्रशिक्षण में बच्चों के प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा पर विस्तार से चर्चा की जाती है जो उनके भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर सेविकाओं के बीच खासा उत्साह देखा गया। सेविकाओं के लिए जलपान और लंच की भी व्यवस्था की गई है। मौके पर प्रखंड समन्वयक सोनुमल, सुपर वाइजर शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी, गीता कुमारी, एनजीओ से सूरज सिंह, पिरामल फाउंडेशन से समीक्षा पाठक, आंगनबाड़ी सेविका शान्ति कुमारी शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### ई-रिक्शा पलटने से दो घायल

कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)। कौआकोल-महुडर मुख्य पथ पर वंशाटांड़ आहर के पास सोमवार को एक ई रिक्शा पलटने से उस पर सवार एक बच्चा और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों द्वारा पीएचसी कौआकोल में भर्ती करवाया गया। जहां से दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने नवादा रेफर कर दिया है। घायलों में से कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर गाँव निवासी कृष्ण यादव के 12 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार एवं सुबोध मांझी की 25 वर्षीय पत्नी रेशमा देवी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम कुमार व रेशमा देवी समेत कई अन्य लोग ई रिक्शा पर सवार होकर कौआकोल बाजार से अपने गाँव लालपुर जा रहे थे। तभी थाना क्षेत्र के बंसाटांड के निकट ई रिक्शा चालक का संतुलन खो जाने से ई रिक्शा पलट गया। जिससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

# हिसुआ प्रखंड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | नवादा



नवादा जिले के हिसुआ प्रखंड परिसर में सोमवार को एक महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश पर किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनता को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का संचालन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा, आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा प्रभारी सचिव धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना के अंतर्गत जरूरतमंदों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिफेंस काउंसिल सदस्य अमन जैन, पी.एल.वी. निरंजन कुमार, नगर परिषद हिसुआ के नगर प्रबंधक संजीत कुमार सुधांशु और कनीय अभियंता सुबोध कुमार ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। अपने संबोधन में अमन जैन ने कहा कि समाज में जागरूकता की भारी कमी है, जिसके कारण अनेक लोग न्याय से वंचित रह जाते हैं।

उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लगातार जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि गरीब, कमजोर और वंचित तबके को कानूनी सहायता सुलभ हो सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों में इस प्रयास को मजबूती दें और जरूरतमंदों को मदद करें। पी.एल.वी. निरंजन कुमार ने कहा कि विधिक जानकारी आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिससे लोग अपने अधिकारों को पहचान सकें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा सकें। वहीं, नगर प्रबंधक संजीत कुमार सुधांशु ने भी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को न्याय दिलाने में सहयोग की अपील की और कहा कि विधिक सहायता के माध्यम से ही समाज में समता और न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण तथा प्रखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने इस कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए ऐसी जागरूकता पहलों को और अधिक व्यापक स्तर पर चलाने की जरूरत पर बल दिया।

# कार-ट्रक टक्कर में मृत तीन लोगों के परिजनों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत दी गई आर्थिक सहायता

निज संवाददाता | नवादा



नवादा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनिया स्थान के पास हाल ही में एक अत्यंत दर्दनाक और भयावह सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक कार और एक तेज रफ्तार ट्रक के बीच आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान नरहट प्रखंड क्षेत्र के छोटी पाली गांव निवासी रंजीत उर्फ नथुन, धीरेंद्र कुमार और पंकज कुमार के रूप में की गई है। ये तीनों एक ही बारात से धनवा गांव, रोह प्रखंड से लौट रहे थे, जहां से लौटते समय कोनिया के समीप यह भयानक दुर्घटना हो गई। हादसे की खबर मिलते ही जिला प्रशासन सक्रिय हो गया और तुरंत आवश्यक कदम उठाए गए। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित राहत एवं सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

उनके आदेश पर 18 मई 2025 को नरहट प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत राहतस्वरूप आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रत्येक मृतक के परिवार को 20-20 हजार रुपये की राशि का चेक सौंपा गया। इस सहायता राशि का उद्देश्य शोक संतप्त परिवारों को तत्कालिक आर्थिक संबल प्रदान करना है, जिससे वे इस विपत्ति की घड़ी में अपने दैनिक जीवन की कुछ आवश्यक जरूरतें पूरी कर सकें। जिला प्रशासन की ओर से स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया गया कि वह आपदा की हर घड़ी में आमजन के साथ खड़ा है और किसी भी पीड़ित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। मृतकों के घरों में मातम पसरा हुआ है। रंजीत, धीरेंद्र और पंकज, तीनों ही अपने-अपने परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य थे। अचानक हुए इस हादसे ने न केवल तीन परिवारों को गहरे शोक में डुबो दिया है, बल्कि पूरे गांव में सन्नाटा और शोक का माहौल बना दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और बार-बार यही सवाल उठा रहे हैं कि आखिर यह दुर्घटना क्यों और कैसे हो गई। दूसरी ओर, प्रशासनिक स्तर पर भी शोक संवेदना प्रकट करते हुए अधिकारियों ने परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। जिलाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन द्वारा यथासंभव हर प्रकार की सहायता मुहैया कराई जाएगी। साथ ही, यह भी बताया गया कि भविष्य में यदि अन्य योजनाओं के अंतर्गत लाभ देने की गुंजाइश होगी, तो उसका भी लाभ इन परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा।

### आंधी पानी से दर्जनों पेड़ उखड़े, ओला वृष्टि से किसानों को हुई हानि

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। रजौली प्रखंड क्षेत्र में आए आंधी, पानी व ओला वृष्टि से दर्जनों पेड़ उखड़ गए। साथ ही पेड़ों के डाल फट गए एवं किसानों को सब्जी,मूंग व आम की खेती में भारी नुकसान हुआ। पुरानी बस स्टैंड निवासी विजय विश्वकर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा,छोटी बढही, गुड्डू बढ़ई, लिलो यादव व मुन्ना यादव ने बताया कि पुरानी बस स्टैंड में नीम का पेड़ आंधी-पानी से दो भाग में बंट गया है, जो कभी भी पास के मकान पर गिर सकता है, जिससे बड़ा दुर्घटना हो सकता है। इसको लेकर वन विभाग को भी जानकारी दिया गया है, लेकिन अभी तक फटे हुए पेड़ का किसी भी प्रकार का कार्य नहीं होने से लोगों के मन में डर बना हुआ है कि थोड़ा सा भी हवा आने पर उक्त फटा हुआ पेड़ घरों पर गिरने से जान माल की हानि व भारी नुकसान हो सकता है।

# शहीद मनीष की माता को मिला 21 लाख का चेक

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



कौआकोल प्रखंड के पाण्डेयगंगौट गांव निवासी और देश की सेवा में जम्मू-कश्मीर में वीरगति को प्राप्त हुए शहीद जवान मनीष कुमार को सम्मान देने और उनके परिवार को सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नवादा जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर कौआकोल के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने सोमवार को स्वयं शहीद मनीष के घर पहुंचकर उनकी माता सुशीला देवी को 21 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान का चेक सौंपा। यह सहायता राशि बिहार सरकार के गृह विभाग (आरक्षी शाखा), सैनिक कल्याण निदेशालय पटना और झारखंड एवं बिहार सब एरिया मुख्यालय दानापुर कैंट के पत्राचार के आधार पर दी गई है। चेक मृतक जवान के निकटतम आश्रित उनकी माता को पहचान सुनिश्चित होने के बाद सौंपा गया। बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी को जैसे ही यह निर्देश मिला, उन्होंने इसे प्राथमिकता पर लिया और शीघ्र ही क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। शहीद मनीष के घर जाकर उनके परिवार को चेक सौंपते समय स्थानीय मुखिया दीपक कुमार एवं पैक्स अध्यक्ष राहुल रत्नेश भी मौजूद रहे।

इस दौरान शहीद की शहादत को नमन करते हुए परिजनों को सांत्वना दी गई और आश्वासन दिया गया कि प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहेगा। इस अवसर पर गांव के लोगों में भी प्रशासन की इस तत्परता को लेकर संतोष और गर्व का भाव देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि यह न केवल आर्थिक सहायता है बल्कि देश के लिए बलिदान देने वाले सपूतों के परिवारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। शहीद मनीष की मां सुशीला देवी की आंखों में अपने बेटे के लिए गर्व और दर्द दोनों साफ झलक रहे थे, लेकिन यह सहायता उनके परिवार के लिए एक बड़ी राहत के रूप में सामने आई है। प्रशासन की यह पहल समाज में यह संदेश देती है कि देश के लिए बलिदान देने वाले कभी भुलाए नहीं जाते और उनके परिजन सरकार की प्राथमिकता में होते हैं।

# शहीद मनीष के घर पहुंचे विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष, दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)



पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत कौआकोल के पाण्डेगंगोट गांव के उस वीर सपूत शहीद मनीष कुमार के घर रविवार को एक भावुक क्षण देखने को मिला जब विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार शाही खुद उनके आवास पर पहुंचे। कारगिल में ड्यूटी के दौरान देश सेवा करते हुए शहीद हुए मनीष की शहादत को नमन करने और उनके परिजनों से मुलाकात करने के लिए यह विशेष यात्रा की गई। अध्यक्ष अरविंद शाही जैसे ही शहीद के घर पहुंचे, पूरे गांव में एक भावनात्मक माहौल बन गया। उन्होंने नम आंखों से शहीद मनीष की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने शहीद के पिता अशोक राम से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि मनीष जैसे वीर जवान पर पूरा देश गर्व करता है। उन्होंने कहा कि मनीष ने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर कर जो सर्वोच्च बलिदान दिया है, वह हमेशा देशवासियों के दिलों में अमर रहेगा। ऐसी मां जिन्होंने अपने बेटे को देश सेवा में अर्पित किया है, उन पर भी पूरा देश गर्व करता है। अरविंद शाही ने कहा कि इस प्रकार की वीरता की मिसालें भारत की असली ताकत हैं और शहीदों के सम्मान में हमें न केवल उनकी याद को संजोना चाहिए बल्कि उनके परिवारों का साथ देना भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि हर मुश्किल घड़ी में पूरा देश और समाज उनके साथ खड़ा है। इसके बाद विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष ने गांव के ही मरही टोला स्थित प्रसिद्ध सूफी संत वारिस सरकार के मजार पर भी हाजिरी दी।

# औरंगाबाद में मगही समागम को लेकर साहित्यकार रत्नाकर ने जताई प्रसन्नता

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

ई जानके प्रशंसता हो रहल हे कि विश्व मगही परिषद के साहित्यकार सबके समागम पहिलाबार औरंगाबाद जिला के दाउदनगर में 20 मई के आहूत हे। कोरोना काल में जब आपस में मिले के वर्जित हो गेल हल तब भाई नागेंद्र नारायण के प्रयास से विश्व मगही परिषद के द्वारा वेबीनार के माध्यम से साहित्यकार जुडल रहला हल। अब सशरीर सभ मिलकर मगही के विकास पर चर्चा करथीन मन हल उपस्थित रहे के मुद्दा तन रोक देलका एक तो 84 साल उमर और दोसर बीमार रहे के कारण उपस्थित होवे के सुख से वंचित हो गैलू हे। मगही प्राचीन भाषा हे मगही भाषी क्षेत्र के इतिहास गौरव से भरल हे। मानल जाहे कि मगध राज्य के सीमा उत्तर में गंगा ,पश्चिम में वाराणसी कर्मनाशा नदी तक, पुरव में हिरण्य पर्वत और मुंगेर और दक्षिण में कर्ण सुवन्य और सिंह भूमि तक विस्तृत हे। एक मान्यता हे कि गंडक नदी आऊ गंगा नदी के बीच के हिस्सा मुख्य रूप से मगध हे । मुद्दा शासन आऊ राजा के काल में ई सीन ढेर बढ़ गेल हल। खासकर राजा जरासंध के शासनकाल और राजा अशोक के शासनकाल में आर्यावर्त के तीन हिस्सा मगध क्षेत्र के अंग बन गेल हल। अथर्ववेद संहिता और ऋग्वेद में ई क्षेत्र में वारत्यो आऊ कोल, मुंडा आदि जंगली जाति के निवास होवे के कारण कीकट देश तक कहल गेल हे।मुदा ब्रह्म पुराण में उल्लेख हे कि सम्राट पृथ् अप्पन प्रशंसा में गाये मगध के गान से प्रसन्न होकर मगध के राज मगध के गवैया के दे डेलथीन हल। आऊ रामायण और महाभारत में मगध और मागधो के अनेक ढंग से उल्लेख कैयल गेल हे। खासकर करके गुरु वशिष्ठ सुमंत के यज्ञ में भाग लेवे लेल मगध के राजा के भी निमंत्रित कैयल जाए जे सभी शास्त्रों के प्रवीन हलथीन माने जानकर हलथीन। राजा दशरथ कैकई के कोप के शांत करेले मगध के कलात्मक चीज उपहार के देवे के निवेदन कैलथिन हल, कालिदास रघुवंश में रघु के पिता राजा दिलीप के मगध नरेश की कन्या सुदक्षिणा से विआह के वर्णन कैल गेल हे। मगध के विस्तारित वर्णन महाभारत, भागवत पुराण में कैयल गेल हे । जेकरा में कैय ढंग के बात कहल गेल हे। मुदा सभी ढंग के अध्ययन से स्पष्ट हो जाहे की राजगीर बसावे वाला राजा बसु हलथीन जे बंशगर राजा हलथीन उनके वंश में वृद्धद्रथ आऊ जरासंध सहदेव आऊ रिपुंजय कुल 40 राजा होलथीन हल।

आऊ 940 साल तक की वंश के राज चलल हल। मगध के संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ मगही भाषा के इतिहास भी कौतूहल से भरल हे।10 वी शताब्दी के आसपास 84 सिद्ध कवि की जानकारी मिलो हे जेकरा में 18 सिद्ध कभी के चरचा राहुल संस्कृतयान के लेख जो 1933 के आसपास गंगा पत्रों पत्रिका में छप्पल हे । ऊ सब के सरहपाद के नाम से आदर से लेल जा हे। सरहदपाद के बौद्ध साहित्य के आदर्श व्यक्तित्व मानल गेल हे। 20 वी शताब्दी के प्रथम दशक में मोहनलाल महतो वियोगी, कृष्णदेव प्रसाद भिक्षु, जगदीश कश्यप, डॉ रामनन्दन, श्रीकांत शास्त्री, जगदीश कश्यप, बिहार केसरी डॉ श्री कृष्णा सिंह, आचार्य बद्रीनाथ वर्मा, ठाकुर रामबालक सिंह के साथ-साथ आऊ कईगो मगही साधक के स्मरण कैयल जाय। आजादी के दूसरे दशक माने 1960 के आसपास मगही भाषा के नया दौर आल जेकर साक्षी साहित्यकार सब में श्री नंदन शास्त्री, जयराम सिंह ,डॉ रामप्रसाद सिंह, राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर, योगेश्वर प्रसाद सिंह योगेश, रामनरेश वर्मा, रामविलास राजकन ,डॉ सरजू प्रसाद, हरिश्चंद्र प्रियदर्शी ,रामनरेश मिश्रा हंस, रासबिहारी पांडे, प्रभात वर्मा, मथुरा प्रसाद नवीन के साथे साथ आऊ कईगो रचनाकार हथीन जे मगही भाषा के विकास में खास करके साहित्य सृजन के काम कैलथीन हे सब प्रातः स्मरणीय हथीन। 1928 में नवादा निवासी जयनाथ पति के नाम बड़ा आदर के साथ लेल जा हे। जे ऊ कालखंड में सुजाता फुल बहादुर उपन्यास मगही में लिखलथीन हल। आज 20 में 2025 में विश्व मगही परिषद के समागम में अप्पन पुरोधा अप्पन धरती के नमन हे आऊ इतिहास के विसंगतियों के निवारण पर सोचे के जरूरत हे ।कारण क्षेत्र विशेष के लोग अप्पन क्षेत्र के रचनाकार के संस्मरण कैलथीन आऊ दूसरे क्षेत्र के रचनाकार अपेक्षित छोड़ देल गेल हे ई गुना नया इतिहास लिखे के चुनौती हम सबके सामने हे। सत्य तो सत्य हे आऊ साहित्यकार के सत्य के आत्मसात करके जरूरत हे ए भाव के साथ सबके यथोचित मान सम्मान के साथ ने स्नेह की कामना है।

## संक्षिप्त समाचार

### जान बचाने के लिए भाग रहे युवक को घर में घुसकर गोली मारी, मौके पर मौत

**आरा।** शहर में दिनदहाड़े बाइक सवार हमलावरों ने आंबेडकर कॉलोनी में अपने घर के पास बैठे एक युवक को गोली मार दिया। गोली लगने के बाद जान बचाने और छिपने के लिए वह युवक भागकर एक घर में घुस रहा था। लेकिन अपराधियों ने पीछा कर उस पर अंधाधुंध फायरिंग किया। युवक को तीन गोलियां लगी; घटनास्थल पर मौत हो गई। रविवार को सुबह करीब 11 बजे सरेआम यह हत्याकांड टाउन थाना क्षेत्र में वार्ड नंबर-23, शिवगंज के अंबेडकर कॉलोनी में हुई। हत्यारे बाइक से आए थे और उसी से फरार हो गए। मृत 18 वर्षीय बिरजू कुमार, अंबेडकर कॉलोनी के सुदामा राम का पुत्र था। दिनदहाड़े फायरिंग के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। परिजन बिरजू को सदर अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद बिरजू को मृत घोषित कर दिया। पिता सुदामा राम ने बताया कि बिरजू अपने घर के पास नाश्ता करने के बाद कुर्सी पर बैठा था। तभी पल्सर बाइक पर सवार तीन आरोपी पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली लगने के बाद बिरजू जान बचाने के लिए पड़ोसी दुर्गा पासवान के घर में भागा। आरोपी वहां भी घुस गए और दो गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर मैं घर से निकला। देखा कि बाइक से तीन लोग हथियार लहराते भाग रहे हैं। जिसके बाद हमलोग बिरजू को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बिरजू 4 भाईयों और एक बहन में दूसरे नंबर पर था। तीन भाई वीरा, लक्की, जीतू और एक बहन विजेता कुमारी है। बिरजू पिता के साथ मिलकर खेती करता था। पुत्र की मौत के बाद मां ममता देवी की हालत बिगड़ गई है। सुशील यादव की हत्या से जुड़ रहा बिरजू हत्याकांड का लिंक पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया कि बिरजू की हत्या बदले की भावना से की गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है। वर्ष 2022 में मोती टोला निवासी सुशील यादव की गोली मारकर हत्या हुई थी। उसमें बिरजू के बड़े भाई वीरू को आरोपी बनाया गया था। वह जेल गया और जनवरी में जमानत पर छूटा। सुशील यादव के भाई सुधीर ने बदला लेने के लिए बिरजू की हत्या कर दी। सुशील यादव हत्याकांड में बिरजू का नाम था या नहीं, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। एफएसएल की टीम को बुलाया गया था। घटनास्थल से 5 कारतूस के खोखे मिले हैं। आरोपियों की पहचान हो चुकी है। जल्द गिरफ्तारी होगी। -परिचय कुमार, एएसपी 6 आरोपियों पर केस, दो गिरफ्तार : थानाध्यक्ष टाउन थाना के थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि मृतक के पिता सुदामा राम के फर्द बयान पर 6 लोगों पर नामजद केस दर्ज हुआ है। गोली मारने का आरोप सुधीर यादव पर लगा है। पुलिस ने घटना के नामजद दो आरोपी मनोज कुमार और विनोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों सगे भाई हैं।

### ज्ञान ज्योति स्कूल में हाउस चुनाव, बच्चों ने सीखा मतदान

**आरा।** ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, बामपाली में शनिवार को हाउस कैप्टेन और वाइस कैप्टेन का चुनाव हुआ। चुनाव की प्रक्रिया विधानसभा चुनाव की तर्ज पर कराई गई। इसका उद्देश्य बच्चों को मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराना था। स्कूल के चार हाउस- निश्चल, कुशाग्र, उत्कृष्ट और वात्सल्य के लिए यह चुनाव हुआ। बच्चों ने रंग-बिरंगी हाउस ड्रेस में मतदान किया। चुनाव की पूरी प्रक्रिया विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीपी जैन के नेतृत्व में हुई। वे मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका में थीं। प्रबंध निदेशक डॉ. आदित्य विजय जैन ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने चुनाव की तैयारियों की सराहना की और प्राचार्या को हरी झंडी दिखाई। तकनीकी सहयोग डिप्टी डायरेक्टर अरिहंत विजय जैन और सिद्ध विजय जैन की टीम ने दिया। बैलेट पेपर और बॉक्स की डिजाइनिंग चारों हाउस के हाउस टीचर्स ने की। चुनाव संचालन वाइस प्रिंसिपल डॉ. सर्वेश कुमार ने किया।

### पुलिस लाइन-चंदवा रोड पर गड्ढे व जलजमाव

**आरा।** शहर का प्रमुख स्थल होने के बाद भी टूटी-फूटी सड़क। ऊपर से भीषण गर्मी के बावजूद मकान से निकलने वाले नालियों और मल-मूत्र के पानी का सड़क पर जलजमाव। इससे सड़क पर चलते समय लोगों और महिलाओं के कपड़ों और गाड़ियों पर गंदे पानी के छींटे पड़ते हैं। कई बार रिक्शा पलटा जाता है। बच्चों को विद्यालय पहुंचाने के लिए अभिभावकों को ध्यानपूर्वक ले जाना पड़ता है कि कहीं स्कूल-ड्रेस खराब ना हो जाए! प्रतिदिन यह हाल न्यू पुलिस लाइन रोड से लेकर चंदवा मोड़ तक रोड का है। इसके बावजूद जिला प्रशासन, नगर निगम व इसके प्रतिनिधि, संबंधित सड़क निर्माण विभाग, सांसद और विधायक इस स्थाई समस्या का समाधान नहीं करा रहे हैं। इसका कारण विकास के योजनाबद्ध तरीके का अभाव और कार्यों का सदुपयोग नहीं करना है। यहां अभी भी कच्ची नालियां हैं। इस कारण मुहल्ले के मकानों से निकलने वाले मल-मूत्र का पानी मुख्य सड़क पर बहता है। इससे पैदल चलने में समस्या होती है। जबकि यह रोड आरा-बक्सर नेशनल हाईवे और आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे को जोड़ता है। इस रोड पर पुलिस लाइन, जनजीवन कालेज, कई विद्यालय, होटल, शो-रूम और घनी आबादी है। दिवंगत उप-प्रधानमंत्री जगजीवन राम और लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार का पैतृक गांव चंदवा भी निकट में है। दिन-रात गाड़ियों का आवागमन होते रहता है। इसके बावजूद इस गंभीर समस्या के प्रति किसी का ध्यान नहीं है। आरा से समाजसेवी अशोक कुमार तिवारी की रिपोर्ट।

### कभी गुलजार रहा बाल हिंदी पुस्तकालय अब सुनसान

**आरा।** शहर के टाउन स्कूल के पास स्थापित "बाल हिंदी पुस्तकालय" की हालत अब बेहद खराब हो चुकी है। कभी यह पुस्तकालय छात्र-छात्राओं और पढ़ाई करने वालों से भरा रहता था। आज भी इस पुस्तकालय में पढ़ने, अध्ययन करने और शोध करने के लिए विभिन्न प्रकार की पुस्तकें, पत्रिकाएं और अन्य सामग्री उपलब्ध हैं। लेकिन कमी है तो पढ़ने वालों की। अब यहां कभी-कभार ही एक-दो लोग पढ़ते नजर आते हैं। मोबाइल के बढ़ते उपयोग ने पढ़ने वाले की संख्या को भी घटाया है। इस पुस्तकालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रधानमंत्री स्व. जगजीवन राम और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार और अन्य प्रसिद्ध लोगों का आगमन हो चुका है। उस दौर में यह पुस्तकालय ज्ञान का केंद्र माना जाता था। अब स्थिति यह है कि पुस्तकालय में न तो पाठकों की भीड़ दिखती है, न ही पहले जैसी रौनक। रख-रखाव की कमी साफ नजर आती है। पुस्तकालय की उपेक्षा से शहर के लोग भी निराश हैं। आरा से समाजसेवी विजेंद्र तिवारी की रिपोर्ट।

### मनरेगा में 52% महिलाएं कार्यरत

**डुमरांव।** मनरेगा के तहत बक्सर जिले में महिलाओं की सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में महिलाओं की भागीदारी 52 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मनरेगा योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सभी परिवारों को साल में 100 दिन का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराना है, जिसमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को बराबरी का अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया है। इस योजना के तहत अब तक महिलाओं की सहभागिता अपेक्षाकृत कम रही थी, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। बक्सर जिले के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष महिलाओं की भागीदारी 52% के आंकड़े को छू चुकी है, जो इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर अधिक जागरूक हुई हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। हालांकि यह भागीदारी सभी पंचायतों में समान नहीं है। कुछ पंचायतों में यह आंकड़ा जमीनी हकीकत को दर्शाता है, लेकिन कई पंचायतों में अभी भी यह केवल कागजों तक ही सीमित है। इसके बावजूद यह कहा जा सकता है कि समग्र रूप से महिला श्रमिकों की सक्रियता बढ़ी है और यह सकारात्मक संकेत है।

**काम मिलने की दर में सुधार बक्सरः** जिले में जॉब कार्डधारियों की संख्या में भी इज़ाफ़ा हुआ है। वर्तमान में जिले में कुल 1,47,652 एक्टिव जॉब कार्डधारी हैं, जिनमें से 1,07,319 ने काम की मांग की है। इसमें से 1,07,207 को काम भी मुहैया कराया गया है, जो लगभग 99.9% सफलता दर को दर्शाता है। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि मनरेगा के तहत काम मिलने की दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और यह ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक बन रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा के माध्यम से कुल 48,03,717 मानव दिवस का सृजन हुआ है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# प्रेमी के साथ देखा तो पत्नी को पीटकर मार डाला

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर में रविवार रात प्रेम प्रसंग में पति ने अपनी पत्नी की सिर में बाट मारकर हत्या कर दी। आरोपी पति ने रात 12 बजे अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ अवैध संबंध बनाते हुए देख लिया था। जिसके बाद पति से दोनों की लड़ाई होने लगी। पति ने जब इसका विरोध किया तो प्रेमी के साथ उसकी मारपीट होने लगी। पत्नी ने भी अपने प्रेमी का साथ दिया। जिसके बाद गुस्से में आरोपी ने पत्नी के सिर पर बाट मार दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

**हत्या के बाद खुद पुलिस को फोन कियाः** बताया जा रहा है कि मर्डर से पहले ही पत्नी ने अपने प्रेमी को वहां से भगा दिया था। इसके बाद पति-पत्नी के बीच जमकर लड़ाई हुई। थोड़ी देर पति ने उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी अपनी पत्नी की लाश के पास 1 घंटे तक बैठ रहा। हत्या के बाद पति ने रात 1 बजे थाने में फोन किया और वारदात की जानकारी दी। उसने पुलिस से कहा, 'मैंने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी साथ अवैध संबंध बनाते हुए देख लिया था, इसलिए उसे मार डाला।' घटना की जानकारी मिलने के बाद रात करीब 2 बजे पुलिस पहुंची। शव को कब्जे में लेकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल प्रेमी की तलाश की जा रही है। घटना डुमरांव थाना क्षेत्र के लाखनडिहरा गांव की है।

**रात को पति लौटा तो दरवाजा खुला थाः** जानकारी के मुताबिक, आरोपी पति सुनील साह रविवार रात करीब 10 बजे अपने घर लौटा। उसने देखा कि घर का दरवाजा खुला है। वो अपनी पत्नी प्रमिला देवी का नाम पुकारते हुए अंदर घुसा। जब वो कमरे के अंदर गया तो उसने गांव के ही एक युवक मैना पासवान के साथ प्रमिला को अवैध संबंध बनाते रंगेहाथों पकड़ लिया। जिसके बाद वह आग बबूला हो गया। फिर तीनों के बीच तू-तू-मैं-मैं शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि प्रेमी ने सुनील के साथ हाथापाई शुरू कर दी। ये सब देख पत्नी बीच-बचाव करने आई और उसने प्रेमी को मौके से भगा दिया। इसके कुछ देर तक पति-पत्नी के बीच बहस हुई।

**एक घंटे तक लाश के पास बैठा रहा पतिः** गुस्से में आकर सुनील ने पास में रखा बटखरा उठाया और पत्नी के सिर पर मार दिया। पत्नी वहीं गिर गई। इसके बाद आरोपी उसे तब तक मारता रहा, जबतक उसकी मौत न हो गई। इसके बाद उसने पुलिस को कॉल कर वारदात की जानकारी दी। जब तक पुलिस आती, आरोपी अपनी पत्नी की लाश के पास बैठा रहा।

## अपराधियों ने छत पर सो रही महिला को मारी गोली

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक महिला को गोली मार दी। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली दाहिने साइड पीठ में लगी है। घायल की पहचान कलावती देवी(45) के तौर पर हुई है। घटना लक्ष्मणपुर गांव की है।

**छत पर बुलेट गिरा पड़ा थाः** घायल ने बताया कि रविवार देर रात छत पर बच्चों के साथ सो रही थी। अचानक मेरी पीठ में कुछ चुभने लगा, बहुत तेज दर्ज होने लहा। दर्द से मैं चिल्लाने लगी। तुरंत बेटी को जगाया। पास में ही एक बुलेट पड़ा था। पीठ से खून बह रहा था। इसके बाद परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। गांव में किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। किसने गोली चलाई है, उसका क्या मकसद है। ये जांच का विषय है। चार साल पहले सड़का हादसे में पति की मौत हो गई। एक बेटा और 5 बेटी है। बच्चों की देखभाल मैं खुद करती हूं।

◆ आरा सदर अस्पताल में भर्ती, घटनास्थल से एक गोली बरामद

**छानबीन में जुटी पुलिसः** वहीं, थानाध्यक्ष महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। अभी स्पष्ट नहीं हो रहा है कि गोली किसने चलाई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा ।

## भोजपुर में लेक्चरर समेत 2 लोगों की मौत

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर में अलग-अलग इलाकों में सड़क हादसे में लेक्चरर समेत 2 लोगों की मौत हो गई। पहली घटना सिकरहटा थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव की है। जहां देर रात तेज रफ्तार वाहन ने महिला को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रोड क्रॉस करते समय हादसा हुआ है। मृतका की पहचान रामायण राम की पत्नी दौलतो देवी(50) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि दौलतो देवी शौच करने बधार गई थी। वहां से लौटते समय रोड पार कर रही थी। इस बीच वाहन ने रौंद दिया। पति ने दो शादी की थी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है।

◆ तेज रफ्तार वाहन ने महिला को रौंदा, रोड क्रॉस करते समय हुआ हादसा

**नानी के घर से पटना लौट रहा थाः** दूसरी घटना बड़हरा के बखोरापुर मंदिर के पास की है। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में घटनास्थल पर ही कार सवार लेक्चरर की मौत हो गई। मृतक रौशन प्रताप सिंह(26) पटना के मनेर का रहने वाला था। बिहटा स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यरत था। परिजन ने बताया कि ननिहाल से शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था। रास्ते में गाड़ी पेड़ से टकरा गई। हादसे में उसकी मौत हो गई।

## सनातन सेवा संस्थान की कोर कमेटी की गई भंग, नए गठन की तैयारी शुरू

निज संवाददाता | बक्सर



सनातन सेवा संस्थान की बैठक बसाव मठिया के प्रांगण में परशुराम शोभा यात्रा के समापन हेतु आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने और कोर कमेटी को भंग करने के विषय पर आयोजित की गई। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों व आमंत्रित आगंतुकों ने सामूहिक रूप से कोर कमेटी को भंग करने पर सहमति दी। इसके साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि संस्थान की नई कोर कमेटी का गठन जल्द से जल्द किया जाएगा। बैठक की शुरुआत परशुराम शोभा यात्रा से संबंधित आय-व्यय के विवरण के साथ शुरू हुई। कोषाध्यक्ष ने विस्तारपूर्वक बताया कि आयोजन में कहां-कहां कितना खर्च हुआ और कितनी धनराशि प्राप्त हुई। सदस्यों ने लेखा-जोखा सुनने के बाद संतोष व्यक्त किया और आयोजन की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद दिया। इसके बाद संस्था की वर्तमान कोर कमेटी की समीक्षा की गई। चर्चा में यह महसूस किया गया कि संस्था को नई ऊर्जा और युवा नेतृत्व की आवश्यकता है, ताकि आगामी आयोजनों को अधिक योजनाबद्ध ढंग से संचालित किया जा सके। इसी क्रम में सर्वसम्मति से वर्तमान कोर कमेटी को भंग कर दिया गया। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि आगे संस्थान किन धार्मिक, सामाजिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। कुछ सदस्यों ने प्रस्ताव भी रखे, जिन पर आगामी बैठक में निर्णय लिए जाएंगे। सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि संस्थान को एक नई दिशा देने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे और नई कमेटी के गठन में निष्पक्षता, सक्रियता व सेवा-भाव को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक का समापन सामूहिक सहमति व भावी योजनाओं के प्रति उत्साह के साथ किया गया।

## कला मानसिक शांति व उन्नति का पथ भीः डीपीओ

निज संवाददाता | बक्सर



कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और जीवन में उन्नति का भी पथ है। यह विचार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) रजनीश कुमार उपाध्याय ने रविवार को शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्व के महान वैज्ञानिक, विद्वान और विचारक भी कला के माध्यम से अपने जीवन को संतुलित और प्रेरक बनाए रखते थे। कला व्यक्ति को तनावमुक्त कर मन को शांत करती है और इसी शांति से जीवन में तरक्की का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने छात्र कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी कला से जुड़े रहते हैं, वे न केवल व्यक्तिगत रूप से बल्कि सामाजिक और बौद्धिक रूप से भी विकास के मार्ग पर निरंतर अग्रसर होते हैं। इस दौरान आदर्श उच्च विद्यालय चौसा के छात्र आयुष कुमार जायसवाल और पीएम श्री सीपीएस एस प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरांव के छात्र प्रिंस कुमार गुप्ता ने अपनी बनाई कलाकृतियां शिक्षा विभाग को भेंट करने की इच्छा जताई। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने इसे ससम्मान स्वीकार किया और दोनों विद्यार्थियों की सराहना की। इन छात्र कलाकारों ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विष्णु कांत राय, चंदन कुमार द्विवेदी और नाजिश अली से मुलाकात कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त की। इन अधिकारियों ने भी उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि कला के क्षेत्र में निरंतर अभ्यास और समर्पण से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। बच्चे प्रशिक्षण लेकर प्रतिभा निखार रहे बक्सर जिले के सरकारी विद्यालयों में इस समय सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर सकारात्मक वातावरण बनता दिख रहा है। संगीत शिक्षक और कला से जुड़े शिक्षक बच्चों को प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारने में लगे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में भी जनता के सहयोग से सांस्कृतिक गतिविधियों का विकास हो रहा है। शिक्षक डॉ. मनीष कुमार शशि ने बताया कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को उभारने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। दृश्य कला की विभिन्न विधाएं जैसे चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, प्रिंट मेकिंग और ड्राइंग विद्यार्थियों के सोचने की क्षमता को बढ़ाती हैं और जीवन को सार्थक बनाती हैं। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रजनीश कुमार उपाध्याय ने कहा कि जिले में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक धरोहरों को भी आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालयों में सक्रिय नन्हे कलाकार अपनी प्रतिभा से न केवल जिला स्तर पर बल्कि राज्य स्तर पर भी पहचान बना रहे हैं। शिक्षक भी इसमें सहयोग देकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में योगदान दे रहे हैं। यह प्रयास आने वाले समय में विद्यालयों के प्रति ग्रामीण जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करेगा।

### 101 कुंडीय हवन यज्ञ 6 जून को आरा में

**आरा।** ब्रह्मविद्या विहंगम योग संस्थान के भोजपुर जिला कार्यालय सह सत्संग भवन, महाराजा हाता गली नंबर-2 में सत्संग हुआ। मंच संचालन श्रीकृष्णा प्रसाद ने किया। प्रोफेसर उमेश पांडेय ने अमरपुर ले चलूं हो सजना की प्रस्तुति दी। आरा प्रखंड प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने जून माह में 101 कुंडीय वैदिक हवन यज्ञ कराने का प्रस्ताव रखा। यह आयोजन धोबहा में होगा। उद्देश्य है ब्रह्मविद्या विहंगम योग के प्रचार-प्रसार को गति देना। बिहार राज्य समन्वयक सह दक्षिण बिहार महामंत्री भूपेंद्र राय ने कहा, यज्ञ से जीवन में भौतिक और आध्यात्मिक दोनों उन्नति होती है। उन्होंने कहा, सद्गुरुदेव के प्रति पूर्ण समर्पण जरूरी है। यह यज्ञ 6 जून 2025 को प्रस्तावित है। इसकी सफलता के लिए सभी गुरु भाई-बहनों की सहमति बनी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पटना पश्चिमी मंत्री उमेश कुमार, जिला सचिव विजय पांडेय, मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार, परामर्शक दीपनारायण प्रसाद, आरा अनुमंडल संयोजिका रीना गुप्ता, आकाश जी, प्रियंका गुप्ता, कंचन तिवारी, शीला देवी सहित सैकड़ों गुरु भाई-बहनों की उपस्थिति रही।

### पुलिस ने दो दिन में 9 वारंटी पकड़े

**कोईलवर।** गीधा थाना पुलिस ने बीते दो दिनों में अलग-अलग मामलों में 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि सभी न्यायालय स जारी वारंट में वारंटी है। गिरफ्तार किए गए लोगों में जीतु गुप्ता, राम विश्वास सिंह, चंद्रकांत सिंह, नीलम देवी, लोकनाथ सिंह, धनजीत सिंह, मनीष कुमार सिंह, संजू चौधरी और सुनील यादव शामिल हैं। ये गिरफ्तारियां पचैना, सोनघटा, महकमपुर, डुमरिया और कायमनगर से की गयी। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दुर्घटना में मधुबनी के हवलदार की आरा में हुई मौत

**आरा।** भोजपुर जिला में अज्ञात गाड़ी के ठोकर मारने से मधुबनी जिला के निवासी पुलिस हवलदार की मौत हो गई। देवेंद्र पासवान; मधुबनी जिले के बेलमोहन गांव के निवासी थे। बीएमपी-18 में हवलदार पद पर पदस्थापित थे। फिलहाल उनकी ड्यूटी उदवंतनगर थाना में थी। घटना रविवार की रात उदवंतनगर थाना क्षेत्र में कसाप गांव के समीप हुई। बताया जा रहा कि देवेंद्र पासवान ड्यूटी पर पैदल जा रहे थे। तभी अज्ञात गाड़ी चालक ने ठोकर मार दिया और भाग निकला। बुरी तरह जख्मी अवस्था में हवलदार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक राज, सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। जांच के लिए पटना से फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री की जांच टीम को भी बुलाया गया। पुलिस घटना से जुड़े साक्ष्यों को जुटाने में लगी हुई है।

### प्रॉपर्टी विवाद में हुई थी सत्येंद्र सिंह की हत्या

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने जयप्रकाश सिंह उर्फ सत्येन्द्र सिंह हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। प्रॉपर्टी विवाद में पहली पत्नी सीमा देवी ने बेटे विष्णु के साथ धारदार हथियार से गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया था। सीमा देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, बेटे की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना जगदीशपुर के देवघर- मोती टोला की है। 13 मई को जय प्रकाश सिंह सुबह के समय खेत की ओर गए थे। इस दौरान पत्नी और बेटे ने बेरहमी से गला काट दिया था। शरीर पर कई जगह गहरे जख्म के निशान मिले थे। मौके से एक देसी पिस्तौल भी बरामद हुआ था। मृतक की दूसरी पत्नी किरण देवी के बयान पर केस दर्ज हुआ था।

**जमीन विवाद में भाई को मार डालाः** मृतक के भाई ओम प्रकाश सिंह ने बताया, '1998 में जय प्रकाश की पहली शादी सीमा देवी से हुई थी। सीमा देवी झगड़ा करके बार-बार मायके भाग जाती थी। साथ नहीं रहना चाहती थी। तंग आकर भाई ने 205 में दूसरी शादी किरण देवी से की थी।'

## बीसीए की बॉलर खोज ट्रायल में बक्सर के शुभम का चयन

निज संवाददाता | बक्सर



बिहार में क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित बॉलर खोज ट्रायल में बक्सर के शुभम कुमार पाण्डेय ने शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। शुभम मूल रूप से सिमरी प्रखंड के बड़का राजपुर का रहने वाला है। लगभग 4,000 प्रतिभागियों में से केवल 25 गेंदबाजों का चयन किया गया, जिनमें शुभम भी शामिल हैं। चाइना-मैन गेंदबाज के रूप में चयनित हुए शुभम की इस उपलब्धि से उनके परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। पेशे से किसान पिता आशुतोष पाण्डेय ने कहा, शुभम बचपन से ही क्रिकेट का दीवाना रहा है। हम सबका सपना है कि वह एक दिन देश के लिए खेले। शुभम के परिजनों ने बताया कि शुभम की सफलता उनके निरंतर अभ्यास और समर्पण का परिणाम है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने खेल पर ध्यान केंद्रित रखा और अपने क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन का यह प्रयास, जिसमें राज्यभर से युवा गेंदबाजों को मौका दिया गया, प्रतिभावान युवाओं के लिए एक बड़ा मंच साबित हो रहा है। शुभम का चयन यह दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अब शुभम अगली चयन प्रक्रिया की तैयारी में जुट गए हैं और उनका लक्ष्य राज्य टीम में जगह बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना है।

## गंगा स्वच्छता अभियान व रोटी बैंक में सक्रिय भूमिका निभा रहे ओम

निज संवाददाता | बक्सर



नगर के नया बाजार निवासी ओम जी यादव समाज सेवा के क्षेत्र में एक ऐसा नाम बना चुके हैं, जो हर दिन अपने कार्यों से लोगों के दिलों में जगह बना रहे हैं। रेडक्रॉस के सदस्य और छात्र शक्ति के गंगा स्वच्छता अभियान के अग्रणी कार्यकर्ता ओम जी यादव रोटी बैंक के भी सक्रिय सदस्य हैं। रोटी बैंक के माध्यम से वह हर दिन जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने के कार्य में पूरे समर्पण के साथ लगे रहते हैं। ओम जी का मानना है कि समाज सेवा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य है। उनका सेवा भाव सिर्फ मानव मात्र तक सीमित नहीं है। वह ठंड के मौसम में गरीबों के बीच कंबल वितरण करते हैं तो गर्मियों में प्यासे और भूखे पशु-पक्षियों को भोजन और पानी उपलब्ध कराते हैं। उनके लिए हर जीव महत्वपूर्ण है, और यही सोच उन्हें अन्य समाजसेवियों से अलग करती है। ओम जी यादव स्वयं मानते हैं कि समाज सेवा की प्रेरणा उन्हें अपने दिवंगत पिता वासुदेव सिंह से मिली और माता वैष्णो देवी की कृपा ने उन्हें यह सामर्थ्य दिया कि वह हर दिन जरूरतमंदों के लिए कुछ कर सकें। उनका मानना है कि सेवा का रास्ता ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग है। बक्सर में ओम जी यादव आज उस सोच और संवेदना के प्रतीक बन चुके हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव की अलख जगा रही है।

# जमीनी विवाद के दो मामलों में 10 से ज्यादा घायल, लोदीपुर में आपस में भिड़े दो पक्ष

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के अलग-अलग इलाकों में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट के मामले में 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में एडमिट कराया गया है। दोनों ही मामले की जानकारी के बाद स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। पहला मामला लोदीपुर के माछीपुर गांव का है, जहां रविवार को रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस झड़प में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। घटना को लेकर एक पक्ष के मोहम्मद तमिल ने आरोप लगाया है कि जिला परिषद सदस्य बीवी कहकशां के बेटे मून ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर उनके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला किया। उन्होंने बताया विवाद एक जमीन को लेकर है, जिसे उन्होंने कानूनी रूप से खरीदा है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद सदस्य उस जमीन पर जबरन रास्ता निकालना चाह रही हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो मून और उनके साथियों ने उनके परिवार को बुरी तरह पीटा। पत्नी को गंभीर चोट, मायागंज किया गया रेफरः मोहम्मद तमिल ने बताया कि इस हमले में उनके साथ मोहम्मद मफिन और उनकी पत्नी बीवी नरगिस को गंभीर चोटें आई हैं। नरगिस की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। तमिल का कहना है कि मारपीट की यह घटना पूरी तरह से सुनियोजित थी और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। काफी पुराना विवाद है, हम लोगों को पीटाः वहीं, दूसरी ओर जिला परिषद सदस्य के पक्ष से छोटू नाम के व्यक्ति ने बताया कि विवादित जमीन को लेकर पहले से ही दोनों पक्षों में तनातनी चल रही थी। रविवार को बात बिगड़ गई और दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। छोटू ने आरोप लगाया कि उनके पक्ष के लोग भी इस मारपीट में घायल हुए हैं। उसने बताया कि मेरी और मेरी पत्नी की पिटाई की गई है। फिलहाल, दोनों पक्षों की ओर से जमीन विवाद में मारपीट को लेकर लोदीपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना स्थल का निरीक्षण किया है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है लेकिन पुलिस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के प्रयास कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विवाद लंबे समय से चला आ रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण यह मामला अब हिंसक रूप ले चुका है। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से न्याय की मांग की है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीरपैंती इलाके में भी जमीन विवाद में खूनी संघर्षः जमीन विवाद में मारपीट का दूसरा मामला पीरपैंती का है, जहां सवैया सरकंडा इसीपुर बाराहाट में दबंगों ने एक ही परिवार के चार लोगों को घर में घुसकर बुरी तरह पीट दिया।

मामला सिर्फ रास्ते के उपयोग का था, लेकिन इस बहाने दबंगों ने जमकर लाठी-डंडे बरसाए। घायल हुए लोगों में मुन्ना यादव, रामबचन यादव, हेमा देवी और प्रेमा देवी शामिल हैं। प्रेमा देवी की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है और उन्हें इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है।

# नई-नवेली बसों को अब परमिट का इंतजार

**भागलपुर**। सरकारी बस स्टैंड तिलकामांझी में 12 बसें डीजल व दो पिंक बस, सीएनजी पहुंच चुकी है। इसके अलावा मुंगेर को छह व जमुई को छह डीजल बसें मिली है। लेकिन कई बसों का परमिट नहीं मिलने के कारण बसों का परिचालन शुरू नहीं किया जा सका है। पिंक बसों के लिए परमिट के लिए सोमवार को आवेदन किया जाएगा। इसके अलावा छह डीजल बसें जो लंबी दूरी में चलेगी इसके परमिट के लिए भी आवेदन किया जाएगा। उम्मीद है कि एक सप्ताह में बसों का परमिट मिल जाएगा। वहीं दो पिंक बसों में एक पिंक बस में तकनीकी खराबी को दूर कर लिया गया है। खराबी को दूर करने के बाद शनिवार की देर रात दो बजे बस को तिलकामांझी बस स्टैंड लाया गया।

# भागलपुर में पुलिस पर हमला, 3 पुलिसकर्मी घायल

**भागलपुर** । भागलपुर में पुलिस पर महिलाओं पत्थरबाजी कर दी। जिसमें 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए। मामले में 10 महिला और पुरुष को हिरासत में लिया गया है। पुलिस की टीम शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई थी। पुलिस 20 लीटर शराब बरामद कर एक महिला को हिरासत में लेकर थाने लौट रही थी। तभी महिलाओं ने अपनी छत से पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी। हमले में ललमटिया थाना की गाड़ी का शीशा फूट गया। सूचना पर डीएसपी-2 राकेश कुमार, नाथनगर इंस्पेक्टर राजीव रंजन सिंह और ललमटिया थानाध्यक्ष भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंचे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

पत्रांक .......................... दिनांक ..........................

**रद्द सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत ई–निविदा कोटेशन (N.I.Q) जिसका PR 351653 District(25-26)D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।**

PR 352919 (Building) 25-26 (D)



## झारखण्ड सरकार
## कार्यालयः–प्रमण्डलीय प्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गढ़वा,
कचहरी रोड, फॉरेस्ट कैम्पस गढ़वा।
**(झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0)**

E-mail:**dmgarhwa29@gmail.comContact Number : 06561-222269**

**आम नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सभी टिम्बर डीपू स्वामियों, आरा मिल स्वामियों, जलावन डीपू संचालको, प्रकाष्ठ/जलावन के विक्रेताओं–क्रेताओं एवं आम जन को सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यक्रम के अनुसार इस प्रमण्डल के वनागारों में प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा द्वारा प्रकाष्ठ,/जलावन की बिक्री आम नीलामी के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति, प्रतिष्ठान, टिम्बर डीपू एवं आरा मिल मालिक आदि विभिन्न वनोत्पादों के क्रय हेतु लॉट सूची प्रमण्डलीय कार्यालय से नीलामी की तिथि के एक दिन पूर्व तक कार्य अवधि में प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा के कार्यालय में कार्यावधिकाल में संपर्क कर सकते है।

| क्रं0 | नीलामी स्थल/ वनागार का नाम | नीलामी की तिथि | नीलामी का समय | प्रकाष्ठ/जलावन की किस्में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चेतना वनागार, गढ़वा | 26.05.2025 | पूर्वाहन् 11:30 बजे से 01: 30 बजे तक। | विविध वन पदार्थ एवं जलावन |

ह0/–
**प्रमण्डलीय प्रबंधक,**
**लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल गढ़वा**

PR 352857 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D



## कार्यालय–नगर पंचायत नबीनगर (औरंगाबाद)

बिहार सरकार

**आम सूचना**

1. बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 342 के साथ पठित 129 ( ख ) एवं ( ग ) तथा धारा 421 में प्रदत अधिकार का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत नबीनगर ने अपने प्रस्ताव संख्या अन्यान्य दिनांक 27.01.2025 के द्वारा इस नगर पंचायत अनुज्ञप्ति विनिमय 2023 को विनियमित किया है। ताकि गैर आवासीय प्रयोजन के लिए परिसरों के उपयोग के लिए अनुज्ञप्ति को जारी निलंबित एवं निरस्त किया जा सके।
2. नगर पंचायत नबीनगर द्वारा प्रदत अनुज्ञप्ति के बिना या उसकी शर्तों के अनुरूपता से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा गैर आवासीय प्रयोजन के लिए किसी परिसर का ना तो उपयोग किया जाएगा और ना ही उपयोग किए जाने की अनुमति दी जाएगी।
3. अगर किसी व्यक्ति द्वारा किसी परिसर का गैर आवासीय प्रयोजन के लिए पूर्व से उपयोग किया जा रहा है तो उसे इस विनिमय के स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से एक माह के अंदर विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसा नहीं करने पर यह रुपए 50 ( पचास ) प्रतिदिन के दर से दण्ड का भागी होगा परंतु दण्ड देकर अनुज्ञप्ति प्राप्त करने की यह प्रक्रिया 3 माह से अधिक नहीं बढ़ाई जाएगी। तीन माह पूरा होते ही गैर आवासीय प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा रहे उक्त परिसर का नगर पंचायत नबीनगर या नगर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मुहर बन्द कर दिया जाएगा तथा व्यवसाय अवधि का संपूर्ण बकाया दण्ड के साथ वसूली हेतु नगर पंचायत नबीनगर द्वारा गैर राजस्व वसूली अधिनियम 2013 के तहत वसूली प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।
4. अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से परिसर का संपत्ति कर (PID) नं अंकित करना होगा।
5. अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति को परिसर में ऐसे स्थान पर प्रदर्शित करेगा जहाँ परिसर में आने वाले सभी दर्शकों की दृष्टि आसानी से जा सके।
6. अनुज्ञप्ति शुल्क व्यवसायिक क्षेत्रफल के आधार पर निम्नांकित रूप से जमा करना अनिवार्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| A. | 1000 वर्गफुट से ऊपर | 2500 |
| B. | 500 वर्गफुट से 1000 वर्गफुट तक | 1500 |
| C. | 100 वर्गफुट से 500 वर्गफुट तक | 500 |
| D. | 100 वर्गफुट से कम | 300 |

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**नगर कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत नबीनगर**

PR- 003667 ( B & C ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

**E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा R.K. Infracorp Pvt. Ltd., Lumbini Enclave, Opp.NIMS, Hyderabad, Telangana, Gujrat को इस प्रेस विज्ञप्ती के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, गढ़वा अन्तर्गत पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत रमना से मझिआंव भाया विशुनपुर पथ (कुल लंबाई 29.30 कि0मी0) के सुदृढ़ीकरण/पुर्ननिर्माण कार्य, जिसका एकरारनामा सं0 01 SBD/23-24 एवं दिनांक 05.04.23 द्वारा आवंटित था एवं कार्य पूर्णता की तिथि दिनांक– 04.08.2024 था। परन्तु इतनी लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद भी उक्त कार्य पूर्ण नहीं करते हुए वर्तमान अवधि तक कार्य को अवरूद्ध रखा गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय–समय पर विभिन्न पत्रों द्वारा दिये गये निर्देश के बावजूद भी पथ योजना कार्य को पूर्ण करने हेतु समुचित प्रयास नहीं किया गया एवं मनमाने ढंग से कार्य निष्पादन करते हुए कार्य को लगभग पाँच माह से अनाधिकृत रूप से बंद रखा गया है, जो अपने हीं द्वारा पूर्व में प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित कार्य–योजना (Revised Work Programme) का भी उल्लंघन कर कार्य एकरारनामा के शर्त्तों का उल्लंघन किया गया एवं अद्यतन दिवस तक वर्णित पथ कार्य को अवरूद्ध रखा गया है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है, कि यथाशीघ्र लंबित अवशेष पथ कार्य को हर–हाल में यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा बाध्य होकर वर्णित कार्य की अंतिम मापी विभागीय अभियंताओं द्वारा लेते हुए योजना को Rescind कर दिया जाएगा एवं आपके विरूद्ध एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में तत्संबंधी समस्त कार्रवाई प्रारंभ कर, नियमानुसार जमानत की राशि जब्त कर लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**कार्यपालक अभियंता,**
**प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।**

**PR 352967 Road (25-26)D**



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. ईएनजीजी–02/25–26 (खुली) दिनांक** 15.05.2025, मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन–743145, पश्चिम बंगाल द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से पर्याप्त अनुभव और वित्तीय क्षमता वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिन्होंने पूर्व में विशेष रूप से रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई या कोई अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में समप्रकृति के कार्य का निष्पादन किया है: **निविदा सं.: डब्ल्यूटी–02–25–26, कार्यों का विवरण:** काँचरापाड़ा वर्कशॉप में: रेलवे मिक्स्ड प्राथमिक विद्यालय, काँचरापाड़ा में बुनियादी ढांचे का विकास और नवीनीकरण।। **निविदा मूल्य:** रु. 1,12,97,322.32, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति*:** रु.2,06,500/–, **निविदा कागजात की लागत (अप्रतिदेय):** शून्य । **एलओए जारी करने की तिथि से समाप्ति की अवधि:** 12 माह । **निविदा खोलने की तिथि और समय:** दिनांक 10.06.2025, *रेलवे बोर्ड ने पत्र सं.–2020/सीई–1/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी, दिनांक 30.12.2020 के माध्यम से दिनांक 31.12.2021 तक किसी भी कार्य निविदा के लिए कोई ईएमडी (बयाना राशि) नहीं लेने का निर्देश दिया था। पर, चूंकि आगे के लिए अभी तक ऐसा कोई निर्देश नहीं है, इसलिए, ईएमडी प्रणाली वापस ली जाती है। कार्य का दायरा संकेत मात्र है। हालांकि, विवरण भारतीय रेलवे की ई–निविदा साइट (आईआरईपीएस) अर्थात **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **विज्ञापन अवधि:** समय जिस दौरान निविदा से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी, परंतु प्रस्ताव जमा नहीं किया जा सकता है। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** निविदा खुलने के पंद्रह दिन पहले, जिस दौरान निविदाकार अपना प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 10.06.2025 को 14.00 बजे बंद कर दी जाएगी और निविदा उसी तिथि को 14.30 बजे के बाद किसी भी समय खोले जाने वाले कर्मियों के उपस्थित रहने एवं नेट सुगम्यता के अधीन खोली जाएगी।

MISC-66/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# 24 घंटे में 19 अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई

**भागलपुर**। 24 घंटे के अंदर जिले में 19 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है। इनमें से 6 को जेल भेजा गया। वहीं पॉक्सो एक्ट में एक, शराब के साथ आठ, शराब पीने वाले पांच, वारंट में एक की गिरफ्तारी हुई है। इधर बालू लदा एक ट्रक, तीन बाइक भी जब्त हुआ है।


## जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिला अन्तर्गत कई जगहों पर बिना व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त किये बिक्री केन्द्र खोलकर वाहन की बिक्री की जा रही है। कुछ डीलरों द्वारा एक जगह का व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त कर बिना किसी कागजात तथा अनुमति के जिला तथा जिला से बाहर भी कई बिक्री केन्द्र खोलकर वाहन की बिक्री की जा रही है जो मोटरवाहन अधिनियम के धाराओं का उल्लंघन है तथा इससे सरकारी राजस्व की हानी हो रही है।

अतः अवैध रूप से संचालित सभी बिक्री केन्द्र संचालकों को सूचित किया जाता है कि व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त कर ही वाहन बिक्री केन्द्र का संचालन करे तथा यदि आपकों व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त हो तो मात्र उसी स्थान पर वाहन बिक्री केन्द्र का संचालन करेंगे जिस स्थान के लिए व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त हों।

एक सप्ताह के अंदर अवैध रूप से संचालित वाहन बिक्री केन्द्र बंद करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा औचक निरीक्षण के क्रम में अवैध रूप से बिक्री करते हुए पाये जाने पर बिक्री केन्द्र को सील करते हुए आपके विरूद्व मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इसे अत्यावश्यक समझे।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 352872 Transport (25-26)_D



## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-NIT Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm/agency/contractors for the following work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Name of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST@18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 107/PR/JUSNL/ 2025-26 | Repair & maintenance,sanitary work,painting of Control Room, Office Room, DG Room and Store Room etc. and other miscellaneous work at 132/33 kV GSS Latehar. | 04 Months | 5900/- | 31500/- | 15,73,566.00 |
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | | | | 17.05.2025 at 12.00 PM | | |
| Start Date & Time of upload of BID | | | | 17.05.2025 at 12.00 PM | | |
| End date and time of upload of BID | | | | 09.06.2025 at 12.00 PM | | |
| BID Opening date for Technical Part (Part -I) | | | | 10.06.2025 at 12.30 PM | | |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | | | | Will be communicated later on | | |
| Tender Inviting Authority and address for communication | | | | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand | | |

**NOTE:-**
1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

**Sd/-**
**General Manager**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

PR 352893 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)25-26*D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR

**e-Procurement Tender Notice, Two Envelope System**

**Tender Reference No:- WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-03/2025-26**

**Letter no:- 190** **Date:- 17/05/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Chhatapur Solar Lift Irrigation Scheme |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,94,700=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,10,000=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (**http:// jharkhand tenders.gov.in)** | Date:- 29.05.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 13.06.2025, Time:- 03.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 29.05.2025, Time- 4.00 PM Last Date:- 13.06.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 14.06.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Medininagar |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@gmail.com |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-**
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps **(DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work. **Only e-Tender will be accepted.** Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Medininagar.**

**PR 352958 Minor Irrigation(25-26)#D**



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**

Tender Reference No:- WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-02/2025-26

Letter no:- 189 Date:-17/05/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Bakhari Solar Lift Irrigation Scheme |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,43,400=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit(Rs.) | **Rs. 1,09,500=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (**http://jharkhandtenders.gov.in)** | Date:- 29.05.2025, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 13.06.2025, Time:- 03.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 29.05.2025, Time- 4.00 PM Last Date:- 13.06.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 14.06.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Medininagar |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@gmail.com |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651-2214784 |

**Note:-** ➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps **(DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

➢ **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Medininagar.**

PR 352961 (Minor Irrigation) 25-26 (D)



झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
**प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा 822112**
**Email:- govitijhagratand@gmail.com**

**नामाकंन सुचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त गढ़वा जिला के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/ स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti. Jharkhand.gov.in- Admission Tab) आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड, गढ़वा में निम्न व्यवसायों की प्रशिक्षण दी जा रही है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–

| क्रं0 सं0 | व्यवसाय | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Electrician | 02 वर्ष | 40 | $10^{th}$ |
| 02 | Fitter | 02 वर्ष | 40 | $10^{th}$ |
| 03 | Mechanic Diesel | 01 वर्ष | 48 | $10^{th}$ |
| 04 | Welder | 01 वर्ष | 40 | $8^{th}/10^{th}$ |

3.महत्वपूर्ण तिथियाँः–

| क्रं0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 (5:00 PM) |
| 03 | औपबंधिक मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 (5:00 PM) |
| 04 | औपबंधिक मेघा राज्य सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिशत कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि में सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 05 | अंतिम मेघा सूचियों (अठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

4.डी0 जी0 टी0 के पत्रांक–DGT-Aff011/01/2025-00 DIR (TC) Part(2)[63756], दिनांक–03/05/2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैद्य मोबाईल नं0,ई–मेल आई0 डी0, एवं आधार नं0 आवश्यक है तथा NTC उर्त्तीणता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0 जी0 टी0 का पत्र https://iti. Jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।

5.नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड आई0टी0आई0 Web Portal (https://iti. Jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

6.किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु आई0टी0 आई0 मो0 नं0–9709259437 एवं 8210089235. से सर्म्पक किया जा सकता है।

**HELP DESK IN ITI CAMPUS**
**AJEET KUMAR YADAV, COMPUTER OPERATOR**
**INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE, GARHWA**
**MOB- 8210089235**

**प्रभारी प्राचार्य**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान**
**झगड़ाटाँड़, गढ़वा**

PR 352963 Labour Employment and Traning (25-26)_D

# आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार का छोड़ा साथ प्रशांत किशोर की पार्टी में हुए शामिल

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजनीति में एक नया समीकरण बनता दिख रहा है. लंबे समय से हाशिए पर चल रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह एक बार फिर सक्रिय राजनीति में वापसी की तैयारी में हैं. कभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सबसे करीबी सहयोगियों में गिने जाने वाले आरसीपी अब प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी के साथ नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं.

**आसा बनी उम्मीद, लेकिन उम्मीदें टूटीं :** 2024 में दीपावली के दिन आरसीपी सिंह ने अपनी नई पार्टी 'आसा' (आप सब की आवाज़) की घोषणा की थी. शुरुआत में लगा कि वे राज्य की राजनीति में एक नया मोर्चा खोल सकते हैं, लेकिन कुछ ही महीनों में यह पहल जमीन पर असर नहीं छोड़ सकी. सियासी गलियारों में चर्चा थी कि उनकी यह कोशिश उन्हें फिर से प्रासंगिक बनाने की थी, लेकिन वह कोशिश धूमिल होती नजर आई.

**ऊंचाई से गिरावट तक: एक राजनीतिक ग्राफ :** राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो आरसीपी सिंह का सियासी ग्राफ 2010 से 2021 तक लगातार ऊपर चढ़ता गया. आईएएस की नौकरी छोड़ने के बाद उन्होंने जदयू में कदम रखा और जल्दी ही नीतीश कुमार के करीबी बन गए. पार्टी में उन्होंने अध्यक्ष पद तक की जिम्मेदारी संभाली और फिर केंद्र में मंत्री भी बने. लेकिन 2021 में कैबिनेट विस्तार के दौरान नीतीश कुमार की मर्जी के बिना मंत्री बनने का आरोप उनके खिलाफ लगा. यहीं से उनके और नीतीश के रिश्तों में दरार आ गई. 2022 में उन्हें राज्यसभा से टिकट न देकर पार्टी ने संकेत दे दिया कि उनकी उपयोगिता खत्म हो चुकी है.

**बीजेपी का दरवाजा खटखटाया:** नीतीश से दूरी के बाद आरसीपी सिंह ने 2023 में भाजपा का दामन थामा, उम्मीद थी कि 2024 लोकसभा चुनाव में उन्हें टिकट मिल सकता है. लेकिन बीजेपी और नीतीश की सियासी नजदीकियों ने आरसीपी को फिर से दरकिनार कर दिया. उनकी राजनीतिक जमीन और विकल्प दोनों सिमटते चले गए.

**अब जन सुराज के साथ नई शुरुआत :** अब आरसीपी सिंह ने प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज से हाथ मिलाया है. यह गठजोड़ बिहार की राजनीति में एक नई संभावनाओं की जमीन तैयार कर सकता है. खासकर, कुर्मी वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए इस गठजोड़ को नीतीश कुमार के लिए चुनौती माना जा रहा है.



**क्या नीतीश को हो सकता है नुकसान? :** राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कुर्मी समुदाय में आरसीपी सिंह की पकड़ अब भी प्रभावशाली है. ऐसे में यदि जन सुराज इस समीकरण को भुनाने में सफल रहा, तो बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार को सीधी चुनौती मिल सकती है.

**बिहार जंगलराज की ओर न लौटे :** प्रशांत किशोर ने आरसीपी सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि आरसीपी सिंह के पास प्रशासनिक और संगठनात्मक अनुभव है, जो बिहार में बहुत कम लोगों के पास है। आज हम दोनों साथ आ रहे हैं, तो इसका बहुत बड़ा असर होगा। बिहार, फिर से जंगलराज की ओर नहीं लौटना चाहिए। हमारी लड़ाई भाजपा से भी है ताकि वो चोर दरवाजे से सरकार न बना सके।

**नीतीश कुमार नहीं, ठेकेदार चला रहे सरकार :** प्रशांत किशोर ने जेडीयू के पुराने नेताओं की सराहना करते हुए कहा कि अगर सबसे समझदार कार्यकर्ता किसी दल में है, तो वह जनता दल यूनाइटेड में है। जन सुराज में समाजवाद को जिंदा रखा जाएगा। उन्होंने नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि ÷नीतीश कुमार न सरकार चला रहे हैं, न पार्टी। आज सरकार ठेकेदार चला रहे हैं, जिनका कोई राजनीतिक अनुभव नहीं है।

**तीसरे विकल्प की शुरुआत :** दोनों नेताओं ने दावा किया कि बिहार में अब तीसरी राजनीतिक ताकत तैयार हो रही है जो एनडीए और महागठबंधन से अलग होगी। प्रशांत किशोर ने कहा कि लोग कहते हैं कि बिहार में दो गठबंधन हैं- एनडीए और महागठबंधन, लेकिन इन्हें बनाने में हम लोगों ने मेहनत की थी। अब हम अपना घर बनाने जा रहे हैं।

### भारत की सारी पार्टियां ए टीम है

पीके ने कहा कि जेडीयू को मैंने सीएए और एनआरसी के मुद्दे पर छोड़ा था। आरसीपी सिंह के वजह से नहीं। आरसीपी सिंह से मेरा कोई मतभेद नहीं था। आज नीतीश कुमार को चार लोगो ने घेर कर रखा है। नीतीश कुमार के लेगेसी को खत्म कर रहे हैं। अगर नीतीश आज से तीन साल पहले कुर्सी छोड़ देते तो बिहार के लिए महान हो जाते। जन सुराज के बारे में कहा जाता था की भाजपा की बी टीम है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि भारत की सारी पार्टियां ए टीम है।

### आरसीपी टैक्स पर पलटवार

आरसीपी सिंह ने कहा कि एक वक्त में मुझ पर आरोप लगा, लेकिन आज कौन टैक्स ले रहा है। भाजपा के बड़े नेताओं से मेरा जान-पहचान था, लेकिन मुझे कोई काम नहीं दिया गया। इस वजह से हम भाजपा से अलग हो गए थे, क्योंकि मुझे काम करना था। उन्होंने कहा कि बिहार में सेमीकंडक्टर का यूनिट नहीं लगा जबकि इसके लिए बिहार सबसे उपयुक्त है। उन्होंने आगे कहा कि लोग कहते हैं कि बिहार में सिर्फ बालू है। बिहार में कोई खनिज नहीं है, लेकिन ये सब गलत है। जब मैं केंद्र में मंत्री था तब यह पता चला की बिहार में इतना खनिज है कि जानकर मैं उछल पड़ा था। इसकी जानकारी मैंने नीतीश कुमार को दिया था, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। इस पर कोई विचार नहीं किया गया। मैं भी लगातार बिहार घूम रहा हूं। आरसीपी सिंह की भूमिका जन सुराज को नेतृत्व करने वालो में से होगी। पीके ने कहा कि आरसीपी सिंह जन सुराज का नेतृत्व कर सकते हैं।

---

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में बनेंगे 22 हजार नए युवा आपदा मित्र

■ बाढ़-सुखाड़ और भूकंप के समय करेंगे मदद




**पटना, एजेंसी।** बिहार में आपदा प्रबंधन कार्य को और प्रभावी बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य में 22 हजार नए युवा आपदा मित्र बनाए जाएंगे। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आपदा के समय स्थानीय प्रशासन इनकी मदद लेगा। ये बाढ़, सुखाड़, भूकंप, अगलगी, वज्रपात या अन्य आपदा के समय प्रशासन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम करेंगे। इससे राहत कार्य ज्यादा लोगों तक पहुंच पाएगा। वर्तमान में बिहार में 9500 से अधिक आपदा मित्र हैं। 22200 नए युवा आपदा मित्र तैयार होने के बाद राज्य में इनकी संख्या 32 हजार हो जाएगी। इसके लिए एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र और भारत स्काउट एवं गाइड के स्वयंसेवक एवं कैडेट को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन्हें तीन साल का बीमा कवर भी दिया जाएगा। इनकी तैनाती होने पर स्थानीय जिला प्रशासन की ओर से इन्हें भत्ता भी दिया जाएगा। वर्तमान में 450 से 750 रुपये के बीच भत्ते का प्रावधान है। युवा आपदा मित्र राज्य के हरेक जिले में संवेदनशील स्थलों के आसपास के क्षेत्रों से होंगे। बिहार के 29 जिले बाढ़ के दृष्टिकोण से संवेदनशील हैं, इसमें से 15 अतिसंवेदनशील हैं। दक्षिण बिहार के ज्यादा जिले सुखाड़ प्रभावित हैं। राज्य का 15.20 फीसदी क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील जोन 5 में आता है।

### बंदर के आतंक से आतंकित है अठनिया दियारा के लोग बदल चुके हैं रास्ता

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड के दियारा क्षेत्र में स्थित परशुरामपुर पंचायत के अठनिया दियारा गांव में बंदरों का आतंक छाया हुआ है। लोग रास्ता बदलकर चलने को मजबूर हो गए हैं। लोगों का कहना है कि बंदर किसी के छत से या पेड़ से सीधे शरीर पर कूद जाते हैं। घरों दरवाजों पर भी अचानक हमला कर किसी को जख्मी कर देते हैं। रविवार को भी एक 25 वर्षीय युवक भूषण कुमार को हाथ में काटकर जख्मी कर दिया। पिकपप चालक मो. महफूज किसी तरह बच पाया। ग्रामीण संजय यादव, सुनील शर्मा, अमित कुमार, दीपक कुमार, राजेश आदि ने बताया कि पिछले कई महीनों में यहां बंदरों का आतंक है। यहां आठ से दस बंदरों की टोली है। उनमें से एक बंदर सड़क पर चलने वाले ट्रैक्टर, जीप, पिकअप, ऑटो आदि गाड़ियों में अगले सीट पर बैठे ड्राइवर और यात्रियों को काटकर घायल कर देते हैं। अब तक दर्जनों लोगों को जख्मी कर दिया है। जिनमें रामनगर में अवधेश कुमार यादव, रंजीत कुमार, अठनियां में शोभाकांत यादव, मंगल यादव, भूषण कुमार, चितरंजन यादव, व्यास कुमार आदि घायल हुए हैं। लोगों को दियारा स्थित अपने खेत जाने, बच्चों को पढ़ने जाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। रामनगर, लक्ष्मण टोला, मोहनपुर, गोविंदपुर, माधोपुर, अठनिया, खुशालपुर, बकिया आदि गांवों के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। लोगों की मांग है कि वन विभाग की टीम बंदरों का रेस्क्यू करे। रेंज ऑफिसर रूपम कुमार सिंह ने बताया कि अठनिया दियारा भी रेस्क्यू टीम जाएगी टीम को कमलचक भी जाना है। इसके विशेषज्ञ डॉक्टर जो ऐसे बंदरों को ऐसे बंदरों को गन से बेहोश करते हैं। वे दो दिन की छुट्टी पर हैं। जैसे ही छुट्टी से वापस आते हैं दोनों जगह रेस्क्यू टीम भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि अठनिया दियारा वाला मामला भी अभी अभी ही संज्ञान में आया है।

---

## दो पक्षों में झड़प के दौरान फायरिंग, एक घायल

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में रविवार रात दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। यह घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के जुड़ावनपुर गांव में हुई। घायल युवक की पहचान गांव के ही सुजीत कुमार (34) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुजीत कुमार अपने घर के पास बहुल राय और रविन्द्र राय के बीच चल रहे विवाद को देखने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी पक्ष की चलाई गई गोली उनके बाएं पैर की जांघ में जा लगी।

**स्थानीय अस्पताल से हाजीपुर सदर रेफर :** गोली लगने के बाद परिजन उन्हें तुरंत बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर किया गया। उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

**पुलिस ने दर्ज किया बयान, शुरू की जांच :** बिदुपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि विवाद के दौरान छीना-झपटी में गोली चलने की बात सामने आई है। घायल सुजीत का बयान दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच जारी है। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

---

## दरभंगा में विधानसभा चुनाव को लेकर मिथिलावादी पार्टी की बैठक

### राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- जनता को अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना होगा, हमलोग संघर्ष करेंगे

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में रविवार को विधानसभा चुनाव को लेकर मिथिलावादी पार्टी की बैठक हुई। इस दौरान बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और एनडीए सरकार की विफलताओं को जनता तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ताओं ने एनडीए को हराने और पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। साथ ही स्थानीय मुद्दों पर जन आंदोलन तेज किया जाएगा। मीटिंग में राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल चौधरी, विद्या भूषण राय समेत पार्टी के कई नेता मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज ने कहा, मिथिला वर्षों से उपेक्षित रहा है। अब जनता को अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना होगा। जब तक नौजवान को गांव में रोजगार और सम्मान नहीं मिलेगा। तब तक कोई सरकार सफल नहीं मानी जाएगी। पार्टी हर गली, पंचायत और विधानसभा में संघर्ष करेगी।



प्रदेश अध्यक्ष गोपाल चौधरी ने कहा, यह समय सजग नेतृत्व का है। मिथिलावादी पार्टी हर वर्ग की आवाज बनेगी। हम जनता से किए हर वादे को निभाएंगे। पलायन केवल आर्थिक नहीं, सांस्कृतिक और सामाजिक त्रासदी है। अब जनता को तय करना होगा कि सम्मानजनक जीवन चाहिए या पलायन की पीड़ा। मीटिंग में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सागर नवदिया, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र कुमार, प्रदेश सचिव रजनीश प्रियदर्शी, आदित्य मंडल, धीरज कुमार झा, गुलफाम रहमानी, शुभाष पासवान, मनीष पांडे, अमन सक्सेना, संजय झा, कन्हैया झा, सुमित माउबेहटिया, अभिषेक यादव, प्रियंका मिश्रा, प्रसून, अर्जुन दास, अभिषेक झा, छोटेलाल पांडेय, प्रियरंजन झा, राघवेंद्र रमण, शिवेंद्र वत्स, कृष्ण मोहन झा, बिमल झा, मुलायम यादव, सुधीर शर्मा, रणधीर यादव, संतोष साहू समेत विधानसभा स्तरीय कमिटी के सदस्य मौजूद रहे।

---

## गया जी में एनकाउंटर, पिता-पुत्र हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मारी गोली



**गया जी, एजेंसी।** बिहार के गया जी जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बाप-बेटे की हत्या का मुख्य आरोपी को गोली मारी है। गोली लगने से अपराधी जख्मी हो गया है। बताया जा रहा है कि फतेहपुर में पुलिस एनकाउंटर में पिता-पुत्र हत्याकांड का मुख्य आरोपी घायल हो गया है। मुख्य आरोपी का नाम नीतीश कुमार बताया जा रहा है। नितीश कुमार को पैर में गोली लगी है। घायल हालत में उसे इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें कि नीतीश वजीरगंज के दखिनगांव में पिता-पुत्र हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। नीतीश भी दखिनगांव का ही रहने वाला है। नीतीश पर पिता-पुत्र की गोली मार हत्या का आरोप है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के तेलबीघा गांव के पास रविवार देर रात पुलिस एनकाउंटर में नीतीश को गोली लगी है। दरअसल गया जी जिले के वजीरगंज थाना अंतर्गत दखिनगांव में शनिवार की दोपहर पिता-पुत्र की हत्या मामले में एफआइआर दर्ज कर ली गई थी। एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। रविवार को वजीरगंज थाने में डीएसपी सुनिल कुमार पांडेय व थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भूमि विवाद में हत्या की गई है। मृतक अशोक सिंह की पुत्री बंटी कुमारी के बयान पर उसके चचेरे भाई नीतीश कुमार और अंकित कुमार, चाचा अखिलेश कुमार उर्फ गुड्डू सिंह, चाची नीतू देवी सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआइटी का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित अखिलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया, वह भी भागने के फिराक में था, जिसे जमुआवां से गिरफ्तार किया गया था। उक्त मामले में मुख्य आरोपित नीतीश कुमार सहीत अन्य अभी भी पुलिस के पकड़ से बाहर थे, जिसकी गिरफ्तारी के लिए संबंधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। बंटी कुमारी ने बताया था कि भाई कुणाल (मृतक) से नीतीश ने चार लाख रुपये उधार लिए थे, जो वापस मांगने पर वह उसे जान से मारने और मेरे भाई के हिस्से में मिले मकान से बाहर निकालने की धमकी भी देता था।

---

## बंगाल के मवेशी कारोबारी से 3.50 लाख की लूट: पूर्णिया में विरोध करने पर अपराधियों ने मारी गोली




**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में सरसी थाना क्षेत्र में पश्चिम बंगाल के मवेशी कारोबारी से 3.50 लाख की लूट हुई है। विरोध करने पर कारोबारी को गोली मार दी। साथ ही 5 लोगों को पिस्टल के बट से मारकर घायल कर दिया। 6 हथियारबंद अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। कारोबारी की हालत गंभीर बनी हुई है। कमर में गोली लगी है। घायलों को जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना डिबरी पुल के पास की है। घायल कारोबारी की पहचान मालदा जिला के संबलपुर टाल निवासी सरफुल हक (50) के तौर पर हुई है। अन्य घायल भी इसी गांव के रहने वाले हैं। जिनका नाम मो. खाबिर (46), हसमुद्दीन (50), मो. सदाब (40), अमीरूल (40) के अलावा पिकअप ड्राइवर मो. अनर (43) है।

**विरोध करने पर मारा :** घायल कारोबारी मो. खाबिर ने बताया कि 5 साथियों के साथ मवेशी खरीदने मालदा से बनमनखी हटिया जा रहा था। इस दौरान डिबरी पुल के समीप लाल रंग की कार ने ओवर टेक करके रोका। गाड़ी से नीचे उतरते ही फिल्मी स्टाइल में घेर लिया। 6 अपराधियों में से 3 के पास हथियार था। हथियार दिखाकर कैश निकालने को कहा। विरोध करने 2 राउंड फायरिंग की। एक गोली सरफुल हक के पेट में लग गई। गोली लगते ही वो जमीन पर गिर पड़ा। मेरे जेब से 70 हजार रुपए निकाल लिया। अन्य साथियों के पास जो भी कैश था, पिस्टल के बट से मारपीट कर सब लूट लिया। कुल 3.50 लाख की लूट हुई है।

**हाट में मवेशी खरीदने नेपाल, झारखंड से कारोबारी आते हैं :** वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार को बनमनखी में मवेशी हटिया लगता है। यहां बंगाल, नेपाल और झारखंड से व्यापारी मवेशी खरीदने आते हैं। बदमाश हुलिया और गाड़ी देखकर पहले व्यापारियों की रेकी करते हैं। इसके बाद लूटपाट की वारदात को अंजाम देते हैं। अधिकांश बदमाश मधेपुरा के होते हैं, जिनका कनेक्शन लोकल बदमाशों के साथ होता है।

---

## मुजफ्फरपुर जिले में हुई लाखों की इलायची चोरी

### कंटेनर ट्रक से ले उड़े चोर



**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रैतनिया पेट्रोल पंप से 250 मीटर की दूरी पर 10 चक्के वाले कंटेनर ट्रक से 35 बॉक्स छोटी इलाइची चोरी के मामले में करजा और पानापुर पुलिस सीमा विवाद में उलझी है। थानेदारों का कहना है कि घटना उसके थाना क्षेत्र में नहीं है। दो दिन से पश्चिम बंगाल के हावड़ा बेलगछिया रोड निवासी कंटेनर चालक अजीत मिश्रा शिकायत दर्ज कराने के लिए चक्कर काट रहा है।

वह कभी करजा तो कभी पानापुर करियात थाने जा रहा है, जबकि पुलिस ट्रक चालक पर ही शक जता रही है। थाने में चालक की शिकायत नहीं लेने पर उसने ग्रामीण एसपी विद्या सागर से शिकायत की, इसके बाद भी एफआईआर नहीं ली गई। अजीत मिश्रा का कहना है कि वह अहमदाबाद स्थित एक ट्रांसपोर्ट एजेंसी से 1000 बॉक्स छोटी इलाइची व अन्य सामान कंटेनर में लोड कर नेपाल बॉर्डर के पास जोगबनी स्थित ट्रांसपोर्ट एजेंसी ले जा रहा था। चालक ने बताया कि वह लगातार 12 घंटे तक गाड़ी चलाता था।

लगातार गाड़ी चलने से टायर गर्म हो जाता है। रैतनिया में पेट्रोल पंप से करीब 250 मीटर पहले गाड़ी खड़ी की और टायर चेक किया। टायर गर्म देख गाड़ी वहीं पर खड़ी कर टायर ठंडा होने का इंतजार करने लगा। इस दौरान गाड़ी के अंदर नींद आ गई। शाम करीब पांच बजे नींद खुली तो कंटेनर के पीछे वाले गेट का ताला कटा था और 35 बॉक्स इलाइची गायब थी, जिसका अनुमानित मूल्य पांच लाख रुपये से अधिक है। पानापुर करियात थानेदार ने चालक से पूछ कि आमतौर पर कोई भी चालक पेट्रोल पंप पर गाड़ी रोकेगा। तुम पेट्रोल पंप के बजाय सुनसान पोखर के पास ऐसी जगह गाड़ी खड़ी की, जहां पर पेट्रोल पंप के सीसीटीवी का रेंज खत्म हो जाता है। ट्रक चालक अजीत मिश्रा पुलिस के इस सवाल का जवाब देने में उलझ रहा है। इस वजह से थानेदार का शक गहरा रहा है। थानेदार का मानना है कि कहीं अन्य हुई घटना की शिकायत जानबूझकर उसके थाना इलाके में बताई जा रही है। इसमें चालक व उसके साथ थाना में शिकायत लेकर आए ट्रांसपोर्ट कर्मियों की भूमिका पर ही पुलिस सवाल उठा रही है। इधर, ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है। सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन को जांच कर आगे की कारवाई का निर्देश दिया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बस दुर्घटनाग्रस्त, छह घायल

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग में रांची–पटना मेन रोड पर सोमवार सुबह एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पटना से हजारीबाग जा रही राजश्री बस बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस हादसे में छह यात्री घायल हुए हैं। इसमें तीन की हालत गंभीर है। घटना जिले के पदमा ओपी थाना क्षेत्र का है। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा–तफरी मच गई। बस को हजारीबाग तक ही आना था, ऐसे में बस में यात्रियों की संख्या काफी कम थी। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि बस चला रहा खलासी ट्रेंड नहीं था, इस वजह से वह बस संभाल नहीं सका। यात्रियों के मुताबिक, दुर्घटना के समय बस को चालक की जगह खलासी चला रहा था। हादसे के बाद बस चालक और स्टाफ फरार हो गए। यात्रियों ने बताया कि बस में लगे रॉड से शीशा तोड़ कर लोग बाहर आए। इसी बीच सूचना मिलते ही पदमा ओपी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है।

### हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार

**पश्चिम सिंहभूम, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में दिनांक 11–12 मई की रात्रि में मुफ्फसिल थाना (पाण्ड्राशाली ओ0पी0) क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गम्हरिया के समीप बासाहातु निवासी मुण्डा मंजीत हाईबुरू (32) की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई शेखर हाईबुरू के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया।घटना के संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर बहामन टूटी ने बताया कि गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने दो आरोपितों गंगाराम तियु (30) एवं नागुरी तियु (35)को गिरफ्तार कर लिया। गंगाराम ने स्वीकार किया कि उसके चाचा बागुन तियु की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के पीछे मंजीत हाईबुरू का हाथ था, इसी प्रतिशोध में हत्या की साजिश रची गई।हत्या में प्रयुक्त पिस्टल, चाकू, ग्लब्स, मोटरसाइकिल, दो खोखा और घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई में पाण्ड्राशाली ओपी के प्रभारी मृणाल कुमार सहित पुलिस बल ने अहम भूमिका निभाई।

### अजयनाथ शाहदेव की टीम को प्रदेश कांग्रेस ने दी बधाई

**रांची, एजेंसी।** जेएससीए के चुनाव में टीम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय शाहदेव उपाध्यक्ष संजय पांडे, सचिव सौरभ तिवारी, कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष, संयुक्त सचिव शाहबाज नदीम सहित सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रदेश कांग्रेस की ओर से बधाई दी है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रविवार को कहा कि युवा जोश से लबरेज नई टीम झारखंड में क्रिकेट के खेल और खिलाड़ियों के विकास में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर झारखंड क्रिकेट को एक नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि नवनिर्वाचित टीम ने अपने घोषणा पत्र के अनुसार जिस विश्वास को झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के बीच में जगाया है उसके अनुसार काम करते हुए क्रिकेट को एक नया मुकाम देने की कोशिश करेंगे। ताकि, राज्य के खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। बधाई देने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, राकेश सिन्हा ,सतीश पौल मुजनी ,सोनल शांति, रविंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह,अभिलाष साहू,राजन वर्मा, डॉ तौशिफ, अमरेन्द्र सिंह, सूर्य कान्त शुक्ला सहित अन्य का नाम शामिल है।

### बाइक पुल के कल्वर्ट से टकराई, दो की मौत

**खूंटी, एजेंसी।** अड़की थानांतर्गत नीलीडीह गांव के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुल के कल्वर्ट से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों द्वारा एंबुलेंस मंगाकर दोनों युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया, जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अड़की के हूंट गांव निवासी 20 वर्षीय बिरसा मुंडा और 19 वर्षीय सुखलाल लोहरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक गुनतूरा गांव में शनिवार रात आयोजित मेला देखने गए थे। रात भर मेला देखने के बाद रविवार सुबह जब वे घर लौट रहे थे तो इस दुर्घटना के शिकार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा कर उसे परिजनों को सौंप दिया।

# हेमलाल हत्याकांड में आया नया मोड़, साजिश के पीछे महिला का हाथ



**बोकारो, एजेंसी।** 14 मई की देर रात नावाडीह थाना इलाके के बारीडीह जंगल में कार सवार युवक की पिता के सामने गोली मारकर हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने कर लिया है। मृतक सिरैया विष्णुगढ़ हजारीबाग निवासी हेमलाल पंडित की हत्या की साजिश इसके गांव की चंपा देवी ने अपने दोस्त केशवारी सरिया गिरिडीह निवासी प्रकाश सिंह के साथ मिलकर की थी।

प्रकाश ने हत्याकांड को अंजाम देने के लिए धनबाद के जोरापोखर चार नंबर कॉलोनी जामाडोबा निवासी डोमन राम व पात्थर बंगला बोरागढ़ धनबाद निवासी विकास कुमार को तीन लाख में ठेका दे दिया। 2 लाख 35 हजार रुपये का भुगतान भी शूटरों को हत्याकांड को अंजाम देने के लिए चंपा ने अपने दोस्त प्रकाश के माध्यम से कर दिया। यह जानकारी एसपी मनोज स्वर्गियारी ने दी।

कप्तान ने बताया कि चंपा अपने पति खगेश्वर पंडित की मौत के लिए हेमलाल को जिम्मेदार मानती थी। इसी वजह से उसने हत्या की साजिश रची। कप्तान ने बताया कि कि दोनों शूटरों को जब रुपया मिला तो वह लोग हेमलाल से संपर्क साधे। हेमलाल अपने पिता तुलसी पंडित के साथ झाड़-फूंक का काम करता था। शूटर डोमन राम ने हेमलाल से झाड़-फूंक कराने के लिए संपर्क साधा। इसने कहा कि घर पर भूत प्रेत का साया है। इसे भगाने के लिए वह झाड़-फूंक करवाना चाहता है। हेमलाल इसके लिए तैयार हो गया।

शूटर डोमन ने इसके बाद पांच हजार रुपये हेमलाल के खाते में ऑनलाइन भेज भी दिया। अग्रिम राशि का भुगतान ऑनलाइन मिलने के बाद हेमलाल झाड़-फूंक के लिए तैयार हो गया। शूटर डोमन ने हेमलाल से कहा कि वह उसके पीछे-पीछे चले। 14-15 मई की रात हेमलाल अपने पिता तुलसी पंडित के साथ शूटरों के पीछे इनके घर पर झाड़-फूंक करने चल दिए। रास्ता भटकने की बात कहकर शूटर डोमन और विकास हेमलाल को सुनसान जगह जंगल के रास्ते ले गए।

मौका देखकर दोनों ने वाहन को रुकवाया और गोली मारकर हेमलाल की हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि हत्या की साजिश रचने वाली चंपा देवी के अलावा शूटरों का इंतजाम करने वाले प्रकाश और शूटर डोमन के साथ विकास को पुलिस ने दबोच लिया है।

पुलिस ने शूटरों के पास से देसी पिस्टल, देसी कट्टा, नाइन एमएम की पांच गोली, चार मोबाइल व एक स्कूटी बरामद की है। एसपी ने बताया कि हत्यारोपित गिरफ्तार महिला चंपा देवी के पति खगेश्वर पंडित की मौत बीते वर्ष दुर्गा पूजा की नवमी की रात हो गई थी। खगेश्वर अपने दोस्त हेमलाल के साथ उस दिन गया था। रात में दोनों खाना खाकर घर लौटे। रात में खगेश्वर पंडित की मौत हो गई।

बगैर पोस्टमार्टम कराए ही शव का दाह संस्कार स्वजनों ने कर दिया। मृतक खगेश्वर की पत्नी चंपा अपने पति की मौत के लिए उसके दोस्त हेमलाल को जिम्मेदार मानती थी।

उसका सोचना था कि हेमलाल ने ही जहर खिलाकर पति की जान ने ली। इसके बाद वह हेमलाल को सबक खिलाने का प्लान बनाने लगी। उसने अपने दोस्त प्रकाश से संपर्क साधा। प्रकाश की ओर से इंतजाम किए गए शूटरों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

एसपी ने बताया कि घटना का खुलासा करने के लिए एक टीम बनाई गई थी। इस टीम में बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह, बेरमो अंचल निरीक्षक नवल किशोर सिंह, नावाडीह थानेदार अमित कुमार सोनी, दुगदा थानेदार मनीष कुमार, बोकारो झरिया ओपी प्रभारी श्रीनिवास सिंह शामिल थे।

वहीं, चंद्रपुरा थानेदार अजय कुमार सिंह, नावाडीह के सब इंस्पेक्टर राजीव रंजन, पुलिस केंद्र से सब इंस्पेक्टर अमित कुमार राय, गांधीनगर ओपी प्रभारी धनंजय कुमार सिंह, बेरमो महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी, तकनीकी शाखा के चंदन कुमार और कामेश्वर महतो थे।डुमरी विधायक जयराम महतो के घटनास्थल पर विलंब से पुलिस के पहुंचने के आरोप पर एसपी ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में पुलिस ने नक्सलियों को मार गिराया था। ऐसे में नक्सल प्रभावित इलाकों में सतर्कता जरूरी थी।

नक्सल इलाके में लगातार सतर्क रहने को सभी अधिकारियों को कहा भी गया था। रात में सूचना मिली तो घटनास्थल पर पहुंचने के लिए आस-पास से फोर्स का इंतजाम किया गया। इसके बाद पुलिस यहां एक घंटे के अंदर पहुंच गई।

विधायक ने यह भी आरोप जड़ा था कि एसपी ने उनका फोन नहीं रिसीव किया। इसपर कप्तान ने कहा कि वह अपने आवासीय कार्यालय में घटना की सूचना मिलने के बाद बैठकर घटनास्थल पर जाने से लेकर इसके खुलासा करने के लिए अन्य निर्देश पुलिस टीम को दे रहे थे। कुछ देर बाद रात में ही विधायक से उनकी बात हो गई थी।

एसपी ने बताया कि थाना पर घटना के बाद बवाल करने के मामले में 21 लोगों को चिह्नित कर नामजद प्राथमिकी की गई है। दो सौ अज्ञात के खिलाफ भी एफआईआर हुई है। वीडियो रिकॉर्डिंग मौके पर हुई थी। इसकी जांच की जा रही है। बाकी लोगों को भी रिकॉर्डिंग की मदद से चिह्नित किया जा रहा है।

## प्रेम प्रसंग में पत्नी ने की पति की हत्या, गिरफ्तार

**दुमका, एजेंसी।** अज्ञात युवक के शव बरामद मामले का उद्भेदन करते हुए जामा पुलिस हत्या के आरोप में कथित प्रेमी और पत्नी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इस बावत थाना प्रभारी अजीत कुमार ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि बीते 16 मई को विलिवर्स ईस्टर्न चर्च कुरमन के परिसर में एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था। पोस्टमार्टम के बाद दूसरे दिन थाना क्षेत्र के धनाडीह गांव के मृतक का भाई रसिलाल मुर्मू ने शव की पहचान 25 वर्षीय रविन्द्र मुर्मू के रूप में की थी।



अनुसंधान के दौरान मृतक का भाई ने पुलिस को बताया कि मृतक भाई की पत्नी रासमुनि हेम्ब्रम का प्रेम प्रसंग जामा थाना क्षेत्र के फाड़ासिमल गांव के राजीव मुर्मू के साथ चल रहा है। उसने आशंका जाहिर किया कि दोनों ने मिलकर उसके भाई की हत्या कर दिया है। साथ ही उसकी भाभी बीते छह मई को ही अपने दोनों बच्चा को छोड़कर घर से फरार है। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराकर एसपी ने एसडीपीओ अमित कुमार कच्छप के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को फाड़ासिमल गांव से दोनों प्रेमी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के कड़ाई से पूछने पर दोनों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का अपराध स्वीकार किया है। रविवार को पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ अमित कच्छप सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## आंगनबाड़ी में पोषाहार योजना प्रभावित सेविका निजी खर्च से चला रही व्यवस्था

**धालभूमगढ़, एजेंसी।** धालभूमगढ़ और गुड़ाबांदा प्रखंड के 130 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के पोषण और देखभाल की जिम्मेदारी निभाई जा रही है, लेकिन संसाधनों की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा के चलते केंद्रों के संचालन में गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं।

इनमें धालभूमगढ़ प्रखंड में 88 और गुड़ाबांदा में 42 केंद्र कार्यरत हैं, जिनकी निगरानी सीडीपीओ कार्यालय, धालभूमगढ़ द्वारा की जाती है। धालभूमगढ़ क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों की जमीनी हकीकत चिंताजनक है। जहां पोषाहार के लिए सरकार से मिलने वाली राशि समय पर नहीं आ रही, वहीं सेविकाएं निजी खर्च से बच्चों को पोषण देने का प्रयास कर रही हैं। यदि शीघ्र आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई, तो कुपोषण की समस्या और गहराने की आशंका है। प्रशासन को इस दिशा में तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। ताकि कुपोषण पर जीत हासिल की जा सके।

### निरीक्षण में दिखी हकीकत

शनिवार सुबह 10:30 बजे जूनबनी पंचायत के रघुनाथडीह गांव स्थित जयरामडीह टोला के आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका साकरो मांडी उपस्थित थीं, जबकि सहायिका छुट्टी पर थीं। सेविका के अनुसार, केंद्र में कुल 15 बच्चे नामांकित हैं, जिनमें से शनिवार को केवल 6 ही बच्चे मौजूद थे। सेविका के अनुसार 10 बच्चे आए थे पर तीन-चार बच्चे छुट्टी से पहले घर चले गए थे।

### बिना अनुदान चल रहा केंद्र

सेविका साकरो मांडी ने बताया कि जनवरी 2025 से पोषाहार की राशि नहीं मिली है। कई महीनों से राशि बकाया रहने के कारण भोजन की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया है। स्थानीय दुकानदारों ने उधारी में अंडा, सब्जी और अन्य सामग्री देना बंद कर दिया है, जिससे उन्हें मजबूरी में अपने निजी खर्च से सामग्री खरीदनी पड़ रही है।

क्या मिल रहा बच्चों को भोजन में

सेविका ने जानकारी दी कि शनिवार को सुबह बच्चों को नाश्ते में सूजी का हलवा और अंडा दिया गया। दोपहर में खिचड़ी और फिर भात, दाल और सब्जी खिलाई गई। छुट्टी के समय भी बच्चों को खिचड़ी दी गई। पोषाहार वितरण नियमित हो रहा है, लेकिन वित्तीय सहयोग नहीं मिलने से यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं रह पा रही है।

इस केंद्र के पोषक क्षेत्र में कुल 86 घर हैं और कुल जनसंख्या 472 है। वर्ष 2025 में अब तक यहां से दो कुपोषित बच्चों को एमटीसी (मालन्यूट्रिशन ट्रीटमेंट सेंटर) रेफर किया जा चुका है, जो पोषण व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। सीडीपीओ माया कुमारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में सुबह नाश्ते में सूजी का हलवा और अंडा, जबकि दोपहर व छुट्टी के समय खिचड़ी, भात, दाल और सब्जी दी जाती है। उन्होंने कुपोषित बच्चों की संख्या बताने से यह कहकर इंकार किया कि वह फिलहाल छुट्टी पर हैं और कार्यालय लौटने के बाद ही सटीक जानकारी दे सकेंगी।

### पत्नी ने पति के मौत का लिया खौफनाक बदला, चार गिरफ्तार

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो के बारीडीह जंगल में एक युवक की कार में गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के जांच में खुलासा हुआ कि महिला आरोपित ने पति की रहस्यमय मौत का बदला लेने के लिए तीन लाख रुपये की सुपारी देकर इस वारदात को अंजाम दिलवाया।पुलिस की एसआईटी ने 72 घंटे में केस सुलझाकर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया और हथियार, कारतूस, मोबाइल एवं स्कूटी बरामद की। यह साजिश छह महीने से रची जा रही थी। मामला अपराध, अंधविश्वास और बदले की कहानी को उजागर करता है। बोकारो जिला के नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीडीह जंगल में 14/15 मई की रात एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हेमलाल पंडित के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक बोकारो ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम का गठन किया और स्वयं उसकी निगरानी की। तकनीकी साक्ष्य,एफएसएल रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर महज 72 घंटे में इस हत्या का खुलासा कर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपित चंपा देवी को शक था कि उसके पति खगेश्वर पंडित की मौत में हेमलाल पंडित का हाथ था। बदला लेने के लिए उसने अपने मित्र प्रकाश सिंह के जरिए धनबाद के शूटरों से संपर्क किया और हत्या का साजिश रची। चंपा देवी और प्रकाश सिंह ने करीब 2.35 लाख रुपये की सुपारी दी। पहले 13 मई को हत्या की कोशिश विफल रही, लेकिन बाद में डोमन राम ने %ग्राहक% बनकर हेमलाल को बुलाया और बारीडीह जंगल में गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं गिरफ्तार आरोपितों में चंपा देवी (हजारीबाग), प्रकाश सिंह (गिरिडीह), डोमन राम और विकास कुमार (धनबाद) शामिल हैं।

## प्रदेश के दो सांसद पाक को करेंगे बेनकाब : 59 सदस्यों के डेलिगेशन में सरफराज और निशिकांत

**रांची, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शनिवार देर रात 59 सदस्यों वाले डेलिगेशन की घोषणा की है। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत हैं। एनडीए के 31 और 20 दूसरे दलों के हैं, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य देशों का दौरा करेगा। वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख रखेगा। डेलिगेशन कब रवाना होगा, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, डेलिगेशन के 23 या 24 मई को भारत से रवाना होने की बात कही जा रही है। इस डेलिगेशन में झारखंड के दो सांसदों को शामिल किया गया है। इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा से डॉ सरफराज अहमद और भाजपा से डॉ निशिकांत दुबे शामिल हैं।

पहले ग्रुप में हैं निशिकांत, जाएंगे चार देश

गोड्डा से भाजपा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे को पहले ग्रुप में रखा गया है। इन्हें सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया की जिम्मेदारी दी गई है। वे इन देशों में जा कर ऑपरेशन सिंदूर के वास्तविक तथ्यों और भारत के रुख को स्पष्ट करेंगे। अच्छी बात यह है कि सांसद निशिकांत के ग्रुप में भी असदुद्दीन ओवैसी भी हैं।



सांसद निशिकांत दुबे ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है हम प्रधानमंत्री जी के आभारी हैं कि उन्होंने मुझे ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया के सामने पाकिस्तान की कारगुजारियों तथा भारत के आतंकवाद के खिलाफ 78 साल से हमारे संघर्ष को मुस्लिम देशों को बताने के लिए चुना । लोकतंत्र का सबसे खूबसूरत चेहरा मैं और ओवैसी साहब एक साथ भारत के लोकतंत्र तथा मुसलमानों के भारत में मिले सम्मान, स्वाभिमान तथा समानता को बताएंगे।

### डॉ सरफराज के जिम्मे 5 देशों की जिम्मेदारी

वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा से सांसद डॉ सरफराज अहमद का नाम डेलिगेशन के ग्रुप 5 में है। ये यूएसए, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया जाएंगे। जहां ऑपरेशन सिंदूर की वास्तविक स्थिति और आतंकवाद के मसले पर भारत का पक्ष रखेंगे। वहीं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर उठाए गए कदम को लेकर उसकी सच्चाई से पर्दा भी उठाएंगे। झामुमो की ओर से चुने जाने वाले सांसदों में यह इकलौते सांसद हैं।

### 7 ग्रुप में बंटा है पूरा डेलिगेशन

दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करने वाले लोगों को 7 ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप में एक सांसद को लीडर बनाया गया है। प्रत्येक ग्रुप 8 से 9 सदस्य हैं। इनमें 6-7 सांसद, सीनियर लीडर (पूर्व मंत्री) और राजदूत शामिल हैं।सभी डेलिगेशन में कम से कम एक मुस्लिम प्रतिनिधि को रखा गया है। चाहे वह राजनेता हो गया राजदूत हो। कांग्रेस सांसद शशि थरूर को अमेरिका सहित 5 देश जाने वाले डेलिगेशन की कमान सौंपी गई है।

### क्या है ऑपरेशन सिंदूर ?

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी।

## झारखंड के प्लस टू स्कूलों में पहली बार लगेगा रोजगार मेला, कौशल प्रतियोगिता का भी होगा आयोजन

**रांची, एजेंसी।** व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने तथा उनके अप्रेंटिसशिप के लिए सरकारी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कौशल प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इन कार्यक्रमों की स्वीकृति केंद्र के प्रोग्राम एप्रूबल बोर्ड ने की है।

इस वित्तीय वर्ष के लिए समग्र शिक्षा अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन के लिए कुल 1639.74 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृत प्रदान की गई है। इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी, जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को वहन करना पड़ेगा।

इसके अलावा पिछले वित्तीय वर्ष खर्च नहीं होने वाली राशि कुल 368.97 करोड़ रुपये स्पिल ओवर के रूप में भी स्वीकृत की गई है। इसमें भी 60 प्रतिशत राशि केंद्र से मिलेगी।



चालू वित्तीय वर्ष की बात करें तो केंद्र ने नए कार्यक्रम के रूप में प्रत्येक जिला के 10-10 माध्यमिक विद्यालयों को उच्च शिक्षण संस्थान से टैग किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन विद्यालयों को उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों के शिक्षण अनुभव का लाभ प्राप्त होगा।

विद्यार्थी उच्च शिक्षण संस्थानों में जाकर भी सीख सकेंगे। शिक्षकों और विद्यार्थियों के मूल्यांकन के लिए जेसीईआरटी में अलग से सेल स्थापित करने की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पर 50 लाख रुपये खर्च होंगे। यह सेल टीचर नीड असेसमेंट तथा विद्यार्थियों के समय-समय पर होने वाले मूल्यांकन का कार्य करेगा।

कौशल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रत्येक जिला को एक-एक लाख रुपये प्राप्त होंगे। इस बार भी विद्यालय से लेकर राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली क्विज प्रतियोगिता के लिए भी राशि की स्वीकृति मिली है। इसके अलावा उन सभी कार्यक्रमों के लिए राशि स्वीकृत हुई है, जो पहले से संचालित होते रहे हैं। इस बार भी केंद्र ने बच्चों की पोशाक के लिए 600 रुपये की राशि निर्धारित की है। इसमें दो जोड़ा पोशाक तथा एक स्वेटर की राशि सम्मिलित है। बताते चलें कि पोशाक के लिए यह राशि काफी कम बताई जाती है।

केंद्र ने किताबों के लिए कक्षा एक से पांच के लिए प्रत्येक सेट 250 रुपये तथा छह से आठ के लिए 400 रुपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। राज्य सरकार पुस्तकें मुद्रित कराकर वितरण करती है।

## झोलाछाप चिकित्सक के गलत इलाज करने से एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा, एजेंसी।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब रोड स्थित ओम होमियो हॉल नामक अवैध रूप से संचालित एक क्लीनिक में एक झोलाछाप चिकित्सक के गलत इलाज किए जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के बेहराडीह गांव निवासी छोटेलाल मेहता (45) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार छोटेलाल मेहता रविवार को रात के करीब 8 बजे डोमचांच बाजार से अपने घर बेहराडीह लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे उनके शरीर पर हल्की चोटें आईं। इसके पश्चात जब वे घर पहुंचे तो परिजनों ने उन्हें मरहम पट्टी और दवा लेने की सलाह दी। इसके बाद वे बेटे और भतीजे के साथ ढाब रोड के महावीर पिंडा के सामने स्थित झोलाछाप डॉक्टर की ओर से अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पहुंच गए। जहां के डी प्रसाद नामक झोलाछाप चिकित्सक ने घायल व्यक्ति को एक के बाद एक कुल चार इंजेक्शन लगा दिए।



इसके बाद क्षण भर में ही घायल छोटेलाल ने वहीं पर दम तोड़ दिया। जब तक परिजन कुछ समझ पाते झोलाछाप डॉक्टर मौका पाकर वहां से फरार हो गया। इसके बाद मृत व्यक्ति का शव बेटेऔर भतीजे के द्वारा उनके निवास स्थान पर लाया गया।

वहीं घटना की सूचना पाकर डोमचांच पुलिस सोमवार की सुबह उक्त झोलाछाप चिकित्सक के क्लीनिक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर अपने साथ थाने ले गई।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## भारत की दो टूक

सिंधु जल संधि पर भारत का सख्त रवैया पाकिस्तान के लिए साफ संदेश है कि अब सीमा पार आतंकवाद पर गोलमोल बातें नहीं चलेंगी। इस्लामाबाद को अगर पानी चाहिए तो उसे आतंकियों को समर्थन देने की अपनी नीति छोड़नी होगी। पानी और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। भारत ने पहली बार सिंधु जल समझौता स्थगित किया है। यहां तक कि 1965, 1971 और करगिल युद्ध के दौरान भी समझौता जारी रहा। इसी वजह से पाकिस्तान को भ्रम हो गया था कि उसकी तरफ से उकसावे की चाहे जितनी भी कार्रवाई हों, पानी तो मिलता ही रहेगा। लेकिन, पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने नई दिल्ली के सब्र का बांध तोड़ दिया। बॉर्डर पर समझौते के बाद पाकिस्तान चाहता है कि सिंधु जल संधि भी बहाल हो जाए, लेकिन विदेश मंत्री जयशंकर ने बिल्कुल सही कहा है कि पहले सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना होगा। वैसे भी बात इस संधि को निलंबित रखने या बहाल करने भर की नहीं है, वक्त है इसे पूरी तरह रिव्यू करने का। दोनों देशों के बीच 1960 में यह समझौता हुआ था। भारत ने मानवता दिखाते हुए पाकिस्तान के पक्ष में ज्यादा पानी की बात मान ली थी। इस संधि की वजह से सिंधु का 70ब्न पानी पाकिस्तान को मिलता है और उसकी 80ब्न खेती व करीब एक तिहाई हाइड्रो पावर प्रॉजेक्ट इसी पर निर्भर हैं। 1960 से लेकर अब तक हालात काफी बदल चुके हैं। जब समझौता हुआ, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि नई सदी में दुनिया के सामने क्लाइमेट चेंज की चुनौती होगी। इसके अलावा, भारत की इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है। उसकी पानी और एनर्जी की अपनी जरूरतें हैं। पुराने समझौतों के आधार पर सिंधु जल संधि जारी रखना न तो संभव होगा और न सही। ट्रीटी में कोई भी बदलाव आपसी रजामंदी से ही किया जा सकता है। इसी वजह से भारत ने पहले भी प्रस्ताव रखा था कि संधि पर नए सिरे से बात की जाए, पर पाकिस्तान ने इसे स्वीकार नहीं किया। उल्टे वह जम्मू-कश्मीर की किशनगंगा और रतले जल विद्युत परियोजनाओं पर एतराज करता आया है।

## नहीं घटी महंगाई

महंगाई को लेकर आंकड़े चिंता कम करने की कोशिश में हैं, लेकिन इकॉनमी के रिश्ते फैले हुए हैं। एक को मनाओ तो दूजा रूठ जाता है। आम आदमी आज भी पूछता है कि महंगाई कहां कम हो रही है? अगर कम हो रही होती तो दूध के दाम कम होते, पेट्रोल और डीजल के दाम भी कम होते। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अप्रैल में रिटेल बाजार में महंगाई की दर पिछले करीब 6 साल में सबसे कम है। थोक बाजार में भी ये करीब साल भर के निचले स्तर पर है। पिछले दो साल के दौरान थोक बाजार को लेकर चिंता नहीं रही। या तो वहां दाम घट रहे थे या फिर बेहद मामूली बढ़ोतरी हो रही थी। दूसरी तरफ रिटेल बाजार में महंगाई यह बताती है कि बाजार के सिस्टम में मिडलमैन का क्या रोल है। बहरहाल, पिछले साल सब्जियों की महंगाई 30ब्न तक पहुंच गई थी। अब कीमतों में लगभग 11ब्न की गिरावट देखी गई। पिछले साल जब महंगाई दर खतरनाक स्तर पर थी, तब आवश्यक खाद्य वस्तुओं के स्टॉक को बढ़ाया गया। इसे खुले बाजार में रिलीज भी किया गया, तब जाकर हालात काबू में दिखे। महंगाई दर कम होने से पॉलिसी तय करने वालों का भी सिरदर्द कम हुआ है। रिजर्व बैंक चाहता है कि महंगाई दर 2ब्न से कम न हो और 6ब्न से ज्यादा न हो। वह ब्याज दरों में कमी या बढ़ोतरी कर इसे कंट्रोल करने की कोशिश करता है। हाल में महंगाई कम होती देख रिजर्व बैंक ने लगातार दो बार ब्याज दरों में कटौती की थी। अब जून और अगस्त में फिर से ब्याज दरों में कटौती करने का माहौल बन रहा है। हालांकि इससे पहले जीडीपी ग्रोथ का डेटा देखना होगा, जो इस महीने के अंत में जारी होगा। ब्याज दरों में कटौती से उम्मीद बंधती है कि इससे आम लोगों के हाथ में पैसा आएगा। बाजार में खपत बढ़ेगी। लेकिन आम घरों में कर्ज की ऊंची दर ने हाथ बांध दिए हैं। कॉरपोरेट कमाई के जो ताजा आंकड़े आए हैं, वे दबाव में ही दिखते हैं। कंपनियां अब भी कच्चे माल के दाम ऊंचे बता रही हैं। दूध के दाम लगातार बढ़े हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की खपत में पिछले कुछ समय के दौरान बेहतरी तो देखी गई।

# आपरेशन सिंदूर से नुकसान तो चीन को हुआ

(अशोक मधुप)

*अनुमान लगाए जा रहे हैं कि चीन के हथियारों के भारत के खिलाफ फेल होने के बाद अब पाकिस्तान अमेरिका और बाकी पश्चिमी देशों से हथियार खरीदने पर जोर लगाएगा। हालाँकि, उसकी आर्थिक स्थिति को ठीक नही किंतु यह एक हजार साल भी भारत से लड़ने का इरादा रखता है।*

हम जानते हैं कि चीन भारत का प्राकृतिक शत्रु देश है। कितना भी कर लें वह भारत का मित्र नहीं हो सकता। वह पाकिस्तान का मित्र देश है और आज पाकिस्तान को शस्त्र देने वाला सबसे बड़ा आपूर्ति करता देश। भारत के चार दिवसीय आपरेशन सिंदूर को लेकर हुए युद्ध विराम की सबसे बड़ी बात यह है कि भारत और पाकिस्तान दोनों अपनी?अपनी सफलता पर प्रसन्न है। दोनों जश्न मना रहे हैं, किंतु इस युद्ध से सबसे ज्यादा लाभ भारत को हुआ है, और सबसे ज्यादा नुकसान युद्ध से दूर खड़े होकर तमाशा देख रहे चीन को। भारत युद्ध में अपने शस्त्रों विशेषकर मिसाइलों की गुणवत्ता और सटीकता को पूरी दुनिया में साबित करने में कामयाब रहा। इससे भारत में बनी रक्षा प्रणालियों और हथियारों को लेकर माँग अब बढ़ेंगी। हालाकि चीन युद्ध में शामिल नहीं था किंतु पाकिस्तान उसके अस्त्र-शस्त्रों के बल पर जंग के मैदान में था। चीन के बने उपकरण पहले ही अपनी निम्न क्वालिटी के लिए प्रसिद्ध थे। इस युद्ध में तो उनके निराशाजनक प्रदर्शन ने और चीन के सामान की शाख मिट्टी में मिला दी। चीन अब सफाई में भले ही यह कह रहा है कि उसके उपकरण सही हैं, पाकिस्तानी सैनिकों पर उन्हें चलाना नही आया। चीन अब कुछ भी सफाई ने किंतु कोई भी देश अब ये मानने को तैयार नहीं कि चीन के शस्त्र किसी काम के हैं। इस चार दिनी युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान चीन को हुआ। चीन अब कुछ भी तर्क दे, कोई भी दावा करे, अब कोई उसकी बात पर यकीन करने वाला नही है। पाकिस्तान वर्तमान में चीन के बनाए हुए एचक्यू16 और एचक्यू-9 एयर डिफेन्स सिस्टम का इस्तेमाल करता है। एचक्यू-9 जहाँ 125 किलोमीटर तो एचक्यू-16 लगभग 50 किलोमीटर की रेंज वाला एयर डिफेन्स सिस्टम है। पाकिस्तान के लिए चीन ने इसमें बदलाव किए, इसके बावजूद इसका कोई फायदा नहीं हुआ है। ये सिस्टम न तो भारत के द्रोण रोक सके और नहीं मिसाइल। यह एक भी भारतीय मिसाइल, ड्रोन या लोइटेरिंग म्युनिशन नहीं पकड़ पाए।

भारत ने तो इन डिफेन्स सिस्टम को ही तबाह कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जेएफ-17 लड़ाकू विमान भी बेचा। पाकिस्तान को इसका भी कोई लाभ न मिल सका। पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए चीन में बने ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चीन के विंग लूँग और सीएच सेकेण्ड ड्रोन इस्तेमाल किए थे। इन्हें भी भारत ने सीमा पर ही मार गिराया है। इनमें से कोई भी ड्रोन भारत के किसी टार्गेट को हिट नहीं कर पाया। हम जानते हैं कि चीन भारत का प्राकृतिक शत्रु देश है। कितना भी कर लें वह भारत का मित्र नहीं हो सकता। वह पाकिस्तान का मित्र देश है और आज पाकिस्तान को शस्त्र देने वाला सबसे बड़ा आपूर्ति करता देश। इतना जानने के बावजूद हम भारतवासी सस्ते के चक्कर में चीन का बना सामान धड़ल्ले से खरीदते हैं। कभी चीन से विवाद के समय ही हमारी देशभक्ति जागती है, वह भी कुछ दिन के लिए और मात्र फेसबुक तक। यदि आधे भारतवासी ही एक साल के लिए चीन के बने सामान का बायकाट कर दें तो चीन घुटनों में आ जाए। कुछ साल के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा से मुंह मोड़कर देखिए। चीन रास्ते पर आ जाएगा। लगभग 50 के आसपास अरब देश हैं किंतु दो अरब देश तुर्की और अज़रबैजान ही इस लड़ाई में पाकिस्तान के साथ पूरी ताकत के साथ खड़े नजर आए। इस लड़ाई में पाकिस्तान ने तुर्की में बने 40 से ज्यादा द्रोण का इस्तमाल किया, हालाकि ये सभी रास्ते में मार दिए गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.75 लाख भारतीय तुर्की गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.5 लाख भारतीय अज़रबैजान के बाकू गए। 2022-2024 के दौरान अज़रबैजान में भारतीय पर्यटकों के आगमन में 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और अज़रबैजान में औसत प्रवास समय 4-6 दिन है। तुर्की में भारतीयों का औसत प्रवास 7-10 दिन है। कुल मिलाकर, भारतीय अज़रबैजान की अर्थव्यवस्था में सालाना 1,000-1,250 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। भारतीय तुर्की की अर्थव्यवस्था में सालाना 2,900-3,350 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। इस्तांबुल, कप्पाडोसिया और अंताल्या में भारतीयों की सबसे ज़्यादा दिलचस्पी है। विदेश में प्रति भारतीय पर्यटक का औसत खर्च प्रति यात्रा ए से सवा लाख रुपये है। चूंकि भारत का मध्यम वर्ग अतिरिक्त आय के साथ 40 करोड़ तक पहुंच गया है, इसलिए सोशल मीडिया और फिल्मों के माध्यम से लोकप्रियता उन्हें तुर्की और अजरबैजान की ओर आकर्षित कर रही है। भारत के कारण, तुर्की और अजरबैजान में 20,000 प्रत्यक्ष पर्यटन नौकरियों का सृजन हुआ। अप्रत्यक्ष नौकरियां 45,000-60,000 से अधिक हैं। पिछले चार वर्षों में तुर्की के आतिथ्य क्षेत्र में भारतीय निवेश में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अपने दुश्मन देश को लाभ पहुंचाना बंद करने देखिए। सांप और सपोलिए पालना बंद करिए। सब रास्ते पर आ जाएंगे। दुनिया भर के देशों में घूमने के लिए बहुत सी खूबसूरत जगह हैं, सिवाय इन दो देशों के। अगली बार, जब भी यात्रा की योजना बनाएँ, तो इन दो देशों को छोड़ कर कहीं भी चले जाए, ये ज्यादा ठीक होगा। इस चार दिन के भारत और पाकिस्तान के संघर्ष के बाद यह तय हो गया कि दुनिया में भारत के अपने शस्त्रों की विश्वसनीयता बढ़ी है। ब्रह्मोस्त्र की तो पहले ही मांग होने लगी थी। अब और ज्यादा मांग आएगी। भारत का शस्त्रों का बाजार बढ़ेगा। निर्यात बढ़ेगा तो देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी। रूस एस-500 बनाने की पहले ही तकनीक भारत को देने को तैयार है। रूस-भारत का विश्वसनीय मित्र है। भारत को चाहिए की समय की मांग को देखते हुए एस-500 का निर्माण अपने यहां शुरू कर दे। राफेल की तरह दुनिया की सबसे श्रेष्ठ तकनीक खरीदे। अमेरिका मात्र शस्त्रों का सौदागर है। वह किसी देश का मित्र नही हो सकता। भारत को चाहिए कि अमेरिका का बिल्कुल विश्वास न करें। इन चार दिनों के युद्ध में रूस और इजराइल भारत के साथ खड़े रहे। अब भारत को समय की जरूरत के हिसाब से नए मित्र बनाने होंगे। अपने को मजबूत करना होगा। तुर्की में भूकंप आने पर भारत 'ऑपरेशन दोस्त' शुरू किया। इसके तहत तुर्की को मेडिकल सहायता भेजी गई। इस ऑपरेशन के तहत एनडीआरएफ की दो टीमें तुर्की भेजीं। इसमें एक डॉग स्क्वॉड भी शामिल था। भारत की रेस्क्यू टीमों ने मलबे में दबे लोगों को खोजने, उन्हें बाहर निकालने में मदद की। ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत ने छह विमान और 30 बिस्तरों वाला मोबाइल अस्पताल, मेडिकल सामग्री सहित सभी जरूरी सामान भिजवाए। तुर्किए में भारत का ऑपरेशन दोस्त 10 दिनों तक चला। इसका बदले तुर्की ने पाकिस्तान की किस तरह मदद की।

# युद्धकाल में सेना व सरकार के शौर्य और रणनीति पर सवाल उचित नहीं

(दीपक कुमार त्यागी)

मोदी सरकार ने सेना के वीर योद्धाओं पर पूरा भरोसा जताया। जिसके चलते ही भारत ने पाकिस्तान के ख़िलाफ़ 'छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं घर में घुसकर मारेंगे' की रणनीति पर तेज़ी के साथ युद्ध के मैदान में कार्य करना शुरू कर दिया था। पूरी दुनिया यह अच्छे से जानती है कि इस्लामिक देश पाकिस्तान आतंक व आतंकियों को पालता-पोसता है और उनके नापाक मंसूबों को पूरा करने में सहयोग देता है। फिर भी दुनिया के ताकतवर देश पाकिस्तानी उर्फ आतंकिस्तान के द्वारा पनाह दिये गये आतंकियों से पीड़ित होने के बाद भी उसको आतंकी देश तक घोषित नहीं करते हैं। वहीं पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षित जगहों पर पनाह लिए हुए मानवता के सबसे बड़े दुश्मन आतंकवादियों के ख़िलाफ़ लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले उनके खात्मे के लक्ष्य को लेकर के मां भारती के वीर जांबाज सपूतों ने 6-7 मई 2025 की रात को जान हथेली पर रखकर के 1 बजकर 4 मिनट ऑपरेशन सिंदूर शुरू कर दिया था। जिस ऑपरेशन के अंतर्गत पीओके व पाकिस्तान में घुसकर के आतंकियों के 9 महत्वपूर्ण लक्षित ठिकानों पर सेना के वीर योद्धाओं ने एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों पर एयर स्ट्राइक करने की खबर सुनते ही पूरी दुनिया भौंचक्का रह गई थी। एयर स्ट्राइक के बाद आतंकियों के आका पाकिस्तान ने भारत के शहरों, सैन्य ठिकानों, स्कूल, कॉलेज, गुरुद्वारा, मंदिर, अस्पताल आदि को गोलीबारी, बमबारी, ड्रोन, मिसाइल आदि से निशाना बनाना शुरू कर दिया था। लेकिन जब कुछ समय के बाद ही भारतीय वीरों ने पाक के इस दुस्साहस का जवाब बहुत जबरदस्त ढंग से धरातल पर देना शुरू कर दिया, तो उससे पाक के विभिन्न शहरों में भारी जान-माल का नुक़सान होना शुरू हो गया था, जिसे देखकर के पाकिस्तान की सेना व बड़बोले हुक्मरानों के पैरों तले से जमीन खिसकने लग गई थी, वह भारत के साथ-साथ दुनिया भर के देशों से अपनी जान बचाने के लिए मदद करने की गुहार लगाने लग गया था। हालांकि भारत के हुक्मरानों ने भी दो टूक शब्दों यह स्पष्ट कर दिया था कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा हैं, लेकिन शांति की बातों का चोला ओढ़कर के भारत में आतंकवाद फैलाने का का काम अब एक साथ नहीं चल सकता है, अब तो पाकिस्तान के द्वारा भारत में प्रायोजित आतंकी घटना भारत के ख़िलाफ़ पाक के द्वारा युद्ध माना जायेगा और भारत पाकिस्तान को गोली का जवाब अब गोले से देने का कार्य करेगा। जिससे भयभीत होकर पाक ने 10 मई की दोपहर को भारत के डीजीएमओ से फोन पर सीज़फायर करने के लिए बात की, जिसके चलते ही 10 मई की शाम को दोनों देशों के बीच सीज़फायर की घोषणा हो गयी। लेकिन सीज़फायर की घोषणा होती ही जो राजनीतिक दल पाकिस्तान के ख़िलाफ़ हर तरह की छोटी-बड़ी कार्रवाई में भारत सरकार के साथ एकजुट होकर खड़े हुए थे, उसमें से कुछ दलों के चंद राजनेताओं ने अब क्षणिक राजनैतिक लाभ हासिल करने के लिए सेना व मोदी सरकार के शौर्य और रणनीति पर प्रश्नचिन्ह लगाना शुरू कर दिया। जबकि सरकार ने नपे-तुले शब्दों में ही सीज़फायर करने की घोषणा करते समय ही दुनिया से स्पष्ट कर दिया था कि भारत युद्ध का पक्षधर नहीं है लेकिन आतंक व आतंकियों के ख़िलाफ़ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति सख्ती के साथ जारी रहेगी, आतंकवादियों के आकाओं को अब बख्शा नहीं जायेगा। लेकिन फिर भी क्षणिक स्वार्थ व ओछी राजनीति के चलते हुए ही युद्धकाल के दौर में ही चंद लोगों व राजनेताओं के द्वारा सेना व सरकार के शौर्य और रणनीति पर सवाल खड़े करने शुरू करने की साज़िश देश में बहुत ही तेज़ी से होने लगी है। जंग के समय भी सोशल मीडिया के ताकतवर प्लेटफार्म पर देश के दुश्मनों के साथ खुलकर खड़े थे और यह गैंग भारतीय सेना की कार्रवाई पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए पाकिस्तान को लाभ देने वाली पोस्ट तक सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर करने में लगे हुए थे, जो कि देशहित में बिल्कुल भी उचित नहीं है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5736

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5735

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5736




**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 22 जून 1906 को इस देश ने अपना ध्वज अपनाया (3)
4. प्रतिबिंब, प्रतिरूप, शनिमाता (2)
6. शीघ्रता, अतिशीघ्र, आंख झपकते (7)
9. सिलवट, सिकुडन, शक्ति (2)
10. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
12. अलंकृत होना, शोभित होना (3)
13. छुप जाना, भागना, पलायन (3)
14. कमची, चाप, स्प्रिंग, कमान (3)
15. सौत, सहपत्नी, प्रतिकूला (3)
16. पराग के कण, धूल, गर्द (2)
19. प्रेरणा उत्पन्न करने वाला, प्रणोदक , संचलनकर्ता (3)
20. नामधारण करने वाला, नामधारी, नामयुक्त (3)
22. ताश के खेल का एक प्रकार (2)
23. घटना, मुकदमा, संदर्भ (3)

**ऊपर से नीचे**

1. झाड़ू देना, बुहारना (अंग्रेजी) (2)
2. कश्मीर की प्रसिद्ध झील (2)
3. वह चोरी जो दीवार में बड़ा छेद करके हुई चोरी (5)
4. मुद्रत प्रति, सादृश्य आभास, छापीगिरी (2)
5. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल जिसकी पूंछ का चमर बनता है (2)
7. झलाई करना, टांका लगाना (3)
8. यह ईरान की राजधानी है (4)
11. हैसियत, परत, भूपर्पटी, मानक (2)
12. मिलनसार, लोकप्रिय, लोकप्रेमी (5)
13. वह गद्य या पद्य का लेख जो किसी विजय केसुअवसर पर लिखा जाए (5)
14. महसूल, टैक्स, हाथ, हस्त (2)
17. यह घाना देश की राजधानी है (3)
18. रूक-रूक कर अस्पष्ट उच्चारण करके बोलने वाला वाला (3)
21. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)

## वर्ग पहेली 5735 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | जी | ल | | सा | | र | स |
| ड | | ग | | ग | ज | ब | ल |
| का | नू | न | | | मी | | व |
| स्टिं | | व | क्र | | र | प | ट |
| ग | ज | ट | | फां | | ट | |
| | य | | आ | स | पा | स | |
| शू | द्र | | ब | | र | न | वे |
| र | थ | | रू | स | | | णी |

# आज का राशिफल

### मेष
आज ग्रहों के शुभ योग बने हैं और आपको लाभ भरपूर मात्रा में प्राप्त होगा। इससे प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है और आपकी तरक्की होगी। व्यापार में बड़े अनुबंध या सरकारी टेंडर की प्राप्ति हो सकती है। उच्च अधिकारी वर्ग का सहयोग आपकी छवि को मजबूती देगा। आर्थिक दृष्टि से रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

### वृष
आज भाग्य का साथ मिल रहा है और आपके सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे। किसी उच्च अधिकारी की कृपा या बड़े ग्राहक से लाभ की संभावना है। आपको कोई नई नौकरी या इंटरव्यू का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। धार्मिक वस्तुओं या कानूनी परामर्श से जुड़ी योजनाओं से लाभ होगा। आर्थिक दृष्टि से यह दिन यश और लाभ दोनों का संकेत दे रहा है।

### मिथुन
आज दिन लाभ से भरा होगा। साझेदारी के व्यापार या कंसल्टेंसी क्षेत्र में विशेष लाभ होगा। जो लोग अपने व्यवसाय को विस्तार देना चाहते हैं उन्हें साझेदारों से अच्छा सहयोग मिलेगा। कॉर्पोरेट क्षेत्र में कार्यरत जातकों को किसी बड़े प्रॉजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक रूप से दिन स्थिर रहेगा।

### तुला
आज दिन भाग्य के द्वार खोलेगा। विशेषकर यदि आप उच्च शिक्षा, विदेश यात्रा या सरकारी क्षेत्र में कार्यरत हैं। कोई महत्वपूर्ण सूचना करियर की दिशा बदल सकती है। धन लाभ के योग हैं, परंतु चिकित्सा या परिजनों की देखरेख में खर्च की अधिकता भी बनी रहेगी। सायंकाल के बाद सामाजिक क्षेत्र में ख्याति मिलेगी जिससे व्यापार या करियर में नए अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।

### वृश्चिक
आज कारयर में तनाव और जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, विशेषकर यदि आप स्वास्थ्य, शिक्षा या सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं। मानसिक थकावट और संतान से जुड़ी चिंता कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है, परन्तु दिन के उत्तरार्ध में आर्थिक लाभ की अच्छी संभावना बन रही है। साझेदारी में चल रहे कार्यों में लाभ की मात्रा कम होगी, किन्तु धन आगमन बना रहेगा।

### धनु
आज लाभ के योग हैं और आपको तरक्की के साथ कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। शेयर बाजार में निवेश करने से बचें, वरना पैसा डूब सकता है। कार्यस्थल पर नियोजित योजनाओं में बाधा आ सकती है, विशेषकर यदि आप टीम प्रबंधन या रिसर्च कार्यों से जुड़े हैं। दिन के उत्तरार्ध में एक बड़ा आर्थिक अवसर मिल सकता है, जिससे मनोबल में वृद्धि होगी।

### कर्क
आज भाग्य साथ देर रहा है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य की सराहना होगी, जिससे आपको नई परियोजनाओं में भूमिका मिल सकती है। व्यवसाय में प्रतिदिन लाभ की स्थिति बनी रहेगी, परंतु साझेदारों या कर्मचारियों से मतभेद हो सकते हैं। तकनीकी, इलेक्ट्रॉनिक्स या डिजिटल सेवाओं से जुड़े लोगों को आर्थिक उन्नति का अवसर मिलेगा।

### सिंह
आज दिन सफलता से भरा होगा। धन लाभ के अच्छे योग हैं, विशेषकर यदि आप आयकर, बैंकिंग, बीमा या प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए कार्यक्षमता के आधार पर पदोन्नति या वेतन वृद्धि संभव है। ऑफिस में आपके अधिकार और दायित्व बढ़ सकते हैं, जिससे अन्य कर्मचारियों में असंतोष उत्पन्न होगा, परंतु आप अपनी संवाद शैली और कार्य-कौशल से स्थिति संभाल लेंगे।

### कन्या
आज दिन मिलाजुला रहेगा और ऑफिस में सहकर्मियों या भाई-बहनों के साथ मतभेद हो सकते हैं, जो आपके कार्य में बाधा उत्पन्न करेंगे। फिर भी आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनी रहेगी, विशेषकर यदि आप किसी स्थायी आय स्रोत जैसे किराया, लाभांश या सरकारी सेवा से जुड़े हैं।

### मकर
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए आकस्मिक आर्थिक लाभ के संकेत मिल रहे हैं। आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी और आपको तरक्की हासिल होगी। सरकारी कर्मचारी अथवा प्रशासनिक क्षेत्र के लोगों को कोई पदोन्नति या पुरस्कार मिल सकता है। दोपहर के बाद किसी मांगलिक या व्यवसायिक आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो भविष्य में आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद रहेगा।

### कुंभ
आज करियर में सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। ऑफिस में आपकी योग्यता और समर्पण की सराहना होगी, जिससे आपको कोई नई जिम्मेदारी या बोनस प्राप्त हो सकता है। व्यापार में प्रतिद्वंद्विता को पीछे छोड़ते हुए आप कोई बड़ा अनुबंध प्राप्त कर सकते हैं। आय के स्रोत बढ़ेंगे, परंतु खर्च भी अधिक रहेगा, विशेषकर वाहन, तकनीकी उपकरण या संचार से जुड़ी वस्तुओं पर।

### मीन
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। इससे कार्यभार बढ़ सकता है, किन्तु उसके साथ आर्थिक लाभ भी सुनिश्चित रहेगा। संतान की बीमारी या शैक्षणिक विफलता से थोड़ी चिंता बनी रह सकती है। व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा अधिक रहेगी, और कुछ पुराने ग्राहक छूट सकते हैं, परन्तु नये संपर्कों से बेहतर अवसर आएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# ग्राम प्रधान की हत्या, मचा हड़कंप



निज संवाददाता | गोड्डा

गोड्डा जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र से सामने आई है, जहां फुलोलक्ष्मी गांव के ग्राम प्रधान तालू मुर्मू की बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह मामला तब सामने आया जब सोमवार की सुबह उनका शव बोआरीजोर थाना क्षेत्र के चांदसर गांव में एक सूखे तालाब के किनारे पड़ा मिला। इस सनसनीखेज घटना से पूरे इलाके में मातम और दहशत का माहौल फैल गया है। तालू मुर्मू रविवार की शाम करीब पांच बजे घर से निकले थे। उनकी पत्नी मिरकू मरांडी ने पुलिस को बताया कि दो युवक बाइक से उनके घर आए थे और उन्होंने तालू से कहा कि चलिए एक पार्टी है, वहीं चलना है। बिना किसी शक के तालू उनके साथ निकल गए। इसके बाद से उनका मोबाइल बंद हो गया और उनका कोई अता-पता नहीं चला। रातभर खोजबीन चलती रही लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगली सुबह सूचना मिली कि चांदसर गांव के पास एक तालाब के किनारे एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब शव की शिनाख्त की तो वह तालू मुर्मू का ही निकला। शव की स्थिति देखकर साफ जाहिर होता है कि हत्या कहीं और की गई और बाद में लाश को सुनसान इलाके में लाकर फेंका गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव के पास से मिर्जाचौकी से साहिबगंज जाने का एक पुराना रेल टिकट मिला है। हालांकि यह टिकट किस संदर्भ में है और इसका हत्या से कोई संबंध है या नहीं, यह जांच का विषय है। महागामा के एसडीपीओ चंद्रशेखर आज़ाद और बोआरीजोर थाना प्रभारी ध्रुव कुमार पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई हैं, उनसे यह स्पष्ट है कि हत्या एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई है। तालू मुर्मू की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उनके पति का कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और उन्हें पहले से जान का खतरा था। इसी बयान के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और हत्या के पीछे के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है। तालू मुर्मू गांव के एक सक्रिय और लोकप्रिय प्रतिनिधि थे। उनकी पहचान ईमानदार और लोगों की समस्याओं को लेकर हमेशा तैयार रहने वाले व्यक्ति के रूप में थी। उनकी असामयिक और रहस्यमयी हत्या ने न केवल उनके परिवार को गहरा आघात दिया है, बल्कि पूरे फुलोलक्ष्मी गांव को भी सदमे में डाल दिया है। इधर पुलिस ने घटना के बाद से ही इलाके में सघन छानबीन शुरू कर दी है। संभावित आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है और पुलिस टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि शव को किसने और कब वहां फेंका। इस बीच ग्रामीणों में आक्रोश है और लोगों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। तालू मुर्मू की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिया है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा और हत्या में शामिल लोगों को कठोर सजा दिलाई जाएगी।

## खाई में गिरी बस, नौ यात्री घायल

निज संवाददाता | हजारीबाग



सड़क हादसा हजारीबाग जिले में सोमवार की सुबह सामने आया, जब पटना से हजारीबाग आ रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसा रांची-पटना मेन रोड पर स्थित पदमा ओपी थाना क्षेत्र के पास हुआ। राजश्री नामक यह बस जब पदमा क्षेत्र से गुजर रही थी, उसी दौरान चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस तेजी से खाई की ओर लुढ़कते हुए पलट गई। इस भीषण हादसे में कुल 9 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। घायल यात्रियों को आनन-फानन में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में सभी का इलाज जारी है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को विशेष निगरानी में रखा गया है। हादसे की एक और चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि दुर्घटना के वक्त बस का खलासी ही वाहन चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शी यात्रियों और घायलों ने बताया कि मूल चालक सीट पर नहीं था और अनुभवहीन खलासी स्टेयरिंग संभाले हुए था। खलासी की लापरवाही और ड्राइविंग के अनुभव की कमी की वजह से बस अनियंत्रित हो गई और सीधे खाई में जा गिरी। यही नहीं, हादसे के बाद न केवल खलासी बल्कि चालक और अन्य बस स्टाफ मौके से फरार हो गए। यात्रियों ने बताया कि बस जब खाई में पलटी, तो वे अंदर फंसे रह गए। कई लोगों ने बस की खिड़की और रॉड के सहारे शीशा तोड़कर बाहर निकलने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से यात्रियों को सुरक्षित निकाला जा सका। इस दौरान कुछ यात्रियों को गहरी चोटें आईं, जिनमें एक परिवार के माता-पिता भी शामिल हैं, जो हजारीबाग के नीरज नामक युवक के अभिभावक हैं। इधर घटना की सूचना मिलते ही पदमा ओपी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया और बस को क्रेन के सहारे खाई से बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। पुलिस अब पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# 12 लाख की लागत से बनी पुलिस कैंटीन का एसपी ने किया उद्घाटन



निज संवाददाता | चाईबासा

चाईबासा सदर थाना परिसर में सोमवार को पुलिस विभाग के लिए एक नई और सराहनीय पहल के तहत पुलिस कैंटीन का शुभारंभ किया गया। इस कैंटीन का उद्घाटन पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने किया। लगभग 12 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई यह कैंटीन पूर्व सांसद गीता कोड़ा की सांसद निधि से निर्मित हुई है, जो जिले के पुलिसकर्मियों के लिए एक सुविधाजनक और सुलभ स्थान उपलब्ध कराएगी, जहां वे दैनिक जरूरत की वस्तुएं रियायती दर पर प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर एसपी आशुतोष शेखर ने कैंटीन के निर्माण में योगदान देने वालों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा पुलिसकर्मियों के लिए न केवल आर्थिक रूप से सहायक होगी, बल्कि उनके मनोबल को भी ऊंचा करेगी। उन्होंने पूर्व सांसद गीता कोड़ा के साथ-साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की भी प्रशंसा की, जिसने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के तहत थाना परिसर को दो वाटर कूलर भेंट किए हैं। इन कूलरों से गर्मी के मौसम में पुलिसकर्मियों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे उनकी कार्यक्षमता में भी सुधार होगा।

इस कार्यक्रम में जिले के कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे, जिनमें स्टेट बैंक की जोनल मैनेजर, चाईबासा एसडीपीओ बहामन टुटी, एएसपी अभियान पारस राणा और सार्जेंट मेजर मंसू गोप शामिल थे। इसके अलावा सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही, जिसमें जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नितिन प्रकाश और चाईबासा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मधुसूदन अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल थे। इनकी उपस्थिति ने इस समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया। इस अवसर ने पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय और पारस्परिक सहयोग की भावना को भी बल दिया। कैंटीन न केवल सुविधाओं के लिहाज से अहम है, बल्कि यह पुलिस विभाग के प्रति समाज की सकारात्मक सोच और सहयोग का प्रतीक भी बन गई है। चाईबासा सदर थाना परिसर में यह पहल आने वाले समय में अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकती है, जहां पुलिस बल को उनकी कठिन सेवा के लिए ऐसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं। उद्घाटन समारोह के दौरान पुलिसकर्मियों में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने इस नई सुविधा के लिए संबंधित सभी पक्षों का आभार प्रकट किया।

# तीन हजार रुपए रिश्वत लेते एसीबी ने राजस्व कर्मचारी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | हजारीबाग



हजारीबाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने बड़कागांव प्रखंड के एक राजस्व कर्मचारी प्रह्लाद मांझी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी उस समय हुई जब प्रह्लाद मांझी अंचल कार्यालय परिसर में 3000 रुपए की रिश्वत ले रहा था। शिकायतकर्ता बकाउल्लाह खान ने ACB से शिकायत की थी कि प्रह्लाद मांझी ने उनकी जमीन के भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र (LPC) के लिए 5000 रुपए की मांग की थी। बकाउल्लाह खान ने 10 दिन पहले ही अंचल कार्यालय में अपना आवेदन फॉर्म जमा किया था और यह मामला उसी संदर्भ में था। ACB ने शिकायत की सत्यता की जांच करने के बाद कार्रवाई शुरू की और उन्हें रंगे हाथ पकड़ा। प्रह्लाद मांझी को रिश्वत लेते हुए 3000 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें ACB कार्यालय में ले जाया गया, जहां उनकी पूछताछ जारी है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। हजारीबाग के ACB के एसपी आरिफ इकराम ने इस गिरफ्तारी को भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे कड़े कदमों के तहत बताया और इस बात की पुष्टि की कि प्रशासन भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए हुए है। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि यदि कोई भी सरकारी कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो वह तुरंत ACB को इसकी सूचना दें, ताकि ऐसे मामलों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके। इस घटना के बाद बड़कागांव और आस-पास के सरकारी कार्यालयों में सतर्कता बढ़ गई है। अधिकारियों ने रिश्वत के मामलों में पारदर्शिता बनाए रखने और भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम उठाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। यह गिरफ्तारी अन्य कर्मचारियों के लिए भी चेतावनी है कि अब भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## अनियंत्रित होकर बाइक से गिरा युवक घायल

**साहिबगंज (नि.सं.)।** तीन पहाड़ थाना क्षेत्र के छोटा हरचनपुर गांव में एक युवक बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है, जब युवक बाजार से लौटते समय सड़क पर बने कीचड़ के कारण फिसलकर गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान जुटील मंडल के 18 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण मंडल के रूप में हुई है। वह किसी जरूरी सामान की खरीदारी के लिए बाजार गया था और वापस अपने घर लौट रहा था। लेकिन जैसे ही वह घर के पास पहुंचा, कीचड़ भरे रास्ते पर बाइक का संतुलन नहीं संभाल पाया और सीधे सड़क पर गिर पड़ा। गिरने के कारण उसे सिर और शरीर में चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने उसे तत्परता के साथ उठाया और इलाज के लिए साहिबगंज अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. उदय टुडू ने उसका प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर ने बताया कि युवक की हालत स्थिर है, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है।

# पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ दो अपराधी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | जमशेदपुर



जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि कुछ संदिग्ध लोग इलाके में हथियार के साथ घूम रहे हैं। इस सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया और एलआईसी ग्राउंड के पास छापेमारी कर दोनों अपराधियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान अंकुर सिंह और उदयभान सिंह के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान दोनों के पास से दो देसी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जो किसी बड़ी आपराधिक साजिश की ओर इशारा कर रहे हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि अंकुर सिंह पहले भी हत्या के एक गंभीर मामले में जेल जा चुका है। जेल से छूटने के बाद वह फिर से अपराध की दुनिया में लौट आया और उदयभान सिंह के साथ मिलकर शहर में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा था।

दोनों मिलकर फिर से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, जिसे पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। एसएसपी किशोर कौशल ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि जमशेदपुर पुलिस अपराध और विशेषकर हथियारों से जुड़े मामलों पर लगातार निगरानी बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों में पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत कुल 28 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इस अवधि में 44 अवैध हथियार बरामद किए गए और 68 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जो यह दर्शाता है कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कदम उठा रही है। एसएसपी ने यह भी बताया कि पुलिस अब इस बात की जांच में जुटी है कि इन हथियारों की आपूर्ति कहां से हो रही है। अवैध हथियारों की तस्करी के स्रोत का पता लगाने के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है, ताकि अपराध की जड़ों तक पहुंचा जा सके और उन्हें समाप्त किया जा सके। दोनों गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और उन पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के बाद शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आम लोगों में एक सकारात्मक संदेश गया है। पुलिस की त्वरित और सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों को अब किसी तरह की राहत नहीं मिलने वाली है। जमशेदपुर पुलिस का यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा ताकि अपराध पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके।

# दो घरों से लाखों के गहने और नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी

निज संवाददाता | पाकुड़।



पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के छोटी अलीगंज मोहल्ले में बीती रात चोरी की दो बड़ी वारदातों ने स्थानीय लोगों में दहशत और चिंता का माहौल बना दिया है। राम जी भगत जो जिओ कंपनी में कार्यरत हैं, हर रोज की तरह अपने फील्ड वर्क के लिए घर से निकले थे। देर रात जब वे अपने काम से लौटे तो घर का नजारा देख सन्न रह गए। मुख्य दरवाजा पूरी तरह से टूटा हुआ था और अंदर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था। घर के अंदर घुसते ही पता चला कि अलमारी से करीब 3 लाख रुपये के सोने के गहने और 1 लाख रुपये नकद गायब थे। चोरों ने पूरे घर को खंगाल डाला और कीमती सामान लेकर आराम से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की। राम जी भगत ने पुलिस को बताया कि उनकी मां इन दिनों इलाज के लिए बेंगलुरु गई हुई हैं और घर में उस समय कोई मौजूद नहीं था। ऐसे में चोरों को चोरी करने का पूरा मौका मिल गया। राम जी भगत ने थाने में जाकर लिखित रूप से शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, उसी मोहल्ले की रहने वाली बीना देवी के घर में भी चोरों ने सेंध लगाई। उनके घर से भी हजारों रुपये का सामान गायब पाया गया है। हालांकि, बीना देवी की ओर से अभी तक थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है, लेकिन यह साफ है कि दोनों घटनाएं एक ही रात को अंजाम दी गई हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि चोरों का एक सुनियोजित गिरोह इस इलाके में सक्रिय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब दो महीने पहले भी नगर थाना क्षेत्र में कई घरों में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तब से इलाके में चोरी की घटनाएं रुकी हुई थीं, लेकिन अब फिर से चोरों ने सक्रियता दिखाते हुए दो घरों में बड़ी चोरी को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। चोरी की घटना को लेकर नगर थाना प्रभारी प्रयागराज ने बताया कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है और बहुत जल्द ही इस चोरी का पर्दाफाश कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इलाके में पुलिस गश्त को और मजबूत किया जाएगा ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें।

## किशोरी के अपहरण मामले में युवक गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**साहिबगंज (नि.सं.)।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के एक किशोरी के अपहरण मामले में युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीते 21 मार्च 2025 को थाना क्षेत्र की एक गाव की महिला ने थाना क्षेत्र के तीनपहाड़ के कोयला पट्टी के छोटू अंसारी पर अपनी किशोरी का अपहरण कर लेने का आरोप लगाते हुए थाना में केस दर्ज कराकर किशोरी की बरामदगी की गुहार लगाई थी। वही इस मामले को लेकर पुलिस किशोरी की बरामदगी में जुटी हुई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना पर तीनपहाड़ स्टेशन से युवक को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से किशोरी को बरामद कर लिया।वही इस मामले को लेकर तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडेय ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जारहा हैं। जबकि किशोरी के बयान कलम्बद्ध करने व मेडिकल जांच के लिया भेजने की प्रक्रिया जारी हैं।

# मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | साहिबगंज

कड़ाई और गंभीरता के साथ जिले में बढ़ते अपराध पर लगाम कसने के उद्देश्य से रविवार को स्थानीय एसपी कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता खुद पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने की। बैठक में जिले के सभी डीएसपी, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारियों की उपस्थिति रही, जहां अपराध से संबंधित मामलों की समीक्षा के साथ ही अनेक जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान एसपी अमित कुमार सिंह ने थाना वार लंबित मामलों की गहन समीक्षा की और यह स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जिन मामलों में अब तक कार्रवाई नहीं हुई है, उनका जल्द से जल्द निष्पादन किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराध नियंत्रण को लेकर पूरी पुलिस टीम को गंभीर और सक्रिय रहने की जरूरत है। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निरंतर गश्त करें और इलाके में अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि शहर और ग्रामीण इलाकों के चौक-चौराहों पर अनावश्यक रूप से जमने वाली भीड़ और संदिग्ध लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाए। देर रात बिना किसी कारण घूम रहे लोगों की पूछताछ की जाए और यदि आवश्यकता हो तो कानूनी कार्रवाई में भी देरी न की जाए। एसपी ने कहा कि कई बार अपराधी भीड़ का हिस्सा बनकर इलाके की रेकी करते हैं और फिर वारदात को अंजाम देते हैं। इसलिए रात के समय हर संदिग्ध गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाए। वाहन जांच अभियान को भी तेज करने का आदेश देते हुए उन्होंने कहा कि बाइक और चारपहिया वाहनों की जांच नियमित रूप से की जाए ताकि किसी भी तरह के अपराध को रोका जा सके। इस गोष्ठी में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, असामाजिक तत्वों की पहचान, संगीन मामलों में त्वरित कार्रवाई, और थानों की कार्यशैली को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। एसपी ने कहा कि पुलिस की जवाबदेही जनता के प्रति है और जब तक आम जनता खुद को सुरक्षित नहीं महसूस करेगी, तब तक हमारी मेहनत अधूरी मानी जाएगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से एसपी को अवगत कराया और वर्तमान में चल रही कार्रवाईयों की रिपोर्ट भी सौंपी। इस दौरान यह तय किया गया कि आने वाले दिनों में थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें संदिग्ध तत्वों की पहचान कर उन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। एसपी ने अंत में कहा कि हर थाना प्रभारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने क्षेत्र में नियमित रूप से पैदल गश्त करें।

# नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

निज संवाददाता | पाकुड़



पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड मुख्यालय में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह धार्मिक अनुष्ठान 19 से 23 मई तक चलेगा, जिसमें विविध कार्यक्रमों और पूजन विधियों के माध्यम से शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न की जाएगी। सोमवार को निकली कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई यह यात्रा भगत सिंह चौक, अम्बेडकर चौक, ग्वालपाड़ा राजबाड़ी होते हुए बासलोई नदी घाट तक पहुंची। रास्ते भर भक्ति गीतों की गूंज और "हर हर महादेव" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा की विशेष बात यह रही कि महिलाओं और कन्याओं ने कलश को सिर पर लेकर पूरे मुख्यालय का भ्रमण किया, जो धार्मिक परंपरा और आस्था का जीवंत प्रतीक बना। नदी घाट पर पहुंचने के बाद बनारस से आए पंडित आचार्य दुलाल पांडे द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई और कलशों में पवित्र जल भरा गया, जिसे मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इस आयोजन में प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय कुमार सिन्हा और जेई रंजीत मंडल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की। मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रंजीत मंडल ने बताया कि इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भारी उत्साह है। शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर परिसर विविध धार्मिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। पूजा-अर्चना, हवन, रुद्राभिषेक और प्रवचन जैसे धार्मिक आयोजन मंदिर में आयोजित होंगे, जिनमें दूर-दराज से आए पंडितगण भाग लेंगे।

## टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) (नि.सं.)।** आदित्यपुर में टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर एक टैंकर और मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान भाटिया बस्ती निवासी राज गोपाल मंडल के रूप में हुई है। घटना डीवीसी मोड़ पर हुई। कांड्रा की ओर जा रहा एलपीटी टैंकर सुधा डेयरी मोड़ के पास ट्रैफिक सिग्नल को पार करने की जल्दी में था। इसी दौरान शनि मंदिर की तरफ जा रहे बाइक सवार राज गोपाल मंडल टैंकर के पिछले पहिए की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूलों के दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थी हुए सम्मानित

निज संवाददाता | बोकारो




वर्ष 2024 -25 के लिए सीबीएसई द्वारा जारी की गई दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में डीएवी एवं बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूलों के विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक (शिक्षा) मीनम मिश्रा, महाप्रबंधक (सी&आई टी ) श्री प्रवीण कुमार, उपप्रबंधक (शिक्षा) प्रभा मोहन नायर के साथ स्कूल के प्रधानाचार्य तथा शिक्षक मौजूद थे। परीक्षार्थियों को सम्मानित करते हुए अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि परिश्रम के द्वारा अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है तथा कठिन परिश्रम ही हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाकर हमें सफल बनाता है। बारहवीं की परीक्षा के साइंस स्ट्रीम में आशीष शर्मा को 88।20 प्रतिशत, सबीना परवीन को 86।40 प्रतिशत तथा कुमारी वर्षा महतो को 86।20 प्रतिशत मार्क्स के साथ प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बारहवीं की परीक्षा के कॉमर्स स्ट्रीम में 84।60 प्रतिशत के साथ अनन्या सिंह को प्रथम, 84।20 प्रतिशत के साथ नेहा कुमारी यादव को द्वितीय तथा 83।60 प्रतिशत के साथ शिवांगी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बारहवीं की परीक्षा के कला संकाय में आर बास्के को 86। 20 प्रतिशत के साथ प्रथम, स्नेहाशीष कुमार को 81.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा आशिका कुमारी तथा श्रुति कुमारी को 80।60 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दसवीं कक्षा में डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 12/E के स्वेक्षा को 91 प्रतिशत के साथ प्रथम, सोफ्टी को 82 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा वैष्णवी कुमारी को 81 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दसवीं कक्षा में डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 02/C के अंशु शर्मा को 84।80 प्रतिशत, अविनाश कुमार को 82 प्रतिशत तथा भूमि कुमारी को 79 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में निकिता, पूर्णिमा सिंह, श्वेता, कुमारजीत,पूजा, रौशनी देवदीप, हर्षिता, दिलीप कुमार, दीपक कुमार आदि सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान था।

## संक्षिप्त समाचार



### संभल हिंसा में शामिल एक और गिरफ्तार, अब तक 84 आरोपियों को जेल भेज चुकी पुलिस

**संभल, एजेंसी।** यूपी के संभल में सदर कोतवाली पुलिस ने हिंसा में शामिल एक और आरोपी को रविवार सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बीते वर्ष शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में शामिल था और भीड़ में शामिल होकर पुलिस टीम पर पथराव किया था। आरोपी के न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बीते वर्ष शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अफसरों समेत 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे और चार युवकों की मौत हुई थी। पुलिस भीड़ का हिस्सा बनकर पथराव और फायरिंग करने के मामले में 84 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपियों की फोटो और वीडियो के आधार पर पहचान कराकर उन्हें पकड़ने के प्रयास में पुलिस जुटी है। हिंसा मामले में वांछित आरोपी शेर मोहम्मद निवासी कोट गर्वी ने भी भीड़ का हिस्सा बनकर हिंसा के दौरान पुलिस टीम पर पथराव किया था। आरोपी के न्यायालय से वारंट भी जारी हो चुके हैं। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अमरीश कुमार ने बताया कि शेर मोहम्मद को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### गुरुग्राम में सड़कों के किनारे कब्जा करने वालों की खैर नहीं



**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में बड़े पैमाने पर सड़कों किनारे किए गए अतिक्रमण की शिकायतें मिलने पर प्रशासन ऐक्शन मोड में नजर आ रहा है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) ने इस मुद्दे को हल करने के लिए संयुक्त प्रयास किए हैं। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) और गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) ने शहर में जहां भी अतिक्रमण है उसे जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए हैं। डीटीपी जीएमडीए आरएस बाठ के नेतृत्व में नगर निगम और जीएमडीए दोनों की इनफोर्समेंट टीमों ने हाल ही में बादशाहपुर चौक पर दो अभियान चलाए थे, जो कि मुख्य रूप से अतिक्रमण वाला क्षेत्र था। 500 मीटर के क्षेत्र में लगभग 50 अवैध रेहड़ियां हटाई गईं और फुटपाथों को, जो पूरी तरह से दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए गए थे, पैदल चलने वालों के लाभ के लिए साफ किया गया।

**पार्किंग क्षेत्र बढ़ाया:** इसके अतिरिक्त, पार्किंग क्षेत्र को भी बढ़ाया गया क्योंकि विक्रेताओं द्वारा अवैध रूप से जगह पर कब्जा कर लिया गया था। अभियान से पहले, दोनों टीमों द्वारा तीन निरीक्षण दौरे किए गए और सभी दोषियों को उनके अवैध ढांचे और अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी जारी की गई।

### पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में यूपी का व्यापारी गिरफ्तार

**लखनऊ, एजेंसी।** जासूसी के आरोप में गिरफ्तारी हुई हरियाणा की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा के बाद अब उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने के आरोप में रामपुर से एक व्यवसायी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शहजाद के रूप में हुई है। उसे एसटीएफ की ओर से पाकिस्तान के लिए सीमा पार तस्करी और जासूसी गतिविधियों में शामिल होने की खुफिया जानकारी के आधार पर मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, शहजाद पाकिस्तान में अपने आकाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। एसटीएफ ने एक बयान में कहा कि शहजाद हाल के वर्षों में व्यापार के बहाने कई बार पाकिस्तान गया था।

# नया कीर्तिमान, हिमाचल परिवहन विभाग ने एक साल में की 912 करोड़ की कमाई



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग ने राजस्व अर्जन में नया रिकॉर्ड कायम करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 912 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह आय पिछले वर्ष की तुलना में 132 करोड़ रुपये अधिक है। रविवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा 1000 करोड़ रुपये पार कर जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते एक वर्ष में प्रदेश में 1.5 लाख नए वाहन पंजीकृत हुए हैं जिससे कुल पंजीकृत वाहनों की संख्या 23 लाख के पार पहुंच गई है। वहीं इस दौरान एक लाख नए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए हैं और अब तक कुल 16 लाख लाइसेंस प्रदेश में एक्टिव हैं।

**फैंसी नंबरों की ई-नीलामी बनी बड़ी आय का स्रोत:** परिवहन विभाग की आय बढ़ाने में फैंसी नंबरों की ई-नीलामी ने अहम भूमिका निभाई है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले ये नंबर सिफारिश के आधार पर जारी होते थे। लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था के तहत इनकी ऑनलाइन नीलामी की जा रही है। इस व्यवस्था से विभाग को बीते वर्ष 37 करोड़ रुपये की आय हुई है। कुछ विशेष नंबर 20 से 25 लाख रुपये तक में नीलाम हुए हैं।

**बाहर से आने वाली बसों पर स्पेशल टैक्स से हुई 17 करोड़ की आय:** उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र की नई परिवहन नीति के चलते बाहर से आने वाली बसों को रोकना अब चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में राज्य सरकार ने इन पर विशेष रोड टैक्स लगाया है। इससे अब तक 17 करोड़ रुपये की आय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों ने अब तक टैक्स नहीं चुकाया है वे अब उत्पाद शुल्क विभाग से एनओसी लेकर टैक्स अदा कर सकते हैं।

### प्रदेश को मिले राष्ट्रीय अवॉर्ड, केंद्र से मिली 28.71 करोड़ की राशि

प्रदेश को परिवहन क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए लगातार दूसरे वर्ष केंद्र सरकार से पुरस्कार मिला है। पिछले वर्ष जहां 25 करोड़ की पुरस्कार राशि मिली थी वहीं इस वर्ष यह बढ़कर 28.71 करोड़ रुपये हो गई है।

### 1000 नए वाहन उतरेंगे रूट पर, चार्जिंग स्टेशन और स्क्रैप सिस्टम की योजना

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन को और मजबूत करने की दिशा में परिवहन विभाग 1000 नए वाहनों को रूट पर उतारने की योजना पर काम कर रहा है। वर्तमान में 234 बसें, 350 सीट क्षमता वाली 181 बसें और 18 सीटर टेम्पो परिचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 3000 निजी वाहन और 27 हजार परमिट भी जारी किए गए हैं। वहीं ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के 65 होटलों में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इस वर्ष कुल 88 नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है। साथ ही सोलन और नादौन में दो स्क्रैपेज पॉलिसी आधारित वाहन स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश में सात नए ऑटोमैटिक वाहन परीक्षण केंद्र भी शुरू किए जाएंगे।

### हैदराबाद को दहलाने की कोशिश कर रहे थे आईएसआईएस के आतंकी, पकड़े गए रहमान और समीर



**हैदराबाद, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश पुलिस और तेलंगाना पुलिस ने एक संयुक्त अभियान के तहत हैदराबाद में धमाके की योजना बना रहे आतंकियों की साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस कि संयुक्ति टीम ने दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि विजयनगरम के सिराज उर रहमान (29) को एक गुप्त सूचना के आधार पर हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान रहमान के परिसर से अमोनिया, सल्फर और एल्युमीनियम पाउडर सहित विस्फोटक जब्त किए गए। पुलिस ने बताया, 'जांच के दौरान रहमान द्वारा किये गए खुलासे के आधार पर हैदराबाद से एक अन्य व्यक्ति सैयद समीर (28) को हिरासत में लिया गया।' इन लिंक आईएसआईए के मॉड्यूल से बताया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी हिरासत में हैं और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग और सतर्कता बरतने का आग्रह किया। पहलगाम हमले के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। एनआईए ने शुक्रवार को पंजाब के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। पंजाब पुलिस गैंगस्टर हैप्पी से जुड़े ठिकानों की तलाशी ले रही थी। हैप्पी का लिंक पाकिस्तान में खालिस्तानी आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा से हैं। हैप्पी पर पंजाब में कई ग्रेनेड अटैक करवाने का भी आरोप है। एनआईए ने मुंबई में आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के दो फरार सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है।

एजेंसी ने बताया कि इनकी पहचान अब्दुल्ला फैयाज शेख उर्फ डायपरवाला और तल्हा खान के रूप में की गई है। ये दोनों ही जकार्ता से भारत लौट रहे थे तभी मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सीआरपीएफ, एसओजी और सेना के जॉइंट ऑपरेशन में आतंकियों के दो मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पिस्तौल, ग्रेनेड, 43 राउंड कारतूस और अन्य गोला बारूद जब्त किया गया है। शोपियां पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके आगे की जांच शुरू करदी है।

## मुंबई-गोवा हाईवे पर जगबुडी नदी में गिरी कार, 5 लोगों की मौत



**रत्नागिरी, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुंबई-गोवा हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक कार जगबुडी नदी में गिर गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और ड्राइवर घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग मुंबई के मिरा रोड से रत्नागिरी के देवरुख में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी कार चालक का मुंबई-गोवा हाईवे पर जगबुडी नदी के पास नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इससे पहले, 28 अप्रैल को महाराष्ट्र के भंडारा में एक सड़क हादसा सामने आया था, जहां चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह भीषण दुर्घटना मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भंडारा शहर के निकट बेला गांव में हुई थी। एक बोलेरो गाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। जब गाड़ी बेला गांव के पास पहुंची, तभी नागपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के समय गाड़ी में पांच लोग सवार थे, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। बीते दिनों महाराष्ट्र में हादसों में कई दुर्घटनाएं सामने आई हैं। 18 अप्रैल को भी मुंबई के चेंबूर इलाके में बीएमसी का कचरा ट्रक ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पलट गया था। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हुए थे।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में हथियार और गोला-बारूद के साथ आतंकी गतिविधियों से जुड़े दो लोग को गिरफ्तार किया गया



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू एवं कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकी गतिविधियों से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। शोपियां जिले की पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, आतंकवाद के खिलाफ एक उल्लेखनीय अभियान में एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बीएन और 34 आरआर के संयुक्त टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनकी तलाशी लेने पर 4 हथगोले, 2 पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। दोनों के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई।

संयुक्त बलों ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों, उनके ओवरग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) और उनके समर्थकों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है।

ये ऑपरेशन सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जाते हैं। पिछले सप्ताह शोपियां और पुलवामा जिलों में दो लगातार अभियानों में छह आतंकवादी मारे गए थे। मारे गए आतंकवादियों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ऑपरेशनल कमांडर भी शामिल था। 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने पहलगाम में एक स्थानीय नागरिक सहित 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी।

इस आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान-पीओके में घुसकर एयर स्ट्राइक की थी और आतंकियों के 9 ठिकानों का ध्वस्त किया था। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। पाक की ओर से जम्मू एवं कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर अंधाधुंध मोर्टार गोलाबारी की गई।

पुंछ, राजौरी, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी से कई घरों और दुकानों को नुकसान हुआ। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से हो रहे हमलों का भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। आखिरकार, भारत के सामने पाकिस्तान को झुकना पड़ा और सीजफायर की पहल की। 12 मई को भारत-पाक के बीच सीजफायर हुआ। हालांकि, पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया। लेकिन, सीमा पर कुछ दिनों से शांति है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह सीजफायर तभी तक कायम रहेगा जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम नहीं लगा लेता।

## मैंने 2019 में भाजपा को सत्ता में आने से रोका इसलिए ईडी ने मुझे गिरफ्तार किया: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा) के नेता संजय राउत ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित धन शोधन के मामले में उन्हें गिरफ्तार किए जाने के पीछे मुख्य कारण यह था कि उन्होंने 2019 में महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में आने से रोका था। राउत ने अपनी पुस्तक नरकतला स्वर्ग (नरक में स्वर्ग) में यह भी दावा किया कि उनके खिलाफ कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि वह उस वर्ष सत्ता में आई उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाडी (एमवीए) सरकार की सुरक्षा दीवार थे।



यह पुस्तक राउत के जेल में बिताए अनुभवों के बारे में है, जब ईडी ने 2022 में उन्हें ठाकरे सरकार के गिरने के तुरंत बाद कथित धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। हालांकि बाद में राउत को जमानत मिल गई थी। उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ (ईडी की) कार्रवाई के पीछे मुख्य कारण यह था कि मैंने भाजपा को सत्ता में आने से रोका। मैं ठाकरे सरकार को बचाने के लिए एक सुरक्षा दीवार की तरह खड़ा था। उसके बाद ठाकरे सरकार गिर गई। राउत ने दावा किया, (एकनाथ) शिंदे सरकार असंवैधानिक तरीकों से बनी थी। शिंदे और (तत्कालीन उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस) दोनों एक बात पर सहमत रहे होंगे कि अगर सरकार को काम करना है, तो राउत को सलाखों के पीछे होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बात से आहत थी कि उसे 105 सीट (2019 के विधानसभा चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में) जीतने के बावजूद विपक्ष में बैठना पड़ा था। राउत ने दावा किया, शिवसेना के शरद पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से हाथ मिलाने के बाद भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ा। भाजपा ने मुझे ही कारण माना कि वह 2019 में महाराष्ट्र में सरकार नहीं बना सकी। भाजपा को हमेशा इसका अफसोस रहा।

भाजपा और शिवसेना ने 2019 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर विवाद के कारण शिवसेना ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। बाद में शिवसेना, कांग्रेस और (अविभाजित) राकांपा वाले महाविकास अघाडी गठबंधन का हिस्सा बन गई और गठबंधन सरकार का नेतृत्व ठाकरे ने किया। भाजपा के कटु आलोचक माने जाने वाले राज्यसभा सदस्य ने कहा कि पूर्व सहयोगी दल 2019 में उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देख सकता था इसलिए भाजपा नेता ने उनकी सरकार को गिराने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि सरकार के पास 170 विधायकों का बहुमत होने के कारण यह संभव नहीं था कि उनका ऑपरेशन लोटस सफल हो। राउत ने कहा, यही कारण है कि केंद्रीय एजेंसियां युद्ध के मैदान में उतरीं। अनिल देशमुख, नवाब मलिक और संजय राउत को लक्ष्य बनाया गया।

# डीएनए विवाद ने तूल पकड़ा, ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव के नाम की लंबी पोस्ट; बहुत कुछ लिख दिया

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच छिड़ा डीएनए विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया एक्स हैंडल से हुई पोस्ट को लेकर रविवार को ब्रजेश पाठक और अखिलेश यादव ने एक-दूसरे को नसीहत दी थी। इस मामले में अखिलेश यादव, सपा के प्रदेश अध्यक्ष और सपा के मीडिया सेल को भी नोटिस भेजा गया है। वहीं सोमवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक लंबी पोस्ट लिखकर समाजवादी पार्टी की राजनीतिक सोच और कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इसमें ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर जातिवाद, तुष्टीकरण और समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया है।





ब्रजेश पाठक ने लिखा-'अखिलेश यादव जी, आप डीएनए के सवाल पर बहुत भड़के हुए हैं। मैने ये कह क्या दिया कि समाजवादी पार्टी के डीएनए में ख़राबी है, आप आपे से उसी तरह बाहर हो गए जैसे दस साल पहले यूपी की सत्ता से बाहर हो गए थे। आप इस बात को समझिए कि डीएनए में खराबी से हमारा मतलब किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि आपकी पार्टी की राजनीतिक सोच से है। डीएनए में खराबी का मतलब ये है कि आपकी पार्टी की राजनीति की बुनियाद ही जातिवाद और तुष्टीकरण पर टिकी रही है और आज भी टिकी हुई है। समाजवादी पार्टी ने कभी सबका साथ-सबका विकास की बात की ही नहीं। आपकी प्राथमिकता ही हमेशा वोटबैंक की राजनीति रही है, नीतियों और आदर्शों से आपका दूर दूर तक का लेना देना नहीं रहा है।'

डिप्टी सीएम ने आगे लिखा, 'मैं आपकी पार्टी के डीएनए में खराबी के मसले को और खुलकर समझा देता हूं। दरअसल मुस्लिम तुष्टिकरण ही आपकी राजनीति का केन्द्रीय हिस्सा रहा है। आप किसी भी राजनीति विज्ञानी से बात कर लें। वो आपको समझा देगा कि आपकी पार्टी का जन्म ही मुस्लिम तुष्टीकरण के डीएनए के साथ हुआ है और आपकी पूरी की पूरी राजनीति की दाल-रोटी भी यही है। वो चाहे शिक्षा नीति हो, नियुक्तियाँ हों या कानून-व्यवस्था के सवाल, आपकी सरकारों ने बार-बार एक ही वर्ग विशेष को खुश करने के लिए बाकी समाज की अनदेखी की है। इससे समाज में विभाजन और अविश्वास की खाई और गहरी हुई है। आपने तो बतौर मुख्यमंत्री अपने सिगनेचर से आतंकियों से जुड़े 14 केस एक साथ वापिस लिए हैं ताकि आपकी पार्टी के मुस्लिम तुष्टीकरण वाले डीएनए को खाद पानी मिलता रहे। ऐसे में मैं अच्छी तरह समझा सकता हूं कि डीएनए पर सवाल उठाने से आप इतने तिलमिलाए क्यों हैं। आपको इतना दर्द क्यों हैं।'

पत्र में डिप्टी सीएम सपा पर आरोपों की बौछार करते हुए लिखा-'आपकी पार्टी का डीएनए तो दलितों के भी खिलाफ रहा है। समाजवादी पार्टी के शासनकाल में बार-बार देखा गया कि दलितों के अधिकारों को कुचला गया, उन्हें राजनीतिक रूप से हाशिए पर रखा गया, और उनके साथ अन्याय की घटनाओं में वृद्धि हुई। यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी राजनीतिक मानसिकता को दर्शाता है।' ब्रजेश पाठक ने सपा पर समाज को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा-'अखिलेश जी, इसलिए जब हम कहते हैं कि समाजवादी पार्टी के डीएनए में ख़राबी है तो हमारा सीधा मतलब है कि यह पार्टी सत्ता के लिए समाज को बांटने में यक़ीन रखती है। जाति, धर्म और वर्ग को देख कर राजनीति करती है। इसलिए आप कुपित न होइए। हो सके तो खुद को और अपनी पार्टी की सोच को बदलने की कोशिश कीजिए। एक बात और, आपका और आपकी पार्टी का ट्विटर हैंडल जो भी चलाता है और जो भी आपको बड़े बड़े पैराग्राफ वाले बयान लिखकर भेजता है, वो तो इतना नादान है कि उसने आपके जरिए ये कुबूल करवा लिया कि जेपी, लोहिया और राजनारायण जैसे महान नेताओं के समाजवाद को गंदी, पतित और कलुषित गालियों में तब्दील कर देने वाले ये लोग आपके अपने ही हैं।

# केएल राहुल लोगों की अपेक्षा कहीं बेहतर खिलाड़ी हैं:मूडी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज टॉम मूडी ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को उनकी वास्तविक क्षमता का पूरा श्रेय नहीं दिया गया है। उन्होंने रविवार को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 112 रनों की पारी खेलकर दिल्ली कैपिटल्स को बल्लेबाजी क्रम के पतन से बचाया था। दिल्ली की शुरुआत खराब रही और पहले पांच ओवरों में 1 विकेट पर 28 रन ही बना सकी। लेकिन राहुल की शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें लगभग 200 रन के आंकड़े तक पहुंचा दिया। हालांकि साई सुदर्शन (नाबाद 108) और शुभमन गिल (नाबाद 93) ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर गुजरात टाइटन्स के लिए प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। राहुल ने 60 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 172.30 के स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाकर नाबाद रहे। आईपीएल 2025 में वह 148.04 की स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 493 रन बना चुके हैं। आईपीएल 2018 के बाद से यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है, जब उन्होंने 14 मैचों में 158.41 की दर से 659 रन बनाए थे। मूडी ने पर कहा, मुझे हमेशा केएल राहुल के बारे में आलोचना काफी असाधारण लगती है। मुझे लगता है कि वह बहुत से लोगों की तुलना में बहुत बेहतर खिलाड़ी हैं। और जिस तरह से मैं इस पारी को देखता हूं, मुझे लगता है कि यह एक शानदार पारी है। उन्होंने कहा, और हां, देखिए यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन मैच जीतता है, आप जानते हैं, वह प्लेयर ऑफ द मैच है या नहीं। लेकिन जिस तरह से मैं इसे और बैटिंग कार्ड को देखता हूं, जो उन्हें निराश करता है और 220 तक नहीं पहुंच पाते है, वह है अन्य बल्लेबाज जो केवल 150 पर ही आउट हो गए। (बल्लेबाजी के अनुकूल) सतह पर, आप प्रभाव चाहते हैं।

उन्होंने कहा, जब आपके पास कोई ऐसा खिलाड़ी होता है जो एंकरिंग करता है, जो कुल स्कोर बनाता है, तो जब आप आते हैं तो आपकी भूमिका खेल को प्रभावित करना होती है, दस गेंदों पर 30 रन, उस तरह की पारी, जो आपको अचानक 220 तक ले जाती है। एक ही व्यक्ति पर उंगली उठाने के बजाय, मुझे लगता है कि यह इसके विपरीत है। दस ओवर के निशान तक दिल्ली कैपिटल्स 1 विकेट पर 81 रन बना चुकी थी, जिसमें राहुल ने 38 गेंदों पर 56 रन बनाए। हालांकि 15वें और 18वें ओवर के बीच राहुल ने केवल छह गेंदों का सामना किया, जबकि अक्षर पटेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने अधिकांश गेंदें खेलीं। मूडी के अनुसार, इस बदलाव ने कुछ हद तक राहुल की गति को बाधित किया। मूडी ने कहा, टीम के पास 220 तक पहुंचने का अवसर था। टीम ने ऐसा नहीं किया। यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है। यह एक टीम खेल है। और यहीं पर यह संवाद होता है कि कौन आ रहा है और जब आप मैदान पर होते हैं तो संवाद होता है - ठीक है, हमें इस ओवर की शुरुआत में दो बाउंड्री लगाने का लक्ष्य रखना है; चलो इसे एक बड़ा ओवर बनाते हैं। मूडी ने आगे कहा, मेरे हिसाब से, वे उस बीच (अवधि में) थोड़ा निष्क्रिय रहे।

# IPL 2025 में जमकर चला गिल का बल्ला, विराट कोहली का तोड़ दिया ये बड़ा रिकॉर्ड




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 60वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन कर क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया। गिल ने 53 गेंदों में नाबाद 93 रनों की शानदार पारी खेलकर न केवल अपनी टीम को 10 विकेट से शानदार जीत दिलाई, बल्कि टी 20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इस पारी के साथ गिल ने दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए टी 20 क्रिकेट में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल किया।

### गिल ने कोहली को छोड़ा पीछे

शुभमन गिल ने टी-20 क्रिकेट में 5000 रन सिर्फ 154 पारियों में पूरे किए, जबकि विराट कोहली को इस मुकाम तक पहुंचने में 167 पारियां लगी थीं। गिल अब भारत के लिए ट्20 में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में केएल राहुल (143 पारियां) के बाद दूसरे नंबर पर हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सुरेश रैना (173 पारियां) इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

टी-20 में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाज
क्रिस गेल- 132 पारियां
केएल राहुल- 143 पारियां
शॉन मार्श- 144 पारियां
डेवोन कॉनवे- 144 पारियां
बाबर आजम- 145 पारियां
शुभमन गिल- 154 पारियां

वैश्विक स्तर पर गिल टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले छठे बल्लेबाज बने हैं। वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल 132 पारियों के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं।

### दिल्ली के खिलाफ गिल का जलवा

मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल के शानदार शतक की बदौलत 20 ओवर में 3 विकेट पर 199 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में गुजरात टाइटंस की ओर से शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। सुदर्शन ने 108 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि गिल ने 93 रन बनाए। दोनों ने मिलकर बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य को हासिल कर लिया और गुजरात को 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली।

### क्यों हैं गिल कोहली के उत्तराधिकारी?

शुभमन गिल को लंबे समय से विराट कोहली का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। उनकी तकनीक, दबाव में शांत रहने की क्षमता और लगातार रन बनाने की काबिलियत उन्हें खास बनाती है। इस रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि गिल न केवल मौजूदा दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं, बल्कि भविष्य में भारतीय क्रिकेट के बड़े सितारे बनने की पूरी क्षमता रखते हैं।

# श्रेयस अय्यर ने रचा इतिहास




**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स टीम आईपीएल 2025 प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। अय्यर ने पिछले साल अपनी कप्तानी में केकेआर को चैंपियन बनाया था, इस बार वह पंजाब किंग्स की कमान संभाले हुए हैं। इस बार टीम को उम्मीद है कि वे अपना पहला खिताब जीत सकते हैं।

### श्रेयस अय्यर ऐसा करने वाले पहले कप्तान बने

पंजाब किंग्स ने रविवार को अपने लीग स्टेज का 12वां मैच राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेला. पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 219 रन बनाए, जवाब में राजस्थान 209 रन ही बना पाई. पंजाब ने 10 रनों से मुकाबले को जीत लिया. रविवार को ही हुए दूसरे मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया, इसके बाद गुजरात के साथ पंजाब और बेंगलूरु का प्लेऑफ टिकट भी कंफर्म हो गया. श्रेयस अय्यर आईपीएल इतिहास के पहले कप्तान बन गए हैं, जिन्होंने अपनी कप्तानी में 3 अलग-अलग टीमों को प्लेऑफ में पहुंचाया है. पिछले साल उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को चैंपियन बनाया. इससे पहले अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल तक पहुंचाया था. रविवार को हुए मैच से पहले श्रेयस अय्यर की उंगली में चोट लग गई थी, इस कारण वह फील्डिंग नहीं कर पाए थे. हालांकि उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए 30 रन बनाए थे. उम्मीद है कि वह प्लेऑफ के मैचों तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे, वैसे अभी टीम को लीग स्टेज के 2 मैच और खेलने हैं. पंजाब किंग्स इस बार शानदार नजर आ रही है, उसने कई करीबी मैच जीते हैं. इसको लेकर पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीती जिंटा भी काफी खुश हैं, वह बोल चुकी हैं कि पहले हम जीते हुए मैच हार जाया करते थे लेकिन इस बार हम हारे हुए मैच जीत रहे हैं.

### पंजाब किंग्स की निगाहें अब टॉप 2 पर

अब श्रेयस अय्यर एंड टीम की नजर टॉप 2 पर आने की होगी, क्योंकि उन 2 टीमों को फाइनल खेलने के 2 मौके मिलते हैं जबकि इसके उलट अन्य 2 टीमों को फाइनल में जाने के लिए 2 लगातार मैच जीतने होते हैं. पंजाब के अभी 12 मैचों के बाद 17 अंक हैं, उसका नेट रन रेट 0.389 का है. अगले 2 मैच उसके दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के विरुद्ध है.

# योगी आदित्यनाथ के साथ काम करेंगे टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वैसे तो इन दिनों आईपीएल खेलने में बिजी हैं. लेकिन, इस बीच उन्हें लेकर एक बड़ी खबर आ रही है. ये खबर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनके काम करने को लेकर जुड़ी है. दाएं हाथ के अनुभवी भारतीय गेंदबाज ने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है. शमी ने अपने इंस्टाग्राम पर बताया कि वो उत्तर प्रदेश के आगे ले जाने की मुहिम का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं. अब सवाल है कि CM योगी आदित्यनाथ का काम क्या है, जिसमें मोहम्मद शमी उनका साथ देने और हाथ बंटाने को लेकर उत्साहित हैं. शमी के इंस्टा पोस्ट से जो पता चलता है, उसके मुताबिक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का जोर एक बेहतर समाज के निर्माण पर है. उन्होंने हर स्तर पर विकास और प्रगति की इच्छा जाहिर की है. CM योगी आदित्यनाथ की उसी मुहिम का हिस्सा अब मोहम्मद शमी भी बनना चाहते हैं. शमी ने कहा हम एक होकर काम करेंगे तो सपनों को साकार कर सकते हैं. मोहम्मद शमी से ह्लयोगी ने ये बातें तब शेयर की, जब वो उनसे मिलने पहुंचे थे. फिलहाल, तो मोहम्मद शमी आईपीएल 2025 में खेल रहे हैं, जहां वो सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं. मोहम्मद शमी और उनकी नई टीम सनराइजर्स, दोनों के लिए ये सीजन उतना अच्छा रहा नहीं. शमी ने इस सीजन अब तक खेले 9 मैचों में सिर्फ 6 विकेट हासिल किए हैं.

# भारत को हराने के लिए इस अंग्रेज ने दारू से कर ली तौबा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ सीरीज जीतने के लिए इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कड़ी मशक्कत शुरू कर दी है। इसके लिए वह स्व:नियंत्रण पर भी काम कर रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने दारू से तौबा कर लिया है।

दअसल, बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ सीरीज और एशेज के लिए फिट रहने के लिए फिटनेस के रास्ते पर चलना शुरू किया है। इसकी शुरुआत उन्होंने शराब से दूरी बनाकर की है। चोट के कारण बेन स्टोक्स को छोड़ने पड़े हैं कई मुकाबले बेन स्टोक्स ने 'शराब छोड़ दी' ताकि वह इंग्लैंड से खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हो सकें। बेन स्टोक्स को लगता है कि पिछली चोटों में उस रात की बड़ी भूमिका हो सकती है, जब उन्होंने साथियों के साथ शराब पी थी। इंग्लैंड के ऑलराउंडर ने दिसंबर 2024 में हैमस्ट्रिंग की सर्जरी कराई थी। अगस्त में 'द हंड्रेड' के दौरान भी उन्हें चोट लगी थी। इस कारण उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट से बाहर होना पड़ा।

बाद में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए भी वह पूरी तरह से फिट नहीं थे। हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट के दौरान उनकी चोट फिर से उभर आई।

### बेन स्टोक्स ने 2 जनवरी से नहीं पी शराब

इंग्लैंड का घरेलू सत्र जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट से शुरू होगा। इसके बाद भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की एक कठिन सीरीज होनी है। इंग्लैंड के घरेलू सत्र का समापन 6 महीने बाद एशेज सीरीज के साथ होता है। बेन स्टोक्स के हवाले से लिखा है कि उन्होंने 2 जनवरी से शराब नहीं पी है।

# आईपीएल में सबसे लंबे खिलाड़ी की एंट्री

## प्लेऑफ में पहुंचते ही आरसीबी ने चला मास्टरस्ट्रोक, बाबर आजम को 5 बार किया है आउट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** लो भइया आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में पहुंचे नहीं कि आरसीबी ने चल दिया मास्टर स्ट्रोक. टीम में ले आया उस खिलाड़ी को, जिसकी गिनती दुनिया के सबसे लंबे खिलाड़ियों में होती है. और, जिसका नाम है ब्लेसिंग मुजरबानी. 28 साल के मुजरबानी, जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज हैं और आरसीबी की ओर से आईपीएल 2025 का प्लेऑफ खेलने आए हैं.

आरसीबी ने उन्हें लुंगी एन्गिडी के रिप्लेसमेंट के तौर पर लिया है. ब्लेसिंग मुजरबानी की हाइट 6 फीट 8 इंच बताई जाती है. अब इस हिसाब से ये भी उतने ही लंबे हुए जितने कि मार्को यानसन. उनकी भी लंबाई 6 फीट 8 इंच है. इस तरह से ये दोनों मौजूदा क्रिकेट के दो सबसे लंबे खिलाड़ी हैं. आरसीबी में जिनकी एंट्री है वो ब्लेसिंग मुजरबानी हैं. यानी वो तेज गेंदबाज जिनके आगे क्रिकेट की पिच पर पाकिस्तान के सबसे बड़े बल्लेबाज बाबर आजम के भी पांव कांपते हैं.

### लुंगी एन्गिडी को रिप्लेस करेंगे मुजरबानी

खैर, मुजरबानी और बाबर आजम का किस्सा हम बताएंगे. पहले जरा ये जान लीजिए कि उन्होंने लुंगी एन्गिडी को रिप्लेस क्यों किया?ऐसा इसलिए क्योंकि डब्ल्यूटीसी फाइनल को देखते हुए साउथ अफ्रीका ने अपने सभी खिलाड़ियों को 26 मई तक आईपीएल से वापस बुलाया है. लुंगी एन्गिडी भी साउथ अफ्रीका के प्रमुख गेंदबाज हैं, जो कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस टीम का अहम चेहरा होंगे. हालांकि लुंगी एन्गिडी आरसीबी के लिए उसका अगला मैच खेलेंगे, जो कि 23 मैच को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बेंगलुरु में है. मतलब ये कि मुजरबानी अगले मैच में आरसीबी के लिए खेलते नहीं दिखेंगे. मगर उसके आगे आखिरी ग्रुप स्टेज मैच और फिर प्लेऑफ में मुजरबानी का फायदा उठा सकती है.

आइए अब आपको बताते हैं कि 6 फीट 8 इंच लंबे ब्लेसिंग मुजरबानी के आगे पाकिस्तान के सबसे बड़े बल्लेबाज बाबर आजम के पांव कैसे कांपते हैं. अभी तक मुजरबानी इंटरनेशनल क्रिकेट में बाबर को 5 बार आउट कर चुके है, जो कि उनके हावी होने का सबसे बड़ा सबूत है. इस दौरान बाबर आजम ने उनके खिलाफ 105 गेंदों में 106 रन 21. 20 की बेहद मामूली औसत से बनाए हैं.

# इंग्लैंड दौरे से पहले सख्त डाइट और ट्रेनिंग पर सरफराज खान,




### वजन में की भारी कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने खूब पसीना बहा रहे हैं और जमकर मेहनत कर रहे हैं। सरफराज फिट होने की राह पर हैं और सख्त डाइट प्लान के जरिए उन्होंने 10 किलो वजन भी घटाया है। एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी साझा की गई है। पिछले साल 2024 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले सरफराज ने एक भी विदेशी टेस्ट मैच नहीं खेला है। बल्लेबाज को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों के लिए इंडिया ए टीम में चुना गया है। इस बार उन्हें भी टीम में मौका मिले इसके लिए वह अपनी फिटनेस पर काम कर रहे है क्योंकि यही एक चीज में जिसे लेकर उन्हें अकसर आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। भारत ए को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच (30 मई-2 जून को कैंटरबरी में और 6-9 जून को नॉर्थम्प्टन में) और सीनियर इंडिया टेस्ट टीम के खिलाफ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच (13-16 जून को बेकेनहैम में) खेलना है।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच BCCI ने PCB को दिया बड़ा झटका

## एशिया कप खेलने से किया इनकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एशियाई क्रिकेट परिषद के सभी आयोजनों से फिलहाल दूरी बनाने का फैसला किया है।

सूचित किया है कि वह अगले महीने श्रीलंका में होने वाले वुमेंस इमर्जिंग टीमें एशिया कप और सितंबर में होने वाले पुरुष एशिया कप से हट रहा है। इससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को आर्थिक नुकसान हो सकता है। वर्तमान में ACC का नेतृत्व पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी कर रहे हैं, जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट को अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा है।

भारतीय टीम उस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकती, जिसका आयोजन एसीसी कर रही हो और जिसका प्रमुख एक पाकिस्तानी मंत्री हो। यह देश की भावना है। हमने एसीसी को मौखिक रूप से वुमेंस इमर्जिंग टीमें एशिया कप से हटने की जानकारी दे दी है, और भविष्य में उनके आयोजनों में हमारी भागीदारी भी फिलहाल रुकी हुई है। हम भारतीय सरकार के साथ लगातार संपर्क में हैं।

### क्या नहीं होगा एशिया कप का आयोजन?

इस रुख से सितंबर में भारत में होने वाले पुरुष एशिया कप पर सवालिया निशान लग गया है। इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीमें हिस्सा लेने वाली थीं, लेकिन अब इसे स्थगित किए जाने की संभावना है।

सूत्रों का कहना है कि बीसीसीआई को पता है कि भारत के बिना एशिया कप का आयोजन व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजनों के अधिकांश प्रायोजक भारत से हैं। इसके अलावा, भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बिना एशिया कप प्रसारकों के लिए आकर्षक नहीं होगा, जो इस टूर्नामेंट की वित्तीय सफलता का प्रमुख हिस्सा है।

2024 में एशिया कप के प्रसारण अधिकार सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने अगले आठ वर्षों के लिए 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर में हासिल किए थे। यदि इस बार टूर्नामेंट नहीं होता, तो इस सौदे पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है।.

CC के पांच पूर्ण सदस्य- भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान को प्रसारण राजस्व का 15 प्रतिशत हिस्सा मिलता है, जबकि बाकी राशि सहयोगी और संबद्ध सदस्यों में वितरित की जाती है।

### हर मोर्चे पर फिसड्डी साबित हुआ है पाकिस्तान

पिछले साल 2023 में भी एशिया कप भारत-पाकिस्तान स्थिति से प्रभावित हुआ था। पाकिस्तान द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में भारत ने सीमा पार करने से इनकार कर दिया था। बीसीसीआई ने सुनिश्चित किया कि भारत अपने मैच श्रीलंका में खेले। पीसीबी के लिए यह आयोजन निराशाजनक रहा, क्योंकि पाकिस्तान फाइनल में नहीं पहुंच सका और भारत ने कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ खिताबी मुकाबला जीता।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### सदर अस्पताल में 57 की जगह 27 चिकित्सक पर पूर्व जिप अध्यक्ष ने उठाया सवाल

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ छोटका बाबू ने औरंगाबाद शहर के सदर अस्पताल जिसे वर्तमान में मॉडल अस्पताल का दर्जा दिया गया है।उस अस्पताल के प्रमुख विभाग में चिकित्सकों की कमी के संबंध में बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को पत्र प्रेषित किया है। प्रेषित पत्र में कहा कि सदर अस्पताल में 57 चिकित्सकों की पदस्थापना है लेकिन 27 चिकित्सकों से ही काम चलाया जा रहा है जिसमें ई एन टी ,नेत्र विभाग,औंर्थो मैं चिकित्सकों की संख्या शून्य है। जबकि,पेडिएटिक में सात चिकित्सकों के पदस्थापना पर मात्र एक चिकित्सक कार्यरत हैं।बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान लोकार्पित सदर अस्पताल का जो लिफ्ट है अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जो औरंगाबाद जिले के लिए दुर्भाग्यपूर्ण पहलू को दर्शाता है। इन विषयों को ध्यान दिलाते हुए बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव से मांग किया है कि इन सारे बिंदुओं पर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें जिससे औरंगाबाद जिले की जनता को लाभ मिल सके।

### श्रद्धापूर्वक याद किये गये पूर्व उपायुक्त रामनरेश

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** समकालीन जवाबदेही परिवार एवं हिंदी साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को स्वर्गीय रामनरेश सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने की जबकि संचालन पूर्व पुलिस अधिकारी सिहेंश सिंह ने किया। गौरतलब है कि रामनरेश बाबू कुटुंबा प्रखंड के मुड़िला गांव के मूल निवासी थे।कृषक पृष्ठभूमि से आने वाले स्वर्गीय सिंह वाणिज्य कर उपायुक्त पद से 1986 में सेवानिवृत हुए थे। उन्होंने करीब 96 वर्ष की अपनी सुदीर्घ जिंदगी में कई उल्लेखनीय कार्य किए।वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक सलंग्नता के साथ ही वे प्रकृति प्रेमी थे।गौ सेवा के प्रति भी उनका अप्रतिम लगाव था। साहित्य सेवी डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि वस्तुतः वे संस्मरणों की चलती-फिरती एक मजेदार किताब की तरह थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में कतरास हाई स्कूल में माला पहनाया था।स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी यादों को वे प्रायः साझा किया करते थे।प्रोफेसर शिवपूजन बाबू एवं राम सुरेश सिंह ने कहा कि विस्तृत भूभाग में फैले उनके हरे भरे बगीचे को देख कर ही प्रकृति प्रेम का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। कई तरह के फलदार वृक्ष, इमारती लकड़ियों वाले वृक्ष, फूल उनके बगीचे की आज भी शोभा बढ़ा रहे हैं।

### 25 हजार रुपए का इनामी टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक टॉप-10 अपराधकर्मी को धर दबोचा है। गिरफ्तार अपराधी पर 25,000 का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक अहम सफलता के रूप में देखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद जिले के वांछित अपराधियों में शामिल यह इनामी बदमाश कई गंभीर मामलों जैसे लूट, रंगदारी, हथियारबंदी और गोलीबारी की घटनाओं में शामिल रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर इसे पकड़ा। गिरफ्तारी के दौरान अपराधी से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और मोबाइल भी बरामद किए गए हैं, जिससे उसके आपराधिक नेटवर्क के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार अपराधी का नाम पहले से ही जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में दर्ज था और इस पर औरंगाबाद के अलावा आसपास के जिलों में भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं।

लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री-सह-औरंगाबाद जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

# महिलाओं को राशन कार्ड, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, डीआरसीसी, छात्रवृत्ति एवं विधवा पेंशन की दी गयी जानकारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को सम्राट अशोक भवन, औरंगाबाद में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री-सह-औरंगाबाद जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने की। बैठक का उद्देश्य जिले के विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और उनमें आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश देना था।

बैठक की शुरुआत जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रभारी मंत्री का पौधा भेंट कर स्वागत कर किया। इसके बाद काराकट सांसद राजाराम सिंह, सदर विधायक आनंद शंकर सिंह, नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, गोह विधायक भीम यादव, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अशोक सिंह समेत समिति के अन्य सदस्यों और जनप्रतिनिधियों का स्वागत पौधारोपण के माध्यम से किया गया।



### समग्र सेवा अभियान से हजारों लाभांवित

डीआरडीए निदेशक ने डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान की प्रगति से अवगत कराया। बताया गया कि अब तक जिले में 51491 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 40036 का निष्पादन हो चुका है। यह प्रदर्शन राज्य में दूसरा स्थान रखता है। शिविरों का आयोजन अनुसूचित जाति-जनजाति टोलों में हर बुधवार और शनिवार को किया जा रहा है।

### महिला संवाद कार्यक्रम बना प्रेरणा का स्रोत

बैठक में जिलाधिकारी ने महिला संवाद कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के 729 स्थानों पर अब तक संवाद कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। इसमें 20208 आकांक्षाएं सामने आईं, जिनमें से 12000 का समाधान हो चुका है। शेष को संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। संवाद के माध्यम से महिलाओं को सरकार की योजनाओं जैसे राशन कार्ड, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, डीआरसीसी, छात्रवृत्ति, विधवा पेंशन आदि की जानकारी एलईडी रथ के माध्यम से दी जा रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 91 स्कूल भूमि विहीन हैं। इनमें से 63 को टैग कर और 25 को मर्ज कर संचालन किया जा रहा है। उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने मदनपुर के दो स्कूलों में भवन निर्माण अधूरा होने का मामला उठाया। विधायक विजय सिंह ने नवीनगर और बारुण के विद्यालयों की समस्याओं को सामने रखा। प्रभारी मंत्री ने सभी स्कूलों की समस्याओं पर कार्रवाई हेतु निर्देश दिए।

### शहरी विकास और जल आपूर्ति पर ध्यान

नगर विकास पदाधिकारी ने बताया कि बुडको द्वारा नल-जल योजना लागू की जा रही है और 6 सार्वजनिक शौचालय कार्यरत हैं। विधायक ने बुडको के गैरमौजूदगी की शिकायत की और जिले में इसका कार्यालय खोलने की मांग की।

पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सोलर लाइट योजना के अंतर्गत जिले में 11566 सोलर लाइट लगाई गई हैं। 60 पंचायत सरकार भवन बन चुके हैं और 176 का कार्य भवन निर्माण विभाग के अधीन है। मदनपुर में नक्सली हमला झेल चुके पंचायत भवन की मरम्मति का निर्देश भी दिया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय और निजी पहल में कुल 5 लाख पौधे लगाए गए हैं। सदर विधायक ने मंजुरखा और रायपुरा में जैव विविधता पार्क बनाने का प्रस्ताव दिया।

सिविल सर्जन ने बताया कि सभी अस्पतालों में दवाएं, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एंटी वेनम इंजेक्शन की व्यवस्था है। नबीनगर विधायक ने रेफरल अस्पताल के साथ आवास निर्माण और ओबरा अस्पताल में स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाया। सदर विधायक ने सदर अस्पताल में एंबुलेंस ड्राइवर की कमी और देव में प्रभारी अधिकारी की अनुपस्थिति का विषय रखा।

### बिजली विभाग के बिल से ग्रामीण परेशान

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक बिजली बिल आने की शिकायत प्रमुखता से उठी। प्रभारी मंत्री ने बिजली विभाग को कैंप लगाकर समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। बैठक में सभी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं ने अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए। समिति के सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। अंत में जिलाधिकारी ने मंत्री संतोष सुमन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्रवाई संपन्न की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, डीटीओ शैलेश कुमार, एसडीओ संतन कुमार सिंह, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, रत्ना प्रियदर्शिनी (जिला जनसंपर्क पदाधिकारी), सिविल सर्जन समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 279 लीटर देशी शराब और तीन बाइक के साथ गिरफ्तार

औरंगाबाद (एसवीवी सं). । औरंगाबाद पुलिस ने आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को देखते हुए अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अम्बा, माली, बारुण एवं ओबरा थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान चलाकर कुल 279 लीटर देशी शराब बरामद की गई है। इसके साथ ही तीन मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं और छह आरोपितों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इन चारों थाना क्षेत्रों में चलाए गए समन्वित अभियान में शराब तस्करों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और यह जानने की कोशिश की जा रही है कि इनके तार किन-किन अन्य लोगों से जुड़े हैं। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इतनी मात्रा में शराब की आपूर्ति कहां से की जा रही थी और इसका वितरण किन क्षेत्रों में होना था। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध शराब के धंधे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए सभी थानों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर नजर रखें और त्वरित कार्रवाई करें।

## बीआरबीसीएल टाउनशिप स्थित श्री श्री अकादमी के विद्यार्थियों का 10वीं में रहा शानदार प्रदर्शन

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)




बीआरबीसीएल टाउनशिप में स्थित श्री श्री अकादमी के विद्यार्थियों ने वर्ष 2025 के सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने न सिर्फ उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए, बल्कि क्षेत्र के अन्य सभी विद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए श्री श्री अकादमी को प्रथम स्थान दिलाया। विद्यालय की 10वीं कक्षा में कुबेर कुमार सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में पहला स्थान हासिल किया। वहीं अवनीश कुमार ने 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरा तथा शाम्भवी भारती ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रफुल्ल कुमार ने 90.4 प्रतिशत और उत्सव राज सिंह ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर अपनी जगह बनाई। सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि कक्षा के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी (फर्स्ट डिवीजन) में सफल हुए, जिससे विद्यालय का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा।

विद्यालय की इस उपलब्धि पर बीआरबीसीएल के अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अनिरुद्ध सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य और सभी शिक्षकों को भी इस उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस सफलता ने श्री श्री अकादमी को क्षेत्र का अग्रणी विद्यालय बना दिया है और भविष्य में भी इसी प्रकार के शैक्षणिक स्तर को बनाए रखने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## भीषण गर्मी, लू, सुखाड़ एवं संभावित बाढ़ से बचाव को लेकर जिला स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



गर्मी, लू, सुखाड़ आ संभावित बाढ़ जइसन आपदाजनक परिस्थितियन से निपटे खातिर जिला प्रशासन तैयार हो चुकल बा। आज दिनांक 19 मई 2025 के समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित कइल गइल, जवन भीषण गर्मी, लू, संभावित बाढ़ आ सुखाड़ से बचाव आ राहत कार्य पर केन्द्रित रहल। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा साफ तौर पर कहल गइल कि राज्य सरकार द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के सख्ती से अनुपालन जरूरी बा। सब विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि किसी भी तरह के जनहानि के संभावना न रहे। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश दिहल गइल कि जिला के सब सरकारी अस्पतालन में ओआरएस घोल, जरूरी दवाइयां, बिछावन, कूलर आ चिकित्सकन के उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित होखे। लू से प्रभावित के इलाज में कौनो कोताही बर्दाश्त न कइल जाई।

नगर परिषद, नगर पंचायत आ पीएचईडी विभाग के आदेश दिहल गइल कि शहर आ गांव के हर इलाका में शुद्ध पेयजल के आपूर्ति सुनिश्चित होखे। खराब चापाकलन के जल्द से जल्द मरम्मत करावल जाए, टैंकर से जल आपूर्ति, वाटर एटीएम आ पब्लिक पे-आउट सिस्टम के दुरुस्त कइल जाए। जरूरत पर नया चापाकल भी लगावल जाए। पशुपालन आ मत्स्य विभाग के निर्देशित कइल गइल कि मवेशियन खातिर दवाइयां उपलब्ध राखल जाए आ पेयजल के भी समुचित प्रबंध होखे, खासकर ग्रामीण इलाकन में जवन इलाका गर्मी आ सुखाड़ से सबसे बेसी प्रभावित हो सकेला। सब प्रखंड विकास पदाधिकारी आ अंचलाधिकारी के निर्देश दिहल गइल कि आगलगी जइसन आपदा के स्थिति में तुरंत मुआवजा भुगतान, राहत सामग्री आ राशन के उपलब्धता सुनिश्चित होखे। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन शाखा के अपर समाहर्ता उपेंद्र पंडित, सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह, आपदा शाखा की सहायक प्रभारी अंतरा कुमारी, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, डीपीओ (आईसीडीएस) विनीता कुमारी समेत सब संबंधित विभागन के अधिकारी, नगर परिषद, प्रखंड आ अंचल स्तर के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिहलें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिला वासियों से अपील कइल गइल कि वे इस आपदा के समय सतर्क रहें, सरकारी निर्देशों के पालन करें आ किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें। जिला प्रशासन हर समय आपदा राहत और बचाव के कार्य खातिर तत्पर बा।

## पुलिस कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को औरंगाबाद पुलिस कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-1) के द्वारा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर दरबार में पहुंचे। जनता दरबार के दौरान पुलिस उपाधीक्षक ने सभी आवेदकों की बातों को गंभीरता से सुना और उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि हर एक समस्या का निष्पक्ष रूप से समाधान किया जाएगा। जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता थी, उन्हें चिन्हित कर संबंधित थाना प्रभारी को त्वरित रूप से निर्देश जारी किए गए। जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को न्याय दिलाना और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास को सशक्त बनाना है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह ऐसे जनता दरबार आयोजित कर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई कर निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि जनता को समय पर न्याय मिल सके। इस मौके पर अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। जनता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रशासन और आमजन के बीच की दूरी कम होगी और लोगों को राहत मिलेगी।

## मोबाइल कवर बेचने वाले युवक का संदिग्ध हालात में मिला शव

निज संवाददाता | औरंगाबाद



सोमवार को शहर के नागा बिगहा रोड, वार्ड नंबर पांच से सामने आया, जहां एक युवक का शव दो दिन तक कमरे में लटका रहा और बदबू आने पर घटना का खुलासा हुआ। मृतक की पहचान मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना अंतर्गत बेरी टोले बरई बिगहा गांव निवासी प्रेम चौरसिया के पुत्र दीपू कुमार उर्फ छोटू (उम्र लगभग 25 वर्ष) के रूप में हुई है। दीपू शहर में रहकर मोबाइल कवर बेचने का काम करता था और किराए के कमरे में अकेले रहता था। परिजनों के अनुसार दीपू बीते दो दिनों से किसी का फोन नहीं उठा रहा था। रविवार 18 मई को उसके पिता प्रेम चौरसिया ने भाजपा नेता एवं जिला पार्षद प्रफुल्ल सिंह को कॉल कर दीपू के हालचाल की जानकारी लेनी चाही। जब प्रफुल्ल सिंह दीपू के कमरे पर पहुंचे तो बाइक बाहर खड़ी थी और दरवाजा अंदर से बंद था, जिस पर उन्होंने सोचा कि दीपू सो रहा होगा। लेकिन जब अगले दिन यानी सोमवार सुबह तक भी दीपू का फोन नहीं उठा, तो प्रफुल्ल सिंह ने अपने बेटे व ड्राइवर को कमरे पर भेजा। ड्राइवर जब छत से कूदकर कमरे के अंदर पहुंचा, तो देखा कि दीपू फांसी के फंदे से लटका हुआ है और कमरे से तेज दुर्गंध आ रही है। यह दृश्य देखकर ड्राइवर चिल्लाया, जिससे आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और दीपू के परिजन मौके पर पहुंचे। शव को फंदे से उतारकर पंचनामा की कार्रवाई की गई और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

दीपू के पिता प्रेम चौरसिया ने बताया कि वे 16 मई को दीपू से मिलने आए थे। उस दिन दीपू ने धूप अधिक होने की बात कहकर दुकान नहीं खोली थी और कहा था कि शाम में दुकान खोलेगा। लेकिन उसी रात के बाद से उसका फोन बंद आ रहा था। दो दिन तक लगातार फोन करने के बावजूद जवाब नहीं मिलने पर चिंता बढ़ गई और भाजपा नेता से संपर्क कर स्थिति की जानकारी ली।

### धार्मिक कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा शहर

रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.स.)। रफीगंज थाना गली स्थित नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापित के लिए श्री शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुभारंभ किया गया। सोमवार को काशी के आचार्य आचार्य राजेश मिश्रा, गिरीराम त्रिवेदी, अंगद पाण्डेय, अमित पुरोहित, धर्मेंद्र पाण्डेय, सुनील चौबे, नरेश शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, देवताओं का आह्वान एवं प्रतिमा का कर्म कुटी किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा रफीगंज शहर गूंज रहा है। आयोजक राजु गुप्ता ने बताया कि खड़ेश्वरी बाबा के बाबा के तत्वाधान में यज्ञ का शुभारंभ किया गया। जो 18 मई से प्रारंभ होकर 23 तक चलेगी। यज्ञ के यजमान दूर्गा प्रसाद, पिकी देवी, अजीत उर्फ बिच्छा , रीता देवी, अजय गुप्ता, रिकी गुप्ता , शिवनंदन प्रसाद, शीला देवी, मुना कुमार, ममता कुमारी है। यज्ञ के दौरान प्रत्येक दिन शाम में प्रवचन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। पवन शौडिक, अशोक प्रसाद, संतोष बाढो, चंदन सोनार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ करू प्रसाद, रोहन गुप्ता, रोहित गुप्ता, अजीत कुमार, सूरज कुमार, साजन कुमार , दुर्गा साहू, भोली प्रसाद, कृष्णा कुमार, मयंक, किशु गुप्ता, दीपू गुप्ता, सूरज कुमार, सनी राज मानस , चंदेश्वर भगत, पिकी राखी, गीता,सुमित, प्रकाश, सोनू , राहूल,अंकित, सचिन, संजय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

परिसीमन सुधार के लिए देशव्यापी आंदोलन

## बिहार में महारैली का होगा आयोजन भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करेंगे



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि परिसीमन में सुधार को लेकर रालोमो देशभर में आंदोलन करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने इस मुद्दे को जन आंदोलन बनाने का निर्णय लिया है। पार्टी 25 मई को विक्रमगंज और 8 जून को मुजफ्फरपुर में 'संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली' करेगी। बिहार के अन्य जिलों में भी ऐसे आयोजन होंगे।

परिसीमन नहीं होने से अनुसूचित जाति, जनजाति और प्रस्तावित 33% महिला आरक्षण को भी नुकसान हो रहा है। इससे उनका संसद में प्रतिनिधित्व घटेगा। पार्टी इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करेगी। उपेंद्र कुशवाहा का साफ संदेश है यह लड़ाई हर घर तक पहुंचाई जाएगी। बिहार और उत्तर भारत के लोगों को उनका राजनीतिक अधिकार दिलाना ही पार्टी का लक्ष्य है।

भारत में 2026 में परिसीमन होना है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 82 हर जनगणना के बाद परिसीमन आयोग के गठन और लोकसभा सीटों के पुनर्निर्धारण का अधिकार देता है। अनुच्छेद 170 राज्यों की विधानसभा सीटों की सीमा और संख्या तय करता है। अब तक 1951, 1961 और 1971 की जनगणना के आधार पर ही लोकसभा सीटों का निर्धारण हुआ है। 1976 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान 42वें संविधान संशोधन के जरिए परिसीमन को 25 वर्षों के लिए फ्रीज कर दिया था। बाद में इसे और 25 वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया।

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ शुरू पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया भाग

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

देव प्रखंड अंतर्गत सटवट गांव में इन दिनों धार्मिक वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय बना हुआ है। यहां भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। सुबह मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद लगभग 2500 श्रद्धालुओं ने कलश उठाया, जबकि पूरी यात्रा में 5000 से अधिक महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी श्रद्धालु यज्ञ मंडप से 8 किलोमीटर दूर देव नगर स्थित ऐतिहासिक सूर्यकुंड तालाब तक पैदल यात्रा करते हुए पहुंचे, जहां वैदिक विधि-विधान के साथ आचार्य ने गंगा



पूजन कर श्रद्धालुओं के कलश में जल भरवाया। इस दौरान 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। श्रद्धालु माथे पर कलश लेकर वापस यज्ञ मंडप पहुंचे, जहां सभी कलशों को विधिवत स्थापित कर पूजन कराया गया। आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह और पूर्व पैक्स अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि यह महायज्ञ भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कराया जा रहा है, जिसका समापन 25 मई 2025 को होगा। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम 5 बजे से देर रात तक प्रवचन होगा। सोमवार की रात वृंदावन से पधारी साध्वी सत्यार्चा रामकथा कहेंगी। वहीं मंगलवार से चित्रकूट के निरंजनी अखाड़ा पीठाधीश्वर पूज्य स्वामी कैलाशानंद गिरि कथा वाचन करेंगे। इसके साथ ही हर सुबह सुंदरकांड का पाठ भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें काशी (बनारस) से आए विद्वान पुरोहित पूजन करवाएंगे। इस प्राण प्रतिष्ठा के लिए गांव में एक नई भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और नंदी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह मंदिर ग्रामीणों के सहयोग से 9 महीनों में तैयार हुआ, जिसमें लोगों ने आर्थिक और शारीरिक दोनों रूप से भरपूर सहयोग दिया। पूरे कार्यक्रम में गांव के लोगों का योगदान सराहनीय रहा। कलश यात्रा में भाजपा नेता अनिल सिंह, राजद नेता ई. सुबोध कुमार सिंह समेत कई अन्य सामाजिक और राजनीतिक चेहरे उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने बहु को पीटा, आईसीयू में 10 दिन भर्ती रहने के बाद मौत

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

जिले के रफीगंज प्रखंड से सामने आई है, जहां दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने 20 वर्षीय नवविवाहिता दुर्गावती कुमारी की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल दुर्गावती को इलाज के लिए गया स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह 10 दिनों तक आईसीयू में जिंदगी और मौत से जूझती रही। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जब परिजन उसे घर ला रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के भदवा बाजार के पास स्थित हरिहरगंज गांव की है। मृतका की पहचान जनेश्वर राम के पुत्र सुजीत राम की पत्नी दुर्गावती कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी 25 अप्रैल 2024 को हिन्दू रीति-रिवाज से की गई थी। शादी में मायकेवालों ने मोटरसाइकिल, फ्रिज, कूलर समेत कई उपहार दिए थे, फिर भी ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था।

मृतका के भाई रामनाथ राम, जो जम्होर थाना क्षेत्र के धनगाई गांव के निवासी हैं, ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के कुछ ही महीनों बाद बहनोई सुजीत राम ने 20 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी और बहन को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। जब मांग पूरी नहीं हुई, तो ससुरालियों ने दुर्गावती की बुरी तरह पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया।

परिजन जब सूचना पर हरिहरगंज पहुंचे, तो दुर्गावती की हालत बेहद गंभीर थी। उसे तुरंत इलाज के लिए गयाजी अस्पताल ले जाया गया, जहां वह लगातार 10 दिनों तक आईसीयू में भर्ती रही। डॉक्टरों ने जब उसे छुट्टी दी, तब भाई उसे घर ला रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

प्राथमिकी में मृतका के पति सुजीत राम के अलावा भैसुर उदित राम, देवर संजीत राम, गोतनी अंजलि कुमारी और अनिल राम को नामजद आरोपी बनाया गया है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। शव को ससुराल पक्ष को सौंप दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई की उम्मीद है।